RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 94
नई दिल्ली, बुधवार, 9 फरवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



रणजी ट्रॉफी के लिए पुजारा सौराष्ट्र की टीम में
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# कर्नाटक में हिजाब का मुद्दा गर्माया, स्कूल-कॉलेज बंद

- मुख्यमंत्री बोम्मई की सभी से शांति बनाए रखने व उकसावे वाले बयानों से बचने की अपील
- हाईकोर्ट में आज भी होगी सुनवाई, एहतियाती तौर पर तीन दिन नहीं खुलेंगे शिक्षण संस्थान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कर्नाटक** में हिजाब विवाद गहरा गया है। राज्य में एहतियाती तौर पर तीन दिन के लिए स्कूल कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने मंगलवार को सभी लोगों से उकसावे वाले बयान देकर तनाव न बढ़ाने और उच्च न्यायालय के आदेश का इंतजार करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पोशाक संबंधी नियमों पर कानून के अनुसार चलेगी और अदालत में भी यही रुख रखा गया है। इसलिए न्यायपालिका के फैसले का इंतजार करिए। अदालत जो भी कहेगी, हम उसका पालन करेंगे। उडुपी, शिवमोगा, बागलकोट और राज्य के अन्य हिस्सों में कुछ शैक्षणिक संस्थानों में मंगलवार को हिजाब के समर्थन और विरोध में जबरदस्त प्रदर्शन हुए। मंडिया के कॉलेज में बुर्का पहने अकेली लड़की को घेरकर जय श्रीराम के नारे लगाकर परेशान करने का वीडिया मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कई कॉलेजों में हिजाब पहने लड़कियां और भगवा गमछा पहने छात्र आमने-सामने प्रदर्शन करते रहे। इससे तनाव व्याप्त हो गया और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तथा प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा। पोशाक संबंधी नियमों को लेकर प्रदर्शन एक स्कूल में शुरू हुआ और अन्य जिलों तक फैल गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्नाटक सरकार ने कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए अगले तीन दिनों तक राज्य में उच्च विद्यालयों तथा कॉलेजों में अवकाश घोषित किया है। पत्रकारों के सवालों का यहां जवाब देते हुए बोम्मई ने कहा कि कुछ स्थानों पर परेशानी हुई है। वह छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील करते हैं और किसी भी तरह के संघर्ष का कोई स्थान नहीं है। ( शेष पेज 9 )



मुस्लिम छात्राओं के हिजाब पहनने की जिद के विरोध में चिकमंगलूर में हुए प्रदर्शन

## शरारती तत्व देना चाहते हैं मुद्दे को तूलः हाई कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** उच्च न्यायालय ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में बढ़ते हिजाब विवाद के बीच मंगलवार को विद्यार्थियों और आम लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाये रखने की अपील की हैं। तटीय शहर उडुपी में सरकारी प्री-यूनिवर्सिटी महिला कॉलेज में पढ़ने वाली कुछ छात्राओं की ओर से दायर याचिका की सुनवाई के बाद अदालत ने कहा कि इस पर बुधवार को आगे सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति कृष्णा एस. दीक्षित की एकल पीठ ने कहा कि अदालत को समग्र जनता की बुद्धिमता और सदाचार पर पूरा भरोसा है और उम्मीद है कि इसे व्यवहार में भी अपनाया जाएगा। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से यह घोषित करने का अनुरोध किया है कि कॉलेज परिसर में इस्लामिक प्रथा के तहत हिजाब पहनने सहित जरूरी धार्मिक प्रथाओं को अपनाना उनका मौलिक अधिकार है।

# कांग्रेस शहरी नक्सलियों के कब्जे में: प्रधानमंत्री

- कहा, लोकतंत्र को परिवारवादी पार्टियों से खतरा

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए मंगलवार को उसे आपातकाल, सिख विरोधी दंगों और कश्मीरी पंडितों के पलायन के लिए जिम्मेदार ठहराया और कहा कि लोकतंत्र को सबसे बड़ा खतरा परिवारवादी पार्टियों से है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक तरह से शहरी (अर्बन) नक्सलियों के कब्जे में है और वे उसके विचारों एवं विचारधारा को नियंत्रित कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने विपक्षी पार्टी को सुझाव दिया कि वह अपना नाम इंडियन नेशनल कांग्रेस से बदलकर फेडरेशन ऑफ कांग्रेस कर ले। प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना उनकी इस बात पर प्रहार करते हुए कही कि भारत राष्ट्र नहीं है और यह राज्यों का संघ है। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए मोदी ने अपनी सरकार की विभिन्न उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया और कांग्रेस पर देश के विकास में रोड़े अटकाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद भारत एकमात्र अर्थव्यवस्था है, जहां विकास की दर ऊंची और महंगाई की दर मध्यम है। कोरोना काल में 80 करोड़ से भी



अधिक देशवासियों को मुफ्त राशन दिए जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि जब तक महामारी का दौर रहेगा, सरकार गरीबों की रक्षा करती रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कांग्रेस एक तरह से शहरी नक्सलियों के कब्जे में है। इसलिए इसके विचार नकारात्मक होते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के भाषण के बाद राज्यसभा ने धन्यवाद प्रस्ताव पर विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को खारिज करते हुए इसे ध्वनि मत से पारित किया। इससे पूर्व प्रधानमंत्री की बातों का कांग्रेस ने कड़ा प्रतिकार किया और सदन से वाक आउट कर गए।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि देश में आपातकाल थोपने वालों को और लोकतंत्र का गला घोटने वालों को लोकतंत्र पर उपदेश देने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, भारत लोकतंत्र की जननी है और दुनिया में इसकी चर्चा होती है लेकिन कांग्रेस की कठिनाई है कि परिवारवाद के आगे उन्होंने कुछ सोचा ही नहीं...भारत के लोकतंत्र को सबसे बड़ा खतरा परिवारवादी पार्टियों से है, यह मानना पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब किसी पार्टी में कोई एक परिवार सर्वोपरि हो जाता है तो इसका सबसे पहला नुकसान प्रतिभा को होती है। प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से अपने-अपने राजनीतिक संगठनों में लोकतांत्रिक आदर्शों व मूल्यों को विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की सबसे पुरानी पार्टी के रूप में कांग्रेस को तो इसकी जिम्मेवारी जरूर उठानी चाहिए। ( शेष पेज 9 )

## संसद में झूठ बोल रहे हैं मोदी हमसे डरते हैं: राहुल गांधी

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रहार पर पलटवार करते हुए उन पर संसद में झूठ बोलने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह कांग्रेस से डरते हैं तथा अपनी नाकामी छिपाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का नाम ले रहे हैं। विपक्षी पार्टी ने यह दावा भी किया कि कांग्रेस के होने के कारण आज देश का संविधान है और इसीलिए कभी दो सांसदों वाली पार्टी रही भाजपा सत्ता तक पहुंच गई। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, वह कांग्रेस से डरते हैं, उन्हें घबराहट है क्योंकि कांग्रेस सच्चाई बोलती है। उनका पूरा मार्केटिंग का धंधा है, उनके रिश्ते हैं, उनके मित्र हैं, झूठ फैलाया हुआ है। ऐसे में उनके अंदर डर तो होगा ही। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री का पूरा भाषण कांग्रेस के बारे में, जवाहरलाल नेहरू के बारे में था। मगर भाजपा ने जो किया उसके बारे में प्रधानमंत्री ने कुछ नहीं बोला। कुछ न कुछ तो है, कोई न कोई डर तो है। उनके मुताबिक, मैंने तीन चीजे कहीं थीं। पहली बात यह कि दो हिंदुस्तान बनाए जा रहे हैं जिनमें से एक करोड़ों लोगों का है और दूसरा कुछ अमीर लोगों के लिए है। दूसरी बात मैंने कही थी कि एक के बाद हमारी सब संस्थाओं पर कब्जा किया जा रहा है जिससे देश का नुकसान हो रहा है। तीसरी बात यह कही थी कि प्रधानमंत्री जी की दिवालिया विदेश नीति के चलते चीन और पाकिस्तान एक हो गए हैं हैं जो देश के लिए बहुत खतरनाक चीज है। प्रधानमंत्री ने इन तीनों बातों का जवाब नहीं दिया।



## सुप्रीम कोर्ट से आजम खान को नहीं मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आज़म खान को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत देने से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी.आर. गवई की पीठ ने, हालांकि खान को संबंधित अदालत का दरवाजा खटखटाने और जमानत याचिकाओं के शीघ्र निपटान के लिए अनुरोध करने की इजाज़त दी। पीठ ने कहा, आप जमानत हासिल करने के लिए 32 याचिकाएं कैसे दायर कर सकते हैं? राजनीति को अदालत में ना लाएं। खान की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उनके खिलाफ 87 प्राथमिकी दर्ज हैं, जिनमें से 84 मामलों में उन्हें जमानत मिल गई है। उन्होंने खान की ओर से कहा, मैं बिना वजह जेल में बंद हूं। आप ही बताएं मैं कहां जाऊं। मैं अदालत में राजनीति नहीं ला रहा हूं। सिब्बल ने कहा कि लगातार अनुरोध के बावजूद पिछले तीन-चार महीने से जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं की गई। ( शेष पेज 9 )

## जेएनयू वीसी की नियुक्ति पर वरुण गांधी ने उठाए सवाल

- पंडित के बयान पर बोले भाजपा सांसद- यह अज्ञानता युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर देगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जवाहरलाल** नेहरू विश्वविद्यालय की नई वीसी शांतिश्री धूलिपुडी पंडित की नियुक्ति पर भाजपा सांसद वरुण गांधी ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की औसत दर्जे की नियुक्तियां हमारी मानव पूंजी और युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाती हैं। विश्वविद्यालय की कुलपति का पदभार संभालने के बाद पंडित के बयान को वरुण ने ट्विटर पर साझा किया और कहा कि यह अज्ञानता का प्रदर्शन है। जेएनयू वीसी का पदभार संभालने के फौरन बाद पंडित ने प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री को धन्यवाद देते हुए बयान जारी किया था। वीसी के इसी बयान पर वरुण ने सवाल उठाए और कहा कि जेएनयू की नई वीसी का बयान अज्ञानता का प्रदर्शन है, जिसमें व्याकरण संबंधी अशुद्धियों की भरमार है। इस तरह की औसत दर्जे की नियुक्तियां हमारी मानव पूंजी और हमारे युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाती हैं। विश्वविद्यालय को सही मूल्यों एवं अनुशासन वाले नेतृत्व की जरूरत है, न कि उन लोगों की, जो नियुक्ति के संबंध में अपने पहले बयान पर वाजिब बुनियादी मेहनत भी नहीं कर सकते। जेएनयू जैसे महान संस्थान को सहानुभूतिपूर्ण, संवेदनशील और सतर्क संचालक की जरूरत है, न कि ऐसे बड़बोले संचालक की, जिसे अपनी वाणी पर नियंत्रण न हो। वरुण गांधी ने कहा कि चयन का पैमाना रीट्वीट नहीं, बल्कि अकादमिक साख और पूर्व का अनुभव होना चाहिए। उनका इशारा पंडित के नाम वाले एक असत्यापित ट्विटर हैंडल से जारी कुछ विवादास्पद ट्वीट की तरफ था। इस हैंडल को बाद में हटा दिया गया था। केंद्र सरकार ने पंडित को जेएनयू की नई कुलपति नियुक्त किया है।

## पहले चरण का प्रचार थमा, मतदान कल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी विधानसभा** चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के लिए प्रचार का शोर थम गया है। पश्चिमी यूपी और ब्रज क्षेत्र के 11 जिलों की 58 सीटों पर गुरुवार 10 फरवरी को मतदान होगा। बुधवार को पोलिंग पार्टियां बूथों के लिए रवाना हो जाएंगी। पश्चिमी यूपी के 11 जिलों की इन सीटों के लिए 623 उम्मीदवार मैदान में हैं। यूपी में पहले चरण के 11 जिलों की 58 विधानसभा सीटों के लिए 21 जनवरी तक नामांकन हुआ। इनमें नौ सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था के भी कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। अतिरिक्त सतर्कता बरते जाने के साथ ही शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश हैं। पहले चरण में शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा और आगरा में वोटिंग होनी है। 2.27 करोड़ मतदाता इस चरण में वोटिंग करेंगे। दस फरवरी को सुबह छह बजे से मतदान शुरू हो जाएगा। ( शेष पेज 9 )

# भाजपा-सपा ने खोला वादों का पिटारा

- सिंचाई के लिए किसानों को दी जाएगी मुफ्त बिजली
- उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को होली-दीपावली पर मुफ्त दो सिलेंडर
- 60 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को मुफ्त परिवहन सुविधा
- मेधावी स्नातक छात्राओं को मिलेगी मुफ्त स्कूटी
- दो करोड़ टैबलेट अथवा स्मार्ट फोन का होगा वितरण
- लव जिहाद पर दस साल की सजा, एक लाख जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** सभा चुनाव के लिए बीजेपी ने मंगलवार को अपना लोक कल्याण संकल्प पत्र जारी कर दिया। संकल्प पत्र में पार्टी ने किसानों, ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं के लिए बड़ी योजनाओं का ऐलान किया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में जहां मजबूत कानून व्यवस्था को आगे बढ़ाने पर जोर दिया है वहीं सांस्कृतिक धरोहरों और पर्यटन के विकास को भी प्रमुखता दी है। उद्योग और रोजगार के अवसरों के साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई सुविधाओं,



तकनीक के संकेत भी दिए हैं। गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में पार्टी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में संकल्प पत्र जारी किया।

संकल्प पत्र के विमोचन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा अगले 5 वर्ष में लोगों के जीवन मे परिवर्तन को लेकर संकल्प पत्र जारी कर रही है। पिछले संकल्प पत्र की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमने जो कहा था वह करके दिखाया है। आगे भी जो कहेंगे वो करके दिखाएंगे। 5 वर्ष पहले भी बीजेपी ने संकल्प पत्र इसी सभा कक्ष में रखा था। आज कानून का राज है। बेटियां सुरक्षित हैं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए सीएम ने कहा कि 2017 से पहले 700 दंगे हुए थे। ( शेष पेज 9 )



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी ने मंगलवार को अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया। सपा ने अपने घोषणा पत्र में महिलाओं को सरकारी नौकरी में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही आईटी के क्षेत्र में 22 लाख लोगों को रोजगार देने की घोषणा की। समाजवादी वचन पत्र के नाम से जारी घोषणा पत्र के माध्यम से सपा मुखिया अखिलेश यादव ने 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त करने, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने तथा इंटर पास छात्रों को लैपटॉप व 12वीं पास के उपरांत लड़कियों को 36000 रुपए देने का वादा किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वर्ष 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए जारी चुनाव घोषणा पत्र को सत्य वचन और अटूट वादा की संज्ञा भी दी है। समाजवादी वचन पत्र जारी करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश बदलाव की ओर देख रहा है। एक नया सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन लाने के लिए और वचन पत्र को पूर्ण कर उत्तर प्रदेश को देश में अग्रणी बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी वचन पत्र सत्य और अटूट है। समाजवादी पार्टी ने हमेशा अपने वादों को पूरा किया है। समाजवादी पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी वचन पत्र ( शेष पेज 9 )

- महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण
- आईटी क्षेत्र में 22 लाख युवाओं को रोजगार
- 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त
- पुरानी पेंशन व्यवस्था होगी बहाल
- दो पहिया वाहन मालिकों को हर माह एक लीटर प्रेट्रोल मुफ्त
- 12वीं के बाद छात्राओं को 36 हजार रुपए
- सभी फसलों के लिए एमएसपी

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,809 | ↑ | 187 | |
| निफ्टी | 17,267 | ↑ | 53 | |
| सोना | 48,240 | ↑ | 12 | /10g |
| चांदी | 61,695 | ↓ | 340 | /kg |

## क्विक न्यूज

### तमिलनाडु विधानसभा में नीट विरोधी विधेयक फिर से पारित

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) विरोधी विधेयक मंगलवार को फिर से पारित कर दिया, जिसे राज्य के राज्यपाल आर एन रवि ने कुछ दिन पहले लौटा दिया था। सत्तारूढ़ द्रमुक और मुख्य विपक्षी दल अन्ना द्रमुक ने द्रविड़ विचारधारा के आधार पर इस परीक्षा के विरोध का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने नीट को मारक परीक्षा बताया और कहा कि उन्हें लगता है कि राज्यपाल फिर से पारित किए गए विधेयक को बिना किसी देरी के अब राष्ट्रपति के पास उनकी मंजूरी के लिए भेजेंगे। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति के पास इसे भेजना राज्यपाल का संवैधानिक कर्तव्य है। मुझे उम्मीद है कि राज्यपाल कम से कम अब इस कर्तव्य का पालन करेंगे।

## कश्मीर पर टिप्पणी के लिए दक्षिण कोरिया ने खेद व्यक्त किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दक्षिण** कोरिया ने मंगलवार को सोशल मीडिया के उस पोस्ट के लिए खेद जताया है जिसमें हुंडई मोटर्स की तरफ से स्वतंत्र कश्मीर के लिए तथाकथित संघर्ष व एकजुटता का आह्वान किया गया था। यह पोस्ट हुंडई मोटर के पाकिस्तानी पार्टनर ने किया था। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चुंग यूई-योंग ने मंगलवार सुबह अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर को फोन कर सोशल मीडिया पोस्ट पर लोगों और भारत सरकार से खेद जताया। कार निर्माता ने भी इस पोस्ट खेद व्यक्त किया है। भारत ने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए दक्षिण कोरियाई दूत को भी तलब किया। विदेश मंत्रालय ने 5 फरवरी के पाकिस्तान के तथाकथित कश्मीर एकजुटता दिवस पर हुंडई पाकिस्तान द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए पोस्ट पर राजदूत चांग जे-बोक से स्पष्टीकरण मांगा है। ( शेष पेज 9 )

# अरुणाचल में हिमस्खलन में फंसे सातों जवान शहीद

- गश्त करते हुए आ गए थे बर्फीले तूफान की चपेट में, सभी सैनिकों के शव बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अरुणाचल** प्रदेश में रविवार को हिमस्खलन की चपेट में आकर लापता हुए सभी सातों जवान शहीद हो गए हैं। उनके शव मंगलवार को मिल गए हैं। ये सभी जवान सेना के गश्ती दल का हिस्सा थे। इन सैनिकों को बचाने के लिए सेना ने पर्वतारोहियों और हेलीकॉप्टरों सहित एक खोज और बचाव अभियान शुरू किया था। सेना ने मंगलवार को बताया कि अरुणाचल प्रदेश में कामेंग सेक्टर के ऊंचाई वाले इलाके में हिमस्खलन की चपेट में आए सेना के सभी सात जवान शहीद हो गए हैं।



बयान में कहा गया कि बचाव अभियान तुरंत शुरू किया गया और सभी सातों जवानों के शव हिमस्खलन स्थल से बरामद किए गए। दुर्भाग्य से तमाम प्रयासों के बावजूद, सभी इन जवानों बचाया नहीं जा सका। कुल 14,500 फीट ऊंचाई पर स्थित इस इलाके में कुछ दिनों से खराब मौसम के साथ बर्फबारी हो रही थी।

सेना ने कहा कि सैनिकों के शवों को आगे की औपचारिकताओं के लिए हिमस्खलन स्थल से निकटतम सैन्य चिकित्सा सुविधा में स्थानांतरित किया जा रहा है। सियाचिन ग्लेशियर के अलावा चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) और पाकिस्तान से लगी नियंत्रण रेखा (एलओसी के उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में गश्त करते समय सेना को इन खतरों का सामना करना पड़ता है। दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र की सेना द्वारा 1984 से कमान संभालने के बाद से ग्लेशियर में मौसम की अनिश्चितता और खतरनाक इलाकों के कारण 1,000 से अधिक सैनिकों की मौत हो चुकी है। वहीं 2016 में हिमस्खलन की चपेट में आने से शिविर में दस सैनिकों की मौत हो गई थी। गश्ती दल के लिए ऊंचाई पर हिमस्खलन सहित मौसम की दुश्वारियों के कारण हालात खतरों से भरे हुए हैं। मई 2020 में, सिक्किम में हिमस्खलन की चपेट में आने से सेना के दो जवानों की मौत हो गई थी जो गश्त के साथ बर्फ हटाने की वाले दल का हिस्सा थे। फरवरी 2020 में, सरकार ने संसद को सूचित किया कि 2019 में सियाचिन ग्लेशियर में हिमस्खलन और हिमस्खलन के कारण सेना के छह जवानों की मौत हो गई थी, जबकि अन्य जगहों पर इसी तरह की घटनाओं में 11 अन्य मारे गए थे।

## राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में हिमस्खलन की चपेट में आने से हुई सेना के जवानों की मौत पर मंगलवार को शोक जताया और कहा कि देश उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को कभी भूल नहीं पाएगा। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। राष्ट्रपति ने सैनिकों की मौत पर शोक जताते हुए कहा कि इस दुख को लफ्जों में बयां नहीं किया जा सकता है। बहादुर जवानों ने देश की सेवा में अपने प्राणों की आहूति दी है और उनके इस निःस्वार्थ बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

## महाभारत में भीम की भूमिका निभाने वाले प्रवीण कुमार नहीं रहे



**नई दिल्ली (भाषा)।** लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिक महाभारत में भीम का किरदार निभाने वाले अभिनेता एवं एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी प्रवीण कुमार सोबती का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। अभिनेता ने सोमवार देर रात को दिल्ली में अशोक विहार स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके परिवार में पत्नी, बेटी, दो छोटे भाई और एक बहन है। उनके एक रिश्तेदार ने बताया, उन्हें छाती में संक्रमण की समस्या थी। सोमवार की रात को जब उन्हें बेचैनी होने लगी, तो हमने डॉक्टर को घर पर बुलाया। हृदय गति रुक जाने के कारण रात सवा दस बजे से साढ़े दस बजे के बीच उनका निधन हो गया। प्रवीण 20 साल की उम्र में बीएसएफ में भर्ती हुए थे।

# चुनाव प्रचार के आखिरी दिन उम्मीदवारों ने झोंकी ताकत

## गौतमबुद्धनगर में वोटरों को साधने पहुंचे दिग्गज नेता, डोर-टू-डोर जाकर मांगे वोट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पहले चरण का चुनाव 10 फरवरी को होगा। जिले की 3 विधानसभा सीटों पर मंगलवार शाम 8 बजे चुनाव प्रचार थम गया। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार मतदान समाप्त के 48 घंटे पूर्व प्रचार समाप्त हो जाना है। ऐसे में सभी दल के प्रत्याशी मैदान में दमखम के साथ जोर लगा रहे हैं। सड़के गली मोहल्ले में कार्यकर्ता अपने-अपने उम्मीदवार को जिताने की लोगों से अपील करते नजर आए। सभी दल के दिग्गज नेता भी जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर वोटरों को साधने के लिए पहुंचे।

मंगलवार को सुबह से ही सड़कों पर प्रचार गाड़ी मतदाताओं को लुभाने के लिए घूम रही थी। उम्मीदवारों ने मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाने के लिए होर्डिंग्स, बैनर और प्रचार गाड़ी का सहारा लिया। जबकि प्रत्याशी और उसके समर्थन मतदाताओं को लुभाने के लिए गांव और शहर क्षेत्र में ढोल नगाड़ों के साथ प्रचार कर रहे थे। इस तरह 1 महीने से चल रहा चुनावी माहौल मंगलवार शाम को समाप्त हो गया। नोएडा दादरी और जेवर सीट पर सभी बड़े पार्टी के स्टार प्रचारक जिले के अलग-अलग विधानसभा में पहुंचे थे। क्षेत्र की सबसे हॉट सीट जेवर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहुंचकर जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने उम्मीदवार धीरेंद्र सिंह को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। नोएडा प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के पक्ष में मंगलवार को शशि थरूर प्रचार करने पहुंचे। वहीं आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने पंकज अवाना के पक्ष में डोर टू डोर लोगों से जनसंपर्क कर वोट मांगा।

यूपी विधानसभा चुनाव में जिले के चुनावी माहौल को रोचक बनाने के लिए सभी दल के बड़े-बड़े नेता जिले में प्रचार करने के लिए पहुंचे थे। बीजेपी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, गृहमंत्री अमित शाह, अध्यक्ष जेपी नड्डा, स्मृति ईरानी, रवि किशन, मनोज तिवारी और किशन पाल गुर्जर अन्य बड़े नेता प्रचार करने के लिए पहुंचे। कांग्रेस की तरफ से राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी जिले में दो बार अपने उम्मीदवारों को जिताने के लिए पहुंची थी। कांग्रेस नेता सचिन पायलट, दीपेंद्र हुड्डा, भूपेश बघेल और शशि थरूर के अलावा बड़े नेता आए।

**फीका रहा प्रचार :** समाजवादी पार्टी के तरफ से खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव दादरी और नोएडा में रथ पर सवार होकर प्रचार करने के लिए पहुंचे थे। तकरीबन रात 12 बजे काफि ला उनका जिले में पहुंचा उसके बावजूद कार्यकर्ताओं में जोश भरपूर दिखा था। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने जिले की कमान संभाल रखी थी। सबसे ज्यादा निराशा बीएसपी प्रत्याशियों को लगी। बीएसपी के तरफ से कोई बड़ा चेहरा जिले में प्रचार करने नहीं पहुंचा था।

## प्रदेश में बदली कानून व्यवस्था की सूरत : योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


जेवर में लोगों को हाथ हिलाकर अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

यूपी में पहले चरण के मतदान को लेकर सभी पार्टियों का प्रचार जोर-शोर से चल रहा है। इसी क्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में आए। यहां पर मुख्यमंत्री को सुनने के लिए काफी भीड़ मौजूद थी। हालांकि कोविड प्रोटोकाल का इस दौरान पूरा ख्याल रखा गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि 2017 के पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बेटियां सुरक्षित नहीं थी। छोटे विवाद पर कर्फ्यू लग जाता था। जब से भाजपा सरकार बनी है, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बेटियों की सुरक्षा के साथ-साथ जेवर में बड़ा एयरपोर्ट स्थापित हो रहा है। देश का सबसे बड़ा मेडिकल डिवाइस पार्क जेवर में भाजपा सरकार बना रही है। डिजिटल इंडिया के सपने को साकार किया जा रहा है।

सीएम ने कहा कि देश के बड़े-बड़े डाटा सेंटर जेवर में स्थापित होंगे। 2017 के पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त थी। अब मुंबई के तर्ज पर सबसे बड़ी फिल्म सिटी ग्रेटर नोएडा के जेवर में बनने जा रही है। गरीब कल्याणकारी योजना के माध्यम से हर गरीब को घर उपलब्ध कराया है।

## मतदाता पर्ची नहीं मिली तो 1950 नंबर पर करें कॉल

### जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने बनाई योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्धनगर में पहले चरण का मतदान 10 फरवरी को होना है। अधिकारी ईवीएम की जांच में जुट गए हैं। जिला प्रशासन सोशल मीडिया पर माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ टीम गठित कर अलर्ट हो गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी सुहास एलवाई ने सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट समेत तमाम अधिकारियों के साथ मीटिंग की। जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर ईवीएम मशीन पहुंचा दी गई है। बैठक में पोलिंग पार्टियों को 9 फरवरी की सुबह 8 बजे रवाना होने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में 566 मतदान केंद्र बनाए। निर्वाचन अधिकारी मतदान वाले दिन जगह-जगह जाकर बूथों का निरीक्षण करेंगे। डीएम और जिला निर्वाचन अधिकारी सुहास एलवाई ने बताया कि जिला प्रशासन ने तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 8 सुपर जोनल मैजिस्ट्रेट, 26 जोनल मैजिस्ट्रेट, 125 सेक्टर मैजिस्ट्रेट तैनात कर दिए हैं। नोएडा विधानसभा क्षेत्र के लिए फूल मंडी से पोलिंग पार्टी रवाना होगी। दादरी विधानसभा क्षेत्र में मिहिर भोज इंटर कॉलेज और जेवर के लिए किसान आदर्श इंटर कॉलेज दनकौर से पोलिंग पार्टी रवाना होंगे। पार्टियों को पोलिंग सेंटर तक ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। बस समय से 2 घंटे पहले पहुंच जाएगी।

निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 70 प्रतिशत मतदान पर्ची मतदाताओं को बांट दी गई है। वोट से पहले 100 प्रतिशत मतदाता पर्ची वितरित कर दी जाएगी। अगर किसी मतदाता को पर्ची नहीं मिल पाई तो वह कंट्रोल रूम के नंबर पर कॉल कर सकता है। इस संबंध में 1950 पर कॉल कर शिकायत कर सकते हैं।

## भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में रविकिशन ने किया रोड शो

### दावा : सपा-रालोद के खाते में 40 से 45 सीटें आएंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


गाजियाबाद में रोड शो करते रविकिशन

भोजपुरी अभिनेता व सांसद रविकिशन ने गाजियाबाद में भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग के पक्ष में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बन रही है। रविकिशन ने कहा कि भाजपा पिछले चुनाव से भी अधिक 325 सीट के साथ प्रदेश में दोबारा सरकार बना रही है। सपा और रालोद के खाते में 40 से 45 सीटें आएंगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा गरीब और राष्ट्र की पार्टी है। मोदी और योगी के जनहित व राष्ट्र से जुड़े कार्य के बारे में पूरा देश जानता है और उत्तर प्रदेश की जनता पहले से भी अधिक प्यार और आशीर्वाद देकर योगी आदित्यनाथ को दोबारा मुख्यमंत्री बनाएगी।

रोड शो के दौरान रवि किशन ने भाजपा के लिए बनाए अपने प्रचार गीतों से युवाओं में जोश भरा। रोड शो में भीड़ देखकर गदगद हुए रवि किशन बोले, विरोधियों देख लो यह भीड़ कोई पैसे देकर नहीं बुलाई है। रोड शो बसपा प्रत्याशी केके शुक्ला के कार्यालय के सामने से निकला तो यहां बसपाई बड़ी संख्या में झंडा लहराने लगे। पुलिस व बीएसएफ के जवान यहां मौजूद थे। रवि किशन बसपाइयों की ओर हाथ हिलाकर उनके सामने से गुजरे।

## पोस्टल बैलेट पेपर से साढ़े तीन हजार मतदाताओं ने डाले वोट

**गाजियाबाद।** चुनावी डयूटी में लगे 3,412 मतदाताओं ने सोमवार को मतदान किया। साथ ही सर्विस वोटर, आन ड्यूटी वोटर, दिव्यांगजन और 80 साल से अधिक उम्र के कुल 4,113 मतदाताओं ने मतदान किया।

प्रभारी अधिकारी मतपत्र श्याम अवध चौहान ने बताया कि आइटीएस कालेज में चुनावी ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। 30 जनवरी से ही पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से कर्मचारी मतदान कर रहे हैं। सोमवार को 251 मतदाताओं ने मतदान किया। उन्होंने बताया कि 3,336 सर्विस वोटर को इंटरनेट मीडिया से पोस्टल बैलेट भेजे गए थे, उनमें 33 ने मतदान किया है, दूसरे जिलों मे कार्यरत आन ड्यूटी श्रेणी के 1,848 मतदाताओं बैलेट पेपर भेजे गए थे, जिनमें 11 ने मतदान किया है।

## मतदान करने वाले विद्यार्थी बनेंगे नायक

### एम्बेसडर ऑफ रिपब्लिक का प्रशस्ति पत्र देकर किया जाएगा सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जिले में दस फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना हैं, ऐसे में शिक्षा विभाग ने भी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों मतदान के लिए प्रोत्साहित करने को इस बार नायाब तरीका निकाला है। जिन महाविद्यालय के 90 प्रतिशत विद्यार्थी चुनाव में मतदान करेंगे उन्हें लोकतंत्र के नायक एम्बेसडर ऑफ रिपब्लिक का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

इसके लिए मतदान करने के बाद विद्यार्थियों को गूगल फर्म लिंक पर अंगुली के निशान के साथ अपना फोटो अपलोड करना होगा। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी एवं सेक्टर-39 स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके गुप्ता ने बताया कि देश में आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी लागू की जा चुकी है। जिसमें मानवीय मूल्य एवं नैतिकता का सह पाठ्यक्रम शामिल है। देश में चुनाव के दौरान करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं, लेकिन मतदान का प्रतिशत 50 फीसद से भी कम रहता है। विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताने और उनके अधिकारों को जानने के लिए यह नायाब तरीका निकाला गया है, ताकि लोकतंत्र के महापर्व में रिकॉर्ड मतदान कराया जा सके।

वहीं, छात्र संगठन एनएसयूआई, एबीवीपी, सपा छात्र सभा के कार्यकर्ता भी अपने स्तर से जिले में अभियान चलाकर नए मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं।

## नोएडा में कोविड-19 के 124 नए मामले आए

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिले में मंगलवार को कोविड-19 के 124 नए मामले आए। वहीं, गत 24 घंटे के दौरान 323 मरीज संक्रमण मुक्त हुए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिला निगरानी अधिकारी डॉ. सुनील दोहरे ने बताया कि गत 24 घंटे के दौरान किसी मरीज की मौत नहीं हुई है जिसकी वजह से कोविड-19 से मरने वालों की कुल संख्या 488 पर स्थिर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि इस समय जिले में 1,258 मरीज उपचाराधीन हैं।


घटनास्थल पर आग बुझाती दमकल की गाड़ियां।

## पेंट और हार्डवेयर की दुकान में लगी भीषण आग

### दमकल की 15 गाड़ियां मौके पर पहुंची

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर- 66 स्थित मामूरा गांव में मंगलवार की सुबह पेंट एवं हार्डवेयर की एक दुकान में भीषण आग लग गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर दमकल विभाग ने 15 गाड़ियों को भेजा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

सीएफओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि नोएडा फेस-3 थाना क्षेत्र के मामूरा गांव में रिद्धि ट्रेडिंग कंपनी के नाम से पेंट एवं हार्डवेयर की दुकान व गोदाम है। आज सुबह दुकान में आग लग गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर आग बुझाने के लिए मौके पर दमकल विभाग की 15 गाड़ियां भेजी गई और पांच घंटे की कोशिश के बाद आग पर काबू पाया गया। सिंह ने बताया कि पेंट तथा थिनर की वजह से आग बुझाने में परेशानी आ रही थी।

अधिकारी ने बताया कि आसपास की दुकानों में आग ना फैले इसके लिए बहुत सावधानी बरती गई। आसपास घनी आबादी है और धुएं की वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदान के लिए अभिभावकों को किया जागरूक

**नोएडा।** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग ने स्वीप सिस्टमैटिक वोटर्स एनरोल एंड एजुकेशन पार्टिसिपेशन के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित कर मतदान के प्रति जागरूक किया। बेसिक विभाग ने अभिभावकों को मतदान के महत्व के बारे में बताते हुए बूथों पर कोरोना से बचाव के लिए सभी इंतजामों के बारे में बताया। सभी बूथों पर सैनिटाइजर, मास्क, थर्मल स्कैनिंग, सोशल डिस्टेंसिंग की व्यवस्था की गई है। बताया कि जिले में 243 मॉडल बूथ बनाए गए हैं। इनमें 18 साल के युवा जो पहली बार मतदान करने जाएंगे, उनके लिए सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। जहां वह अपने अनुभव भी साझा करेंगे। साथ ही जो दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग बूथ पर पहुंचकर वोट डालेंगे, उन्हें धन्यवाद कार्ड भी दिया जाएगा। अफसरों ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से अपील की है कि वोट डालने जरूर जाएं, क्योंकि वह घर, परिवार और राष्ट्र में हिस्सेदारी रखते हैं।

### मकान से तीन करोड़ सत्तर लाख की नकदी बरामद

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गौतमबुद्धनगर जिले में लागू आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के क्रम में कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस ने सोमवार को सेक्टर-44 स्थित एक मकान से 3.70 करोड़ रुपए नकद बरामद किए हैं। गौरतलब है कि जिले की विधानसभा सीटों के लिए 10 फरवरी को पहले चरण में मतदान होना है। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि प्रेमपाल सिंह नागर के मकान की दूसरी मंजिल से करीब 3.70 करोड़ रुपए की नकद रकम बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी आयकर विभाग को दे दी गई है और वह आगे की कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस इस संबंध में आगे की जांच और कार्रवाई कर रही है।

### पानी का बकाया वसूले प्राधिकरण : सीईओ

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिला स्थित नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रितु माहेश्वरी ने पानी के 50 बड़े बकाएदारों से 15 फरवरी से बकाया वसूलने का आदेश दिया है। माहेश्वरी ने सोमवार को स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 को लेकर बुलाई गई समीक्षा बैठक में तीनों जल खंड के वरिष्ठ प्रबंधकों को बकाएदारों को नोटिस जारी करने के बाद व्यक्तिगत संपर्क कर 15 फरवरी से राजस्व वसूलने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि तय अवधि के बाद सभी बकाएदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जल बाह्य संस्था के वरिष्ठ प्रबंधक को क्रियाशील सभी छह एसटीपी की नियमित निगरानी करने का भी निर्देश दिया।

### 1922 प्रतिकार चौरीचौरा फिल्म का ट्रेलर जारी

**नोएडा।** स्वतन्त्रता आंदोलन में गोरखपुर के चौरीचौरा में अंग्रेजों के जुल्म और ज्यादती की कहानी है 1922 प्रतिकार चौरीचौरा। इस फिल्म की शूटिंग गोरखपुर में हुई है और यह जल्द ही रिलीज होने जा रही है। फिल्म का ट्रेलर जारी करते हुए निर्माता एवं निर्देशक अभिक भानू ने यह जानकारी दी। वह मंगलवार को यहां सेक्टर 29 स्थित मीडिया क्लब में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि फिल्म की पूरी कहानी क्रांतिकारियों पर केंद्रित है। फिल्म में लीड रोल भगवान अहीर के रूप में अभिनेता रविकिशन और मदन मोहन मालवीय की भूमिका भारतेंदु नाट्य अकादमी उप्र के अध्यक्ष रविशंकर खरे ने की है। भगवान अहीर और उनके 18 साथियों को 1922 में चौरीचौरा थाना फूंके जाने पर अंग्रेजों ने फांसी के फंदे पर लटका दिया था। मदन मोहन मालवीय की पैरवी के बाद 150 क्रांतिकारियों को फांसी से बचा लिया गया था। ऐसे तमाम तथ्य जिसे इतिहास में दर्ज ही नहीं किया गया था, उसे नवीनतम शोध के साथ इस फिल्म में शामिल किया गया है। निर्माता एवं निर्देशक ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चौरीचौरा की घटना को कांड नहीं संग्राम बताया था, उन्होंने कहा था कि चौरीचौरा के संग्राम के साथ इतिहास ने न्याय नहीं किया है।

## 11 फरवरी से पासपोर्ट आवेदन होंगे दोगुने

### कोरोना संक्रमण के चलते अप्वॉइंटमेंट कर दिए थे आधे, 13 जनपदों के आवेदकों को मिलेगी राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कोरोना के मामलों में कमी आने और जनपद स्तर पर लोगों को मिली छूट के बाद अब क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय गाजियाबाद आरपीओ से पासपोर्ट आवेदकों को राहत मिलेगी। ओमिक्रॉन को लेकर पासपोर्ट सेवा केंद्र कौशांबी पीएसके, पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र पीओ पीएसके और आरपीओ में पासपोर्ट के आवेदन अप्वॉइंटमेंट आधे कर दिए गए थे। ऐसे में आरपीओ गाजियाबाद ने 11 फरवरी से पासपोर्ट आवेदन बढ़ाकर दोगुना करने की तैयारी शुरू कर दी है। विदेश मंत्रालय के दिशानिर्देशों के तहत नई व्यवस्था लागू की जाएगी।

कोरोना की तीसरी लहर के कारण क्षेत्रीय कार्यालय ने कौशांबी पीएसके में पासपोर्ट आवेदन की संख्या 1200 से घटाकर 580 और 11 जनपदों नोएडा, मेरठ, सहारनपुर, बागपत, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, आगरा, बुलंदशहर, वृंदावन, अछनेरा, हाथरस के पीओ पीएसके में आवेदन 40 से घटाकर 20 कर दिए थे। साथ ही क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में अब तक 200 की जगह केवल 100 आवेदन लिए जा रहे हैं। ऐसे आवेदन की संख्या बढ़ने से गाजियाबाद के साथ दूसरे जनपदों के लाखों आवेदकों को अप्वॉइंटमेंट के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। आरपीओ से संबद्ध कौशांबी पीएसके में आम दिनों में सर्वाधिक 1200 पासपोर्ट आवेदन एक दिन में लिए जाते हैं।

बीते करीब एक माह से पासपोर्ट आवेदन आधे किए जाने के बावजूद बड़ी संख्या में लोग पीएसके पहुंच रहे हैं। लोगों को आवेदन के लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा। वर्तमान में पासपोर्ट आवेदक तीन माह तक के अप्वॉइंटमेंट ले सकते हैं। आवेदन की संख्या फिर से बढ़ने पर आवेदकों को राहत मिलने के साथ पासपोर्ट के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के आदेशानुसार सभी पीएसके और पीओ पीएसके पर कोविड दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। केंद्रों पर सामाजिक दूरी का ध्यान रखने के साथ आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को थर्मल स्केनिंग और सेनिटाइजेशन के बाद प्रवेश दिया जा रहा है।

कोरोना संक्रमण के मामले लगातार घट रहे हैं। गाजियाबाद सहित अन्य जनपदों में स्थिति में सुधार आने के बाद स्थानीय प्रशासन की ओर से लोगों को छूट दी गई है। ऐसे में मंत्रालय के दिशानिर्देशों के तहत पासपोर्ट आवेदन बढ़ाने पर निर्णय लिया जाएगा। सभी पीएसके व पीओ पीएसके पर कोरोना संबंधी गाइडलाइन का कड़ाई से पालन किया जा रहा है।

*सुब्रतो हाजरा, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी*

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अलका चौहान पत्नी श्री लेख राज चौहान फ्रीहोल्ड सम्पूर्ण संपत्ति नंबर 117-ए, छत अधिकार के साथ, 67.5 वर्ग मीटर, गली नंबर 2, खसरा नंबर 52/27, आबादी के क्षेत्र रामपुरा, त्रिनगर गांव शकूरपुर दिल्ली में स्थित हैं, जिसका पंजीकृत दान विलेख दिनांक 27.03.2017 के क्रमांक 3027 के द्वारा मालिक हैं। उपरोक्त संपत्ति डी एम आई हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड शाखा देवली दिल्ली द्वारा बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित दस्तावेज़ मूल बिक्री विलेख दिनांक 25.11.1960 क्रमांक संख्या 2521, बुक नंबर 1, खंड संख्या 126, पृष्ठ संख्या 49-52 पर दिनांक 25.11.1960 को उप पंजीयक-दिल्ली कहीं खो गए हैं। जिसकी **एफआईआर 59985/2022 (प्राथमिकी)** दिनांक 20.01.2022 अपराध शाखा में दर्ज की गई है।
यदि किसी व्यक्ति का उपरोक्त संपत्ति पर कोई दावा है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 14 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

**राघव तिवारी (अधिवक्ता)**
**830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001**
**Mob.: +91-8076188328**

**PUBLIC NOTICE**

TAKE NOTICE THAT at behest of our client, we are investigating title of Mr. Amit Kumar ("Borrower") for Built up Third floor, with roof rights of Property bearing No. B-168, 56 sq., Yds., Situated at Indra Nagar, New Delhi ("**Said Property**") who intends to buy the said property from Mr. Yash Pal Ahuja by availing a loan from our Client i.e. Fullerton India Home Finance Company Ltd. by creating a mortgage against said property. Any Person having any claims or rights in respect of the Said Property are/is hereby requested to make the same known in writing to the undersigned within a period of 7 (seven) days from the date of publication of this notice of his/her/their share or claim, if any, with all supporting documents, failing which, it will be assumed that there are no claims or issues in respect of Said Property and the transaction, if any shall be completed without reference to the claims, if any.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**नाम परिवर्तन**

मैं रमिता देवी पत्नी मुनिश कुमार निवासी म.न. सी-1/7, , 3rd सी मंजिल गलैक्सी अपार्टमेंट, नजदीक मैटरो पीलर न. 744 मोहन गार्डन वेस्ट दिल्ली 110059 ने अपना नाम रमिता देवी से बदलकर रमिता शर्मा रख लिया है।

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby brought to the notice of the public at large, Lease Deed dated 23.06.2011 executed by Noida Authority in favor of M/s SMC Power Generation Ltd. Plot No. 15, in Block-A, Sector- 136, Noida, Uttar Pradesh has been lost.
SMC Power Generation Ltd. has availed credit facility from HDFC Bank Ltd, Anyone in public as large if claims in the aforesaid property, write to the undersigned along with documentary evidence in support of the said claim.

**Sushil Kumar Singh (Advocate)**
Office F-10, LGF, Jangpura Extn.,
New Delhi Ph: 011-403-48896.

**Public Notice**

This is to bring to the notice of the general public that one ID Card of Mohammad Mehdi issued by ICICI Bank ltd. having ID Card No.-2139171 has been found missing and/or lost on 08-02-2022. Anyone, who finds the said ID card, is requested to return it to the Manager Debt Services & Management Group, ICICI Bank Limited, S.D.Tower, Sector – 08, Rohini, Delhi 110085.
Therefore, all the customers of ICICI Bank Limited are hereby notified not to make any payment to any unauthorised person holding the said ID Card No.- 2139171.
Please take further notice that anybody making payment to any person holding the said ID card shall do so at his/her own costs, risk and peril and ICICI Bank shall not be bound and/or responsible for any payment.
For ICICI Bank Limited
Date: 09-02-2022
Place: New Delhi

**पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

कार्पोरेट पहचान संख्या : एल65929डीएल1947पीएलसी001240
पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
फोन : 7303495375, ई-मेल : pnbfinanceindustries@gmail.com,
वेबसाइट : www.pnbfinanceandindustries.com
31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु
समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(रू. लाख में सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31-12-2021 (अलेखापरीक्षित) | नौ माह समाप्त 31-12-2021 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31-12-2020 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2021 (अलेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 180.41 | 715.83 | 175.51 | 712.88 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर तथा अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 118.88 | 613.48 | 151.12 | 575.45 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 118.88 | 613.48 | 151.12 | 575.45 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 98.74 | 508.29 | 125.40 | 479.01 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | -2,387.48 | -3,444.49 | 6,612.41 | 13,284.85 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10 प्रति शेयर) | 320.00 | 320.00 | 320.00 | 320.00 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन रू. 10/-प्रत्येक का (क) मूल (रू.) | 3.08 | 15.88 | 3.92 | 14.97 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 3.08 | 15.88 | 3.92 | 14.97 |

1. उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित, सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा सीमित पुनरीक्षित तथा निदेशक मंडल द्वारा 08 फरवरी, 2022 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। कम्पनी के उपरोक्त वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा 08 फरवरी, 2022 को कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भी भेजा गया है।
3. 31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों की प्रमुख संख्या निम्नानुसार हैं :- (रू. लाख में सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| विवरण | तिमाही समाप्त 31-12-2021 (अलेखापरीक्षित) | नौ माह समाप्त 31-12-2021 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31-12-2020 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2021 (अलेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| परिचालन से कुल आय | 129.16 | 562.23 | 126.11 | 514.33 |
| अवधि हेतु कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानि) | 68.52 | 462.34 | 103.36 | 381.24 |
| अवधि हेतु कर पश्चात शुद्ध लाभ/(हानि) | 57.09 | 385.13 | 86.14 | 317.89 |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय | -2,461.64 | -2,173.83 | 6,458.66 | 17,443.74 |

4. संगत तिमाही/नौ माह के आंकड़े, जहां आवश्यक है, वर्तमान तिमाही/नौ माह की प्रस्तुति/वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए पुनर्समूहित/पुनर्वर्गीकृत किए गए हैं।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
वास्ते पीएनबी फाइनैंस ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
(श्वेता सक्सेना)
निदेशक एवं कम्पनी सचिव
डीआईएन : 03120958/सदस्यता सं. : ए 18585
स्थान : नई दिल्ली
दिनांकित : 08 फरवरी, 2022

**कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
कार्पोरेट पहचान संख्या : एल70109डीएल1980पीएलसी169318
फोन : 7303495374, ई-मेल : camaccommercial@gmail.com,
वेबसाइट : www.camaccommercial.com
31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु
अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(रू. लाख में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31 दिसम्बर, 2021 (अलेखापरीक्षित) | नौ माह समाप्त 31 दिसम्बर, 2021 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31 दिसम्बर, 2020 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2021 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालन से कुल आय | 64.72 | 198.95 | 111.76 | 428.14 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर तथा अपवाद मदों से पूर्व) | 52.32 | 170.58 | 98.25 | 343.01 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व (अपवाद मदों के बाद) | 52.32 | 170.58 | 98.25 | 343.01 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर तथा अपवाद मदों के बाद | 42.71 | 143.18 | 82.03 | 286.98 |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय खजिसमें अवधि/वर्ष हेतु लाभ/ (हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है, | (445.06) | 949.99 | (563.84) | 7,373.62 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 88.28 | 88.28 | 88.28 | 88.28 |
| 7 | अन्य इक्विटी | | | | 157,099.28 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन, रू. 10/-प्रत्येक का (क) मूल (रू.) | 4.84 | 16.22 | 9.29 | 32.51 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 4.84 | 16.22 | 9.29 | 32.51 |

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। कम्पनी के वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा 08 फरवरी, 2022 को कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भी भेजा गया है।
2. 31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित तथा निदेशक मंडल द्वारा 08 फरवरी, 2022 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में अनुमोदित एवं अभिलेखबद्ध किए गए हैं। सांविधिक लेखापरीक्षकों ने 31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु उपरोक्त वित्तीय परिणामों का सीमित पुनरीक्षण किया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड
हस्ता./-
(स्वाति श्रीवास्तव)
निदेशक
डीआईएन : 08529225
स्थान : नई दिल्ली
दिनांकित : 08 फरवरी, 2022

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# डीयू में कक्षाएं शुरू करने के लिए छात्रों का प्रदर्शन

## ऑनलाइन क्लास बंद कर कॉलेजों में पढ़ाई की उठाई मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


डीयू के नॉर्थ कैंपस में विरोध-प्रदर्शन करते छात्र।

ऑफलाइन कक्षाओं को फिर से शुरू करने की मांग को लेकर मंगलवार को विभिन्न छात्र संगठनों ने डीयू के नॉर्थ कैंपस में विरोध प्रदर्शन किया। इसी मुद्दे पर सोमवार को भी डीयू के कुलपति के कार्यालय के बाहर भी दिनभर प्रदर्शन किया गया था। बाद में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को वहां से हटा दिया था।

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) व आम आदमी पार्टी की छात्र इकाई छात्र युवा संघर्ष समिति जैसे विभिन्न छात्र संगठनों के सदस्यों ने मंगलवार को भी कॉलेज फिर से खोलने की मांग की और पुलिस द्वारा सोमवार को प्रदर्शनकारियों के साथ कथित तौर पर हाथापाई करने का भी आरोप लगाया। हालांकि, पुलिस इन आरोपों को खारिज कर चुकी है। वहीं, साउथ कैंपस में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने ऑफलाइन (कॉलेज में) कक्षाओं को फिर से शुरू करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ऑफलाइन कक्षाओं को फिर से शुरू करने की मांग को लेकर संगठन बुधवार को अकादमिक परिषद के बाहर धरना प्रदर्शन भी करेगा।

# आरटीआर अस्पताल के बाहर डॉक्टर को रंजिशन मारी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- पीड़ित की हालत खतरे से बाहर

राव तुला राव अस्पताल के बाहर कुछ अज्ञात लोगों ने एक डॉक्टर को गोली मार दी। इस हमले के शिकार डॉक्टर की पहचान हेमंत के रूप में हुई है और उनका इलाज चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर है।

पुलिस के अनुसार सोमवार की रात डॉक्टर हेमंत अस्पताल के बाहर खड़े थे तभी कुछ अज्ञात हमलावर एक कार में पहुंचे, उन्हें गोली मारकर वहां से भाग गए। स्थानीय लोगों और अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों ने आरोपियों को रोकने की कोशिश की, लेकिन घटना के तुरंत बाद वे वहां से भाग निकले। इस घटना के पीछे व्यक्तिगत रंजिश होने का संदेह जताया जा रहा है। पुलिस हमले के सही कारणों का पता लगाने के लिए मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। हमलावरों की पहचान करने के लिए अस्पताल के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है। इस मामले में अब तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं की गई है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, घायल डॉक्टर का अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है। हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और दोषियों को पकड़ने के लिए कई टीमों का गठन किया गया है।

## नाराज मेयर ने सीएम को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** पूर्वी निगम की सदन की बैठक में आम आदमी पार्टी के पार्षदों के हंगामे से आहत पूर्वी दिल्ली के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर इसे लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला बताया है।

मेयर ने निगम सभागार में बजट से संबंधित सदन की विशेष बैठक के मौके पर विपक्ष द्वारा किए व्यवहार को लोकतंत्र को शर्मशार करने वाला कहा है। महापौर ने विपक्ष द्वारा पूर्वी निगम की सदन की बैठक में किए अलोकतांत्रिक व्यवहार की घोर निंदा की। महापौर ने लिखा कि पिछले पांच सालों में पूर्वी दिल्ली नगर निगम की बैठकों में आम आदमी पार्टी के पार्षदों का व्यवहार अत्यंत अलोकतांत्रिक, अशोभनीय और अमर्यादित रहा है और यही कारण है कि उन्हें उनके इसी व्यवहार के कारण पूर्वी निगम में सदन की कई बैठकों से निष्कासित किया गया है।

# पूर्वी निगम में बजट पर चर्चा के दौरान सदन में विपक्ष का हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- आप के कुछ सदस्यों ने वेल में आकर किया प्रदर्शन और नारेबाजी

भाजपा शासित पूर्वी दिल्ली नगर निगम के सदन में मंगलवार को हंगामा हुआ और विपक्ष के सदस्यों ने कार्यवाही के दौरान निकाय से जुड़े कई मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन किया। ईडीएमसी के वार्षिक बजट को अंतिम रूप देने के लिए सदन की बैठक बुलाई गई थी। आम आदमी पार्टी के कुछ सदस्यों ने सदन के वेल में आकर प्रदर्शन किया और नारे लगाए जबकि अन्य ने तख्तियां दिखाईं।

सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे एक वीडियो में एक पार्षद को वेल में खड़े होकर महापौर के डायस (मंच) पर नीचे से हाथ से मारते और एक एक अन्य पार्षद को तख्ती लिए देखा जा सकता है, जिस पर लिखा है- भ्रष्ट अधिकारियों को महापौर का संरक्षण।

दिल्ली में अप्रैल में होने वाले निकाय चुनाव से पहले, आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी एक दूसरे पर आरोप लगा रही हैं। राजस्व में वृद्धि करने के उद्देश्य से, पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने 26 नवंबर के अपने बजट में आवासीय और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों पर लगाए गए संपत्ति कर को बढ़ाने तथा साइकिल रिक्शा, दूध देने वाले और वाहन खींचने वाले पशुओं के इस्तेमाल पर कर समाप्त करने का प्रस्ताव दिया था।

# छात्र ने किया आत्मदाह का प्रयास

## सामान्य कक्षाएं शुरू नहीं करने से परेशान था छात्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय में सामान्य कक्षाएं शुरू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्राछात्राओं में से एक छात्र ने मंगलवार को आत्मदाह करने का प्रयास किया।

पुलिस ने बताया कि छात्र को हालांकि कोई चोट नहीं आई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसे तत्काल बचा लिया और अस्पताल ले गई। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानपुर जिले के रहने वाले एमए बौद्ध स्टडीज के पहले वर्ष के छात्र कमल तिवारी (23) की पेशेवरों द्वारा काउंसलिंग की जा रही है। पुलिस के अनुसार,छात्र युवा संघर्ष समिति द्वारा आहूत प्रदर्शन के दौरान तिवारी ने आत्मदाह करने के लिए खुद पर पेट्रोल डालने का प्रयास किया। उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया,मौके पर मौजूद हमारी टीम ने उसे तुरंत रोका और उसे तत्काल वहां से एचआरएच अस्पताल ले गए। पता चला है कि छात्र ने खुद पर जो तरल पदार्थ डाला था वह पेट्रोल और पानी का मिश्रण था। अन्य तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है। छात्र संगठन के अनुसार, तिवारी दिल्ली विश्वविद्याय में एमए प्रथम वर्ष का छात्र है और आम आदमी पार्टी के युवा मोर्चा सीवाईएसएस का कार्यकर्ता भी है।

छात्र संघ ने आरोप लगाया,प्रदर्शन के दौरान उसने (तिवारी) खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। यह प्रदर्शन के दौरान हुआ। दिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, आरोपों से इंकार करते हुए दिल्ली पुलिस ने कहा है कि छात्र ना तो घायल हुआ है और ना हीं उसे गिरफ्तार किया गया है।

## मुख्यमंत्री वकील कल्याण योजना के लिए नए आवेदन मंगाए



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार मुख्यमंत्री वकील कल्याण योजना के लिए नए सिरे से आवेदन मंगाए है। इस योजना के तहत राष्ट्रीय राजधानी के निवासी वकीलों को पांच लाख रुपए का चिकित्सा बीमा और 10 लाख रुपए का जीवन बीमा मुहैया कराया जाएगा। योजना के लिए आवेदन देने की आखिरी तारीख 17 फरवरी है।

दिल्ली सरकार के कानून मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को ट्वीट कर बताया कि राजधानी के विधि समुदाय के लिए एक और अच्छी खबर। दिल्ली सरकार मुख्यमंत्री वकील कल्याण योजना के लिए एक बार फिर आवेदन आमंत्रित कर रही है। वह सभी योग्य वकीलों से 17 फरवरी 2022 से पहले आवेदन करने का अनुरोध करते हैं। पात्र वकील आठ फरवरी को सुबह 12 बजे से 17 फरवरी को रात 11 बजकर 59 मिनट तक आवेदन कर सकते हैं।

# हथियारों के साथ दो तस्कर धरे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



लॉरेंस बिश्नोई और काला जठेरी गिरोह को कथित तौर पर हथियारों की आपूर्ति करने के आरोप में रोहिणी इलाके से मंगलवार तड़के दो तस्करों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन दोनों के पास से नौ देसी पिस्तौल, दो स्वचालित पिस्तौल, 14 जिंदा कारतूस और एक कार बरामद किए गए हैं। आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद निवासी मोहम्मद अयाज और रफत खान के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक उन्हें सूचना मिली थी कि मोहम्मद अयाज, जो लॉरेंस बिस्नोई और काला जठेरी गिरोह को हथियारों की आपूर्ति करता है और दिल्ली के एक ऐसे ही मामले में वांछित है, अपने सहयोगी के साथ शाहबाद डेयरी कॉलोनी रोड पर हथियारों की आपूर्ति करने के लिए तड़के साढ़े तीन बजे से चार बजे के बीच आएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इसके बाद महादेव चौक से खेरा गांव, रोहिणी सेक्टर-29 तक जाल बिछाया गया और तड़के करीब साढ़े तीन बजे एक गाड़ी वहां आती दिखाई दी। कार चालक को रुकने का इशारा किया, लेकिन वह नहीं रुका और वहां से भागने की कोशिश की।

बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त बृजेंद्र कुमार यादव के मुताबिक अयाज ने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं और एक गोली अयाज की दाहिनी जांघ में जा लगी और दोनों को पकड़ लिया गया।

## मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना 14 से होगी शुरू

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नागरिकों के लिए दिल्ली सरकार की मुफ्त तीर्थयात्रा योजना 14 फरवरी से फिर से शुरू होगी। तीर्थ केंद्रों- द्वारका, गुजरात और रामेश्वरम, तमिलनाडु के लिए ट्रेनें क्रमशः 14 और 18 फरवरी को रवाना होंगी।

दिल्ली सरकार इन दो रूटों पर फिर से योजना शुरू करने की तैयारी में जुट गई है। दिल्ली पर्यटन विभाग ने दूसरे राज्यों के कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखकर यात्रा की योजना बनाई है। सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना फिर से शुरू करने को लेकर रेलवे, पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर तीर्थ यात्रा वाले राज्यों में कोविड प्रोटोकॉल को लेकर भी चर्चा की है।

# अवैध कब्जाधारी जनप्रतिनिधियों को बेदखल करें एलजी : कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- उपराज्यपाल से हस्तक्षेप की अपील

आप और भाजपा के विधायक व निगम पार्षद दिल्ली सरकार और निगमों की सरकारी जमीनों को जबरन अधिकृत करके पार्टी की गतिविधियां चला रहे है। यह आरोप दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने लगाया है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि दोनों पार्टियों के जनप्रतिनिधि सरकारी सम्पतियां का दुरुपयोग करके नीति और नियमों का पूरी तरह उलंघन कर रहे है। उन्होंने कहा कि आप पार्टी के विधायकां ने सरकारी कार्यालयों में पार्टी का झंडा और फोटो भी लगा रखी है जबकि कांग्रेस पार्टी के विधायकों ने 15 वर्ष के कार्यकाल में और निगम पार्षदों ने न तो किसी सरकारी जमीन पर पार्टी का कार्यालय खोला और न ही अपनी पार्टी का झंडा बैनर लगाया।

चौधरी अनिल ने कहा कि यह जानकर हैरानी होती है कि आम आदमी पार्टी के विधायक मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के आर्शीवाद से दिल्ली जल बोर्ड सहित दिल्ली सरकार की जमीनों पर कई जगह अपने पार्टी कार्यालय और निजी ऑफिस चलाकर व्यवसाय कर रहे है।

# दक्षिणी नगर निगम ने दूसरे निगम हाट का किया शुभारंभ

## सरिता विहार क्षेत्र में नागरिकों को उपलब्ध होगी 30 से ज्यादा ईको फ्रेंडली वस्तुएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


दक्षिणी निगम द्वारा सरिता विहार में शुरू किया गया हाट।

दक्षिणी निगम ने मध्य जोन के सरिता विहार क्षेत्र में दूसरे निगम हाट का शुभारंभ किया गया। इस निगम हाट को बनाने का उद्देश्य स्रोत पर ही कूड़े को अलग-अलग करना, रिसाइकलड़ वस्तुओं का प्रयोग, खरीददारी के लिये कपड़े के थैले का प्रयोग, होम कम्पोस्टिंग आदि को प्रोत्साहित करना है।

सरिता विहार स्थित निगम हाट का मंगलवार को क्षेत्रीय उपायुक्त राधा कृष्ण, स्थानीय पार्षद नीतू चौधरी द्वारा उद्घाटन किया गया। इस हाट में नागरिकों के लिए 30 से ज्यादा ईको फ्रैडली वस्तुएं उपलब्ध होगी। नागरिक यहां से अनुउपयोगी व बेकार चीजों से बनाये गये उत्पाद खरीद सकते है। क्षेत्रीय उपायुक्त राधा कृष्ण ने कहा कि लाजपत नगर में बनाये गये निगम के पहले निगम हाट को नागरिकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है और इसे काफी पसंद किया जा रहा है। यह निगम हाट 3 आर (रिडियूज रिसाइकल, रियूज) के सिद्धांत पर आधारित है। हमारा यह प्रयास है कि इन कार्यों से स्रोत पर ही कूड़े का निस्तारण किया जाये और नागरिकों को कूड़े के पृथक्करण व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के निगम हाट दक्षिणी निगम के अन्य क्षेत्रों में भी शुरू किये जायेगे। इस अवसर पर निगम के उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे।

दक्षिणी जोन के होजखास मार्किट में भी वाई वेस्ट वेडनेसडे के सहयोग से जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक दुकानदारों व नागरिको ने भाग लिया और स्वच्छता पर आधारित आयोजित खेलों में भाग लिया।

# तंबाकू के खतरे से निपटने के लिए जागरूकता की जरूरत : विशेषज्ञ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

तंबाकू की खपत घटाने और कैंसर के खतरे को दूर रखने के लिए एक त्रिस्तरीय रणनीति अपनाने की जरूरत है, जिसमें जन जागरूकता फैलाना, मजबूत कानून बनाना और तंबाकू तक आम आदमी की पहुंच दुर्गम बनाने के लिए उच्च कर दरें लागू करना शामिल है। चिकित्सा विशेषज्ञों ने यह सुझाव दिया है। यह त्रिस्तरीय रणनीति इसलिए जरूरी है, क्योंकि तंबाकू से होने वाला कैंसर देश में एक बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में उभर रहा है।

विश्व कैंसर दिवस (चार फरवरी) पर आयोजित एक वेबिनार में प्रमुख स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया और स्थिति पर अपनी चिंता जताई। एम्स के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने इस बात पर अफसोस जताया कि महिलाएं तंबाकू के सेवन को फैशन सिंबल के रूप में देखते हुए तेजी से इसकी तरफ आकर्षित हो रही हैं।

आयोजकों ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा, तंबाकू नियंत्रण के लिए शीर्ष चिकित्सा विशेषज्ञों ने त्रिस्तरीय रणनीति अपनाने का सुझाव दिया है, जिसमें जन जागरूकता फैलाना, मजबूत कानून बनाना और तंबाकू तक आम आदमी, खासकर बच्चों की पहुंच दुर्गम बनाने के लिए उच्च कर दरें लागू करना शामिल है।

# सरकारी कार्यालय पर कब्जा कर पार्टी गतिविधियां चला रहे मंत्री विधायक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- दिल्ली भाजपा महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने आप नेताओं पर लगाए आरोप



आप सरकार के लगभग सभी विधायक सरकारी जमीन या सरकारी कार्यालय पर अवैध रूप से कब्जा कर अपनी पार्टी की गतिविधियां चला रहे हैं। यह आरोप दिल्ली प्रदेश भाजपा महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने लगाया है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक संयुक्त प्रेसवार्ता में प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष राजन तिवारी ने केजरीवाल सरकार पर निशाना साधा। भाजपा नेता कहा कि दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं सतेंद्र जैन सहित अन्य मंत्री का कार्यालय भी सरकारी जमीन पर बना है। सामुदायिक भवन जनता की सेवा और सुविधा के लिए होता है लेकिन उसका ज्आपज् विधायकों एवं पार्षदों द्वारा निजी स्वार्थ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

# पेंशन की सारी प्रक्रिया अब होगी ऑनलाइन

## पेंशन धारकों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने होंगे : गौतम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में आवेदशन से लेकर, वितरण तक पेंशन की सारी प्रक्रिया अब ऑनलाइन होगी। दिल्ली सरकार के इस फैसले के बाद पेंशन धारकों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने होंगे। समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने बताया कि सबसे पहला डिजिटल पेमेंट मंगलवार को किया गया है। देश में यह अपनी तरह का पहला प्रयास है। इस कदम से भ्रष्टाचार खत्म होगा और पेंशन पाने वालों को घर बैठे सुविधा मिलेगी।

राजेंद्र पाल गौतम के मुताबिक एनएसएपी-पीपीएस (National Social Assistance Program-Pension Payment System) को एफएएस ( Financial Assistance Scheme) में लागू किया है। एनएसएपी-पीपीएस के माध्यम से पेंशन इन्हीं बैंकों में भेजी जाएगी। जिसका एंड टू एंड डिजिटलीकरण पूरा हो गया है। इससे पेंशन भुगतान में होने वाली गड़बड़ियों पर रोक लगेगी और भ्रष्टाचार से छूटकारा मिलेगा। साथ ही पेंशन के लिए असुविधा का सामना करना नहीं पड़ेगा। गौतम ने ट्वीट करके जानकारी दी कि अरविंद केजरीवाल सरकार का यह ऐतिहासिक कदम है। भ्रष्टाचार खत्म करने और जनता को घर बैठे सुविधा प्रदान करने के लिए पेंशन के सारी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। पहला डिजिटल पेमेंट किया गया है। ईमानदारी की राजनीति से इस मुकाम तक पहुंच सके हैं।

मंत्री ने बताया कि पहले तकनीकी वजह से यह पेमेंट डिजिटल नहीं हो पाया था। लेकिन समाज कल्याण विभाग ने केंद्र सरकार के साथ कई बैठकें की, जिससे इसका समाधान निकला। अब पेंशन के मामलों में कोई रुकावट नहीं आएगी।

# ईडब्ल्यूएस मरीज से रुपए मांगने पर निजी अस्पताल को भेजा नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने समय से पहले बच्चे को जन्म देने वाली ईडब्ल्यूएस श्रेणी की एक महिला से एक लाख रुपए कथित तौर पर मांगने के मामले में राष्ट्रीय राजधानी के एक निजी अस्पताल को नोटिस जारी किया है। यह घटना चार फरवरी की है, जब महिला, जिसे समय से पहले बच्चे को जन्म देने के बाद तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता थी, को दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

डीसीपीसीआर की नोटिस में दावा किया गया है कि अस्पताल प्रशासन ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ईडब्ल्यूएस बिस्तर की कथित अनुपलब्धता के आधार पर मरीज को भर्ती करने से इनकार कर दिया। उसने मरीज से अस्पताल में भर्ती करने के लिए एक लाख रुपए की भी मांग की। आरोपों पर अस्पताल की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। डीसीपीसीआर ने अस्पताल से चार फरवरी की रात साढ़े दस बजे की अपने स्वागत कक्ष की सीसीटीवी फुटेज सौंपने और अस्पताल में ईडब्ल्यूएस बिस्तरों की स्थिति बताने को कहा है। इसने अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को उसके नोटिस के जवाब के साथ 11 फरवरी को पेश होने के लिए भी कहा। आयोग ने दक्षिण जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष से जांच में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# एनडीएमसी शुरू करेगा ऐप-आधारित रेंटल इलेक्ट्रिक स्कूटर

## प्रदूषण पर वार: क्षेत्र में लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए जारी की निविदा

**संजय राय।** नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् क्षेत्र में रहने वालों लिए लास्ट माइल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए एनडीएमसी ऐप-आधारित रेंटल इलेक्ट्रिक स्कूटर मुहैया कराएगा। अपनी इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए परिषद ने निविदा आमंत्रित कर दी है।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद कके अनुसार दो चरणों में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के आधार पर एक हजार ई-स्कूटर के लिए के लिए स्टेशन स्थापित किए जाएंगे और एनडीएमसी अपने क्षेत्र में 100 स्थानों पर इन्हें स्थापित करेगी। पहले चरण में केवल पांच सौ ई-स्कूटरों के लिए स्टेशन बनाए जाएंगे। साथ ही 50 चार्जिंग स्टेशनों पर ईस्कूटर तैनात होंगे। दूसरे चरण में भी यही दोहराया जाएगा। ये मेट्रो स्टेशनों, बस स्टॉप, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों आदि के पास होंगे।

ये ई-स्कूटर एक बार पूरी तरह सेचार्ज होने पर 80 किमी तक दौडेंगे। इनकी अधिकतम रफ्तार 45 किलोमीटर प्रति घंटे होगी। यह स्कूटर नेट आधारित एप्लिकेशन के माध्यम से संचालित हो सकेंगे। उपयोग करने वाला व्यक्ति इसे कम से कम 15 मिनट के लिए किराए पर लेना होगा और शुल्क प्रत्येक मिनट के हिसाब से वसूला जाएगा। एनडीएमसी इन वाहनों को परिवहन विभाग में पंजीकृत करेगा। करेगी क्योंकि इन वाहनों को संचालित करने के लिए लाइसेंस की जरूरत होती है। ई-स्कूटर चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है। इस पर दो व्यक्तियों के बैठने का प्रावधान होगा। इन जीपीएस चिप आधारित वाहनों की आवाजाही की निगरानी पालिका केंद्र स्थित एनडीएमसी कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से नजर रखी जाएगी।

नई दिल्ली पालिका परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने भरोसा जताया कि कि ये ई-स्कूटर न केवल शहर में प्रदूषण कम करने की दिशा में अच्छा प्रयास है बल्कि कम दूरी की यात्रा के लिए निजी वाहनों का उपयोग करने की भी आवश्यकता में कमी आएगी।

## रिठाला में जनता की मदद को लगा रहे नियमित शिविर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रिठाला क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 में विभिन्न शिविर लगाकर मदद की जा रही है। आधार कार्ड, वोटर कार्ड, श्रम कार्ड और चिकित्सा शिविर के माध्यम से जनता की मदद की जा रही है।

इन शिविरों का आयोजन आप नेता प्रदीप मित्तल द्वारा किया गया। गत सप्ताहांत जी ब्लॉक में आयोजित तीन दिवसीय दंत व नेत्र चिकित्सा में सैकड़ों मरीजों का उपचार किया गया। वहीं सोमवार से शुक्रवार तक आधार कार्ड, वोटर कार्ड व श्रम कार्ड कैंप से मदद जारी है। प्रदीप मित्तल कोरोना काल में भी बड़ी संख्या में लोगों की मदद की और नियमित भोजन की व्यवस्था की।

# ट्यूलिप, लिली फूल-पौधों से सज रहा वसंत

## राष्ट्रीय राजधानी में एनडीएमसी ने लगाए फूलों की विभिन्न प्रजातियों के 63,500 पौधे

**पायनियर सामाचार सेवा।** नई दिल्ली



एनडीएमसी द्वारा हालैंड से लाकर राजधानी दिल्ली में लगाए गए विभिन्न प्रजातियों के 63,500 फूल के लगाए पौधों से दिल्ली सजने लगी है। इनमें से 53000 ट्यूलिप, 7000 लिली और 3500 आईलेक्स और फ्रीसिया फूलों की प्रजातियाँ खिलने लगी हैं। इन पौधों को नई दिल्ली के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में लगाया गया है।

एनडीएमसी उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बताया कि सेंट्रल पार्क, एनडीएमसी मुख्यालय, विंडसर प्लेस राउंडअबाउट, तालकटोरा गार्डन, लोधी गार्डन, उपराष्ट्रपति बंगला के सामने (अकबर रोड और मौलाना आजाद रोड), 11 मूर्ति आदि जगहों पर ट्यूलिप और लिली के पौधे लगाए गए। उन्होंने बताया कि प्रमुख आकर्षण शांति पथ के दोनों किनारों को कवर करता है जो लगभग 500 मीटर का क्षेत्र है। रोज गार्डन के चौराहे पर अमेरिकी दूतावास के साथ-साथ कनाडा दूतावास के पास भी फूल खिल रहे हैं।

लोधी गार्डन और एम्स सर्कल में लिली और ट्यूलिप सहित अन्य प्रजातियों के फूल लगाए गए हैं। सेंट्रल पार्क में फव्वारे के किनारे ट्यूलिप की पट्टियां भी लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि लगाए गए ट्यूलिप सफेद, पीले, लाल, गुलाबी, नारंगी, बैंगनी, पीले-लाल और सफेद रंग के हैं । उन्होंने कहा इन फूलों से लुटियंस दिल्ली पूरे वसंत ऋतु में रंगीन बनी रहेगी।

# 67 करोड़ में बनेगी एनएच-48 से पटौदी रोड को जोड़ने वाली सड़क : सुंदर लाल

## युद्ध स्तर पर शुरू हो चुका है इस सड़क के निर्माण का काम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में एनएच-48 से पटौदी रोड तक सड़क निर्माण के लिए की गई तैयारी।



सत्यप्रकाश जरावता।



सुंदर लाल यादव।

**नए** गुरुग्राम में सेक्टर-81 राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 से लेकर सेक्टर-89 से पटौदी रोड को जोड़ने वाली सड़क का जीएमडीए के अधिकारियों ने विधिवत शुभारंभ हुआ। सड़क बनाने के लिए पटौदी विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने जीएमडीए के अधिकारियों के साथ बैठक में निदेश दिए थे। सड़क के निर्माण से अनेक गांवों, कई रिहायशी सोसायटी के लोगों को लाभ होगा। इस सड़क पर करीब 67 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

सेक्टर-81, 89 की तरफ से पटौदी रोड की तरफ जाने का कोई विशेष रास्ता नहीं था। लोग काफी परेशान थे। इस बाबत पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता के समक्ष मांग उठाई गई थी। जीएमडीए के अधिकारियों के साथ बैठक में विधायक ने इस काम को प्रमुखता से करने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों के साथ इस पर काफी विचार-विमर्श भी किया। अब जाकर इस सड़क के निर्माण का रास्ता साफ हो पाया है।

**क्षेत्र के विकास को गंभीर हैं विधायक** : भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदर लाल ने बताया कि सुंदर लाल ने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को लेकर विधायक सत्यप्रकाश जरावता त्वरित निर्णय लेते हैं। लोगों द्वारा जिन समस्याओं से उन्हें अवगत कराया जाता है, वे उसी समय उस पर काम कर देते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी कार्यशैली के चलते अधिकारियों द्वारा उनके द्वारा संज्ञान में लाए गए कार्यों को अहमियत दी जाती है।

उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए वे लगातार प्रयासरत रहते हैं। उनके विधानसभा क्षेत्र का काफी हिस्सा मानेसर नगर निगम में भी आता है। इसलिए वे नगर निगम के माध्यम से भी लगातार जनहित के कार्यों को पूरा करवा रहे हैं। मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वे नियमित तौर पर आम लोगों से भी सलाह लेते हैं, ताकि जमीनी हकीकत समझकर वे काम को बेहतरी से करवा सकें। सुंदर लाल ने विधायक सत्यप्रकाश जरावता द्वारा इस सड़क का निर्माण कराने के लिए लोगों की तरफ से धन्यवाद किया है। इसके बनने के बाद काफी गांवों को लाभ होगा।

### जनता को सुविधाएं देना ही प्राथमिकता : विधायक

**विधायक** सत्यप्रकाश जरावता ने सड़क निर्माण के कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि मनोहर सरकार हर क्षेत्र का समान विकास करने को कटिबद्ध है। इस सड़क के निर्माण से लोगों को आवाजाही में सुविधा होगी। यह सड़क पटौदी रोड को एनएच-48 से जोड़ेगी, जो कि निजी व व्यवसायिक वाहनों के लिए सुलभ होगी।

# गुरु गोरख नाथ प्रकटोत्सव पर दिया भाईचारे का संदेश



गुरु गोरख नाथ प्रकटोत्सव पर कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु।

**भिवानी।** वसंत पंचमी पर गुरु गोरखनाथ के प्रकटोत्सव पर जिले के गांव दिनोद में भव्य समारोह आयोजित किया गया। धूमधाम से प्रकटोत्सव मनाया गया। इस दौरान विशेष झांकियां भी निकाली गई।

हवन और आरती करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कलाकारों सोमबीर एंड पार्टी, पवन बजीना, बाल कलाकार मानव गुलिया, रविंदर देवसर, भूपेंद्र, दीवान आदि कलाकार द्वारा मनोरंजक और ज्ञानवर्द्धक रागिनी व भजन प्रस्तुत किए गए। मंदिर समिति के सचिव संदीप बिसला ने बताया कि गत 15 वर्षों से हर बार गुरु गोरखनाथ जी का प्रकट उत्सव बसंत पंचमी के दिन मनाया जाता है। दिनोद गांव से 36 बिरादरी समाज, आसपास क्षेत्र और रिश्तेदारियों से प्रतिनिधित्व ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अनेक साधु संतों और सम्मानीय व्यक्तियों ने यहां शिरकत की। समस्त ग्रामीणों ने इस समारोह को मनाने में भूमिका निभाई। इसमें जयपाल, सूरजभान, सूबेदार जमुनादास, डॉक्टर गंगाराम, बहादर, विजय, बबलू बिजेन्दर, मनीराम भगत, अनिल, ईश्वर, सतबीर, सुरेश, कुलदीप नम्बरदार, जयभगवान प्रधान, जयनारायण, मुकेश, सतीश ठेकेदार, विजय, बनारसी, नाथूराम आदि ने कड़ी मेहनत की।

## संक्षिप्त समाचार

### कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं तारों में अटके खम्भा



टेढ़े होकर बिजली के तारों से सटे टेलिफोन के पोल।

**गुरुग्राम।** आम कालोनी की बात छोड़ दीजिये यहां पॉश इलाके सेक्टर-14 में लंबे समय से टेलिफोन के दो खम्भे बिजली की थ्री फेस की तारों में अटके हैं। इसे हटाने की न तो किसी ने कोई पहल की है और ना ही टेलिफोन विभाग ने कोई जहमत नहीं उठाई है। यह कभी भी गिरकर लोगों के लिए खतरा बन सकते हैं। सेक्टर-14 मार्केट में इन दोनों खम्भों के वजन से जब भी तार टूटा तो यह खम्भे यहां जान-माल को नुकसान पहुंचाएंगे। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि कई बार विभाग को इसकी सूचना दी गई है। अभी तक किसी ने इसकी सुध नहीं ली है। लोगों का कहना है कि अधिकारी और कर्मचारी अपने काम के प्रति उदासीन रवैया अपना रहे हैं। जो काम एक शिकायत पर हो जाना चाहिए, वह कई दिनों से अटका पड़ा है। ऐसे में साफ है कि विभाग कितनी गंभीरता से अपना काम कर रहा है। एक आवाज संस्था के संरक्षक राज सैनी बिसरवाल ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए यह तस्वीरें मीडिया को भी उपलब्ध कराई हैं और संबंधित अधिकारियों को सोशल प्लेटफार्म के जरिये प्रेषित की हैं। उनका कहना है कि अधिकारियों को शहर की हर समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही यह खम्भे नहीं हटाये गये तो संस्था की ओर से विधायक को इस बारे में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### देश-विदेश के कवियों ने बसंत पंचमी महोत्सव में बिखेरे रंग

**गुरुग्राम।** भारत एवं संपूर्ण विश्व के साहित्य, कला, ज्ञान-विज्ञान एवं संस्कृति को प्रतिबिंबित करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था सृजनी: द क्रिएटिव वुमेन द्वारा बसंत पंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया। मां सरस्वती को समर्पित स्वरचित वंदना गीतों द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सृजनी की सह-संस्थापिका एवं पर्यावरणविद् डॉ. श्वेता सिन्हा ने मां शारदे को समर्पित अपनी एक भक्तिपूर्ण मुक्तक से की। गुरुग्राम से कवयित्री वीणा अग्रवाल ने अपनी एक नूतन रचना वरदायिनी वरदान दो, अंत:करण में ज्ञान दो, मुझे आशा और विश्वास का अविरल अभय अनुदान दो सुनाकर पूरे पटल को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। दूसरी प्रस्तुति में आशीष मिश्रा ने सप्त सुरों की माला भी है और कर में है पुस्तक, तुम्हें नमस्ते हे कमलासिनी, चरणों में नतमस्तक सुनाकर मां के अद्भुत, अलौकिक, महाविद्या रूप का मनोहारी चित्रण कर डाला। अगली प्रस्तुति में सुप्रसिद्ध कवयित्री एवं लेखिका प्रिया शुक्ला ने श्रीगणेश एवं मां शारदे के सुमधुर वंदना से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिर नवोदित प्रतिभावान कवयित्री सोनाली सेन ने अपनी मधुर आवाज में मां भगवती की स्तुति शारदे तार दे भगवती, ओ मां, प्रगति दो ऐसी गति गा कर सभी श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। रूस से जुड़ी प्रसिद्ध साहित्यकार एवं कवयित्री प्रगति टिपनिस ने अपनी प्रथम स्वरचित शारदे वंदना से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में सृजनी की सह-संस्थापिका एवं लाइब्रेरी कमिश्नर (कैलिफोर्निया) अर्चना पांडे ने- वंदना देवी दीजिए वरदान, छूटे क्रोध अभिमान रचना सुनाया। सृजनी की दूसरी सह-संस्थापिका आईटी प्रोफेशनलिस्ट प्राची रंधावा ने मंत्र उच्चारण संग अपनी सुमधुर वंदना जय मां शारदे, बुद्धि विद्या सरलता, हर एक को तू दान दे सुना कर कार्यक्रम की रौनक कई गुना बढ़ा दी।

### कोरोना पॉजिटिव होने की फर्जी रिपोर्ट बनाने वाली लैब पर छापा




गुरुग्राम के डीएलएफ फेज-3 की इसी लैब में तैयार की जाती थी कोरोना पॉजिटिव होने की फर्जी रिपोर्ट और जांच करते अधिकारी।

**गुरुग्राम।** यहां डीएलएफ फेज-3 स्थित एक डायग्नोजिस्ट लैब में कोरोना पॉजिटिव होने की फर्जी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस सूचना के आधार पर मंगलवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने स्वास्थ्य विभाग और ड्रग्स कंट्रोल विभाग के साथ मिलकर छापेमारी की और इस अपराधिक कार्य का भंडाफोड़ किया। मंगलवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता गुरुग्राम को अपने सूत्रों के माध्यम से एक सूचना मिली कि एसआरएल डायग्नोजिस्ट लैब मकान नम्बर एनआर-24 डीएलएफ फेस-3 गुरुग्राम में पैसे लेकर फर्जी तरीके से कोरोना पॉजिटिव होने की फर्जी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री उड़न दस्ता गुरुग्राम के द्वारा स्वास्थय विभाग व ड्रग्स कन्ट्रोलर विभाग गुरुग्राम को इस बारे में अवगत कराया। संयुक्त टीम बनाकर तत्परता से कार्रवाई करते हुए एसआरएल डायग्नोजिस्ट लैब पर छापेमारी की गई। लगभग 5 महीने पूर्व लैब के फ्रेंचाइजिज अनुज शर्मा द्वारा 18 हजार रुपये प्रतिमाह किराये पर जगह लेकर यह लैब शुरू की गई थी। यह लैब गुड हेल्थ डायग्नोस्टिक के नाम से पंजीकृत है। टीम को पता चला कि एसआरएल डायग्नोस्टिक लैब के नाम से यहां फर्जी कोरोना पॉजिटिव होने की रिपोर्ट दो से पांच हजार रुपये लेकर बनाई जा रही है। टीम ने मौके से कई फर्जी रिपोर्ट, लैपटॉप, प्रिंटर, एक रबड़ की मुहर, एक फोन, कुछ कागजात व 12 हजार 500 रुपये नकद बरामद किए। लैब में कार्यरत संजीव (22) पुत्र कालीचरण वासी महिपालपुर दिल्ली को मौके पर पकड़ा गया। लैब संचालक अनुज शर्मामौके पर नहीं मिला। थाना डीएलएफ फेस-3 गुरुग्राम में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया गया है।

# विश्वविद्यालयों में शुरू किए जाएं कौशल विकास के कोर्स: राज्यपाल



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात करते गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

## चंडीगढ़ में राज्यपाल से मिले गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति

**गुरुग्राम।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी व गैर सरकारी विश्वविद्यालयों में कौशल विकास से सम्बन्धित कोर्सेज शुरू किए जाएं, ताकि छात्रों को रोजगारोन्मुखी व व्यवसायिक शिक्षा मिले। यह बात उन्होंने गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार से बातचीत करते हुए कही। प्रो. दिनेश कुमार मंगलवार को राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात करने पहुंचे थे।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय कहा कि कौशल विकास से सम्बन्धित कोर्सों के लिए केन्द्र व राज्य की योजनाओं तथा कारपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) योजनाओं के तहत वित्तीय प्रबंधन करें। उन्होंने विश्वविद्यालय से सम्बन्धित गैर सरकारी महाविद्यालयों में भी व्यवसायिक कोर्स शुरू करवाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि सेप जैसी संस्थाओं के सहयोग से विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में शिक्षकों और छात्रों को नए परिस्थितिक तन्त्र से प्रशिक्षित करवाएं, जिससे छात्रों में सीखने की और शिक्षकों में सीखाने की नई तकनीक विकसित होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले शिक्षण संस्थाओं में इस प्रकार के कोर्सेस को बेहतर सफलता मिल सकती है। क्योंकि इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र की मैन्यूफैक्चरिंग कम्पनियों से समझौता कर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण से सम्बन्धित सुविधाएं जुटाई जा सकती हैं।

### कुलपति ने राज्यपाल को दी कई जानकारी

**इस** मुलाकात में गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट से सम्बन्धित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कम्पयूटर, मशीन लर्निंग, से सम्बन्धित विभिन्न कोर्सेस शुरू करने की तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को 12-ए में पंजीकृत कराने की प्रक्रया भी शुरू कर दी है, जिससे विश्वविद्यालय को केन्द्र सरकार व सीएसआर की योजनाओं के तहत और अधिक ग्रांट मिल पाएगी। उन्होंने विवि के निर्माण से सम्बन्धित मास्टर प्लान के बारे विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि विवि में सबसे पहले फार्मेसी ब्लॉक और प्रशासनिक खंड का निर्माण किया जाना है। यह निर्माण शीघ्र शुरू होने की संभावना है।

# गुरुग्राम विश्वविद्यालय के बाहर छात्रों का प्रदर्शन

## मंगलवार सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक विवि के गेट के बाहर छात्रों ने धरना भी दिया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम विश्वविद्यालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते छात्र।

**सेमेस्टर** परीक्षाओं में ऑनलाइन विकल्प की मांग को लेकर छात्रों का आंदोलन बढ़ता जा रहा है। सोमवार को द्रोणाचार्य कालेज के बाहर सड़क जाम करने के बाद मंगलवार को छात्र सेक्टर-51 स्थित गुरुग्राम विश्वविद्यालय पहुंचे। वहां सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक गेट पर धरना दिया। विद्यार्थियों ने परीक्षाओं में ऑनलाइन विकल्प की मांग करते हुए विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके साथ ही विवि के छोटे गेट को बंद कर दिया, जिससे विवि के अंदर व बाहर आने-जाने वाले अन्य विद्यार्थियों को परेशानी हुई। विवि प्रशासन ने विद्यार्थियों को समझाने की मांग की, लेकिन विद्यार्थी कुलपति से बात करने की मांग पर अड़े रहे। पुलिसकर्मियों ने गेट के आगे से विद्यार्थियों को हटाने का प्रयास किया, ऐसे में विद्यार्थियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी की।

गुरुग्राम विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. नवीन गोयल ने स्वयं बाहर आकर प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों की मांगों को सुना। उन्होंने 5 पहले ही परीक्षाओं के लिए समय बढ़ाने और 10 प्रश्नों में से कोई 5 प्रश्न करने छूट मिलने संबंधी दिशा-निर्देशों का हवाला दिया। वहीं विद्यार्थी सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा आयोजित कराने की मांग करते रहे। इसके बाद विवि प्रशासन ने विद्यार्थियों की ओर से चुने गए विद्यार्थियों को बात करने के लिए अंदर बुलाया। विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. नवीन गोयल सहित स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों की मांगों को सुना और कमेटी के समक्ष मांगों को रखने एवं दो दिनों में निर्णय देने की बात कही। परीक्षा नियंत्रक डा. नवीन गोयल ने कहा कि महाविद्यालयों के विद्यार्थी सेमेस्टर परीक्षाओं में सभी को ऑनलाइन परीक्षा देने की मांग कर रहे थे।

# नए सेल्सफोर्स ग्लोबल इंडैक्स के मुताबिक भारत डिजिटल स्किल्स रेडीनेस में शीर्ष पर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सीआरएम** (एनएसई) में ग्लोबल लीडर, सेल्सफोर्स ने आज अपना ग्लोबल डिजिटल स्किल्स इंडेक्स प्रकाशित किया। इसमें भारत में अगले पांच सालों में और आज व्यवसायों के लिए आवश्यक डिजिटल कौशल हासिल करने के लिए वैश्विक कर्मचारियों की तैयारी व भावना के बारे में बताया गया।

भारत में 72 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वो खुद को भविष्य के कार्यबल के लिए तैयार करने के लिए डिजिटल कौशल सीख रहे हैं। भारत में 66 फीसदी उत्तरदाताओं ने यह भी कहा कि वो डिजिटल कौशल सीखने के लिए संसाधनों की काफी उपलब्धता महसूस करते हैं। यह इंडेक्स 19 देशों में 23,500 से ज्यादा कर्मियों पर किए गए एक सर्वे पर आधारित है, जिसमें औसत ग्लोबल रेडीनेस स्कोर 100 में से 33 का रहा।

**आज के व्यवसायों के लिए आवश्यक सबसे महत्वपूर्ण डिजिटल कौशल** : दुनिया में कोलाबोरेशन टेक्नॉलॉजी में कौशल, जैसे स्लैक आदि को आज के व्यवसायों के लिए आवश्यक सबसे महत्वपूर्ण कौशल के रूप में देखा जाता है। केवल 25 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास खासकर कार्यस्थल के लिए जरूरी 'एडवांस्ड' कोलाबोरेशन टेक्नॉलॉजी का कौशल था। भारत में डिजिटल मार्केटिंग कार्यस्थल के कौशल की सूची में शीर्ष पर रही और अपने कार्यस्थल पर डिजिटल मार्केटिंग के कौशल को 'एडवांस्ड' की सूची में रखने वाले केवल 39 प्रतिशत उत्तरदाता थे।

**कार्यबल का कौशल संवर्धन: बेबी बूमर्स वर्सेस जनरेशन जैड** : दुनिया में 51 प्रतिशत और भारत में 54 प्रतिशत उत्तरदाता अपने मौजूदा करियर में वृद्धि करने के लिए नए कौशल सीखना चाहते हैं। मौजूदा कार्यबल की क्षमताओं का इस्तेमाल कर, व्यवसाय अपने कौशल की कमी को पूरा करने के लिए प्रगति में तेजी ला सकते हैं। इंडैक्स में यह भी सामने आया कि युवा उत्तरदाताओं को नया कौशल सीखने के प्रति ज्यादा आत्मविश्वास व उत्साह है - 'जनरेशन जैड' के एक तिहाई से ज्यादा कर्मी अगले पाँच सालों में जरूरी कौशल को ज्यादा सक्रियता से सीख रहे हैं। हालांकि, भारत में बेबी बूमर्स सबसे आगे हैं और 83 प्रतिशत उत्तरदाता आज के लिए जरूरी कौशल को काफी सक्रियता से सीख रहे हैं।

सेल्सफोर्स इंडिया की सीईओ, चेयरपर्सन अरुंधति भट्टाचार्य ने कहा, डिजिटल-फर्स्ट दुनिया में कौशल की कमी एक नए मोड़ पर आ गई है। इस कमी को पूरा करने के लिए कॉर्पोरेट भारत ने ठोस प्रयास किए और उसके परिणाम सभी के सामने हैं। भारत प्रतिभाओं के लिए ग्लोबल पॉवरहाउस के रूप में विकास कर रहा है, जिनमें नई डिजिटल अर्थव्यवस्था में इस वैश्विक परिवर्तन का नेतृत्व करने की क्षमता हो।

## वन विभाग ने पौधारोपण कार्यकम के तहत जिला में लगाए सात लाख पौधे

**गुरुग्राम।** जिला के वन विभाग ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए, निर्धारित किए गए लक्ष्य की तुलना में जनवरी माह तक करीब सात लाख पौधे लगाने का कार्य पूरा कर लिया है। वन विभाग द्वारा जिला की पर्यावरण परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम चलाया गया था। जिसके आगामी कुछ वर्षों में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।

पर्यावरण संरक्षण के लिए वन विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जाता है, लेकिन पिछले वर्ष कोरोना काल में जिला में ऑक्सीजन की कमी को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने जिला में 10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया था। उन्होंने कहा कि वन विभाग ने गुरुग्राम जिला की अत्यधिक जनसंख्या के दबाव को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष पौधारोपण कार्यक्रम में आम जनमानस की भागीदारी भी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया था।

# दिल्ली में अपनी पहुंच मजबूत करने के लिए टर्टल वैक्स ने सेलेस्टियल राईड्स के साथ गठबंधन किया

## पंजाबी बाग में ऑल-न्यू कार केयर स्टूडियो प्रस्तुत किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**अवार्ड-विनिंग** शिकागो स्थित कार केयर कंपनी, टर्टल वैक्स ने सी1, शिवाजी पार्क, पंजाबी बाग 110026 स्थित सेलेस्टियल राइड्स के साथ साझेदारी में नई दिल्ली में अपने को-ब्रांडेड कार केयर स्टूडियो के लॉन्च की घोषणा की। अत्याधुनिक टर्टल वैक्स डिटेलिंग टेक्नोलॉजी एवं योग्य व प्रशिक्षित सर्विस पर्सनल्स की टीम के साथ यह टर्टल वैक्स कार केयर स्टूडियो कार-प्रेमियों की व्यक्तिगत पसंद के अनुरूप डिजाईन किए गए उत्पादों व कार डिटेलिंग सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेगा।

सेलेस्टियल राइड्स पिछले 4 सालों से कार, बॉडी किट के नवीनीकरण, एस्थेटिक कस्टमाईजेशन, पेंट वर्क, मैकेनिकल सेवाएं, पीपीएफ आदि के लिए विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कर रहा है। ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी व सेवाओं द्वारा बेहतर मूल्य प्रदान करने के लक्ष्य के साथ टर्टल वैक्स कार केयर स्टूडियो, सेलेस्टियल राइड्स के साथ कोब्रांडेड होकर प्रोफेशनल वाहन मेंटेनेंस और हाईजीन के लिए उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करेगा। यह स्टूडियो टर्टल वैक्स की सेरेमिक और ग्रैफीन श्रृंखला के साथ अनेक कार केयर पैकेज तथा अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्रदान करता है, जिससे अतुलनीय परिणाम मिलते हैं।

कार केयर स्टूडियो के ग्राहकों को टर्टल वैक्स की ग्रैफीन टेक्नोलॉजी के साथ हाईब्रिड सॉल्यूशंस एवं हाईब्रिड सॉल्यूशंस प्रो जैसे विश्वप्रसिद्ध डिटेलिंग उत्पादों से मिलने वाले प्रोफेशनल परिणामों का अनुभव लेने का मौका मिलेगा।

इस लॉन्च के बारे में साजन मुरली पुरवंगर, मैनेजिंग डायरेक्टर, टर्टल वैक्स कार केयर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड ने कहा, गुड़गांव, हरियाणा में हमारे मौजूदा कार केयर स्टूडियो को मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद, हमें इसके नजदीकी इलाके पंजाबी बाग, दिल्ली में ऑल-न्यू प्रीमियम डिटेलिंग स्टूडियो का उद्घाटन करने की खुशी है। इसके द्वारा हमारा उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रीमियम गुणवत्ता की कार डिटेलिंग सेवाएं प्रदान करना है। इस ब्रांड को श्रेणियों व उत्पादों की सबसे बड़ी श्रृंखला प्रदान करने पर गर्व है, ताकि ग्राहकों को अद्वितीय डीआईएफएम सेवाओं का अनुभव मिल सके।

इस नए गठबंधन के बारे में सेलेस्टियल राइड्स के मालिक, मयंक, तनेजा ने कहा, ''हमारा मानना है कि लोगों का अपनी कार से एक खास संबंध होता है। हमारे स्टूडियो ग्राहक को सेवाएं देने की बजाय इस संबंध को सेवाएं देते हैं। हमें टर्टल वैक्स के साथ साझेदारी करने की खुशी है।

# मुंढाल में सरस्वती वंदना से माहौल हुआ धार्मिक



सीडीएस स्कूल में सरस्वती वंदना करते स्टाफ के सदस्य।

**मुंढाल (भिवानी)।** क्षेत्र के सीडीएस इंटरनेशनल स्कूल में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में गणेश वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ ज्ञानदात्री शारदा मां की भक्तिभाव से आराधना गयी। विद्यालय के एमडी जितेंद्र मान ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर उनकी पूजा की।

प्राचार्या प्रवेश ढुल, एकेडमिक हेड ललित पूनिया, कोऑर्डिनेटर सुशीला भड़, एक्टिविटी इंचार्ज राजबाला सहित सभी स्टाफ सदस्यों व छात्रों ने वीणावादिनी मां की प्रतिमा को पुष्प अर्पित करके वंदना की। प्राचार्य प्रवेश ढुल ने कहा कि बसंत पंचमी हमारे पर्यावरण से भी संबंधित हैं। इस दिन पूरी पृथ्वी हरी-भरी व फल-फूलों से लदी नजर आती है। क्योंकि इस दिन ना तो अधिक सर्दी और न ही गर्मी पड़ती है। उन्होनें बच्चों को बसंत पंचमी की शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या प्रवेश ढुल ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के अलावा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनकी आंतरिक प्रतिभाओं को समाज के सम्मुख लाना हैं। विश्वास है कि हम बच्चों के लिए एक खुशी भरा वातावरण प्रदान कर रहे हैं।

# व्हाट्सऐप पर यूजर्स को सुरक्षित रखने और भ्रामक जानकारी के प्रसार को रोकने के लिए मुख्य फीचर्स

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**व्हाट्सऐप** दुरुपयोग को रोककर ऑनलाईन सुरक्षा बढ़ाने के लिए एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग सर्विसेस में उद्योग में अग्रणी है। व्हाट्सऐप में हमारे यूजर्स की सुरक्षा सर्वोपरि है। ऑनलाईन भ्रामक जानकारी और जाली खबरें फैलने से रोकने का कोई एक तरीका नहीं है, इसलिए व्हाट्सऐप ने यूजर्स को अपने दोस्तों व परिवार से बात करते वक्त सुरक्षित रखने के लिए उत्पाद में काफी निवेश किया है।

व्हाट्सऐप पर यूजर्स की सुरक्षा को नियंत्रण में रखने के लिए कुछ सुझाव निम्नलिखित हैं-

1. **ग्रुप प्राईवेसी सैटिंग्स**- व्हाट्सऐप की प्राईवेसी सैटिंग एवं ग्रुप इन्वाईट सिस्टम यूजर्स को यह निर्णय लेने में मदद करता है, कि ग्रुप में उन्हें किसके द्वारा जोड़ा जा सकता है। यह महत्वपूर्ण परिवर्तन यूजर की प्राईवेसी बढ़ाता है और लोगों को अनपेक्षित ग्रुप्स में जोड़े जाने से सुरक्षा प्रदान करता है। इस फीचर को इनेबल करने के लिए सैटिंग में जाकर अकाउंट में जाएं, फिर प्राईवेसी में जाकर ग्रुप्स को चुनें और इसमें दिए गए तीन विकल्पों, ''एवरीवन, ''माई कॉन्टैक्ट्स, या ''माई कॉन्टैक्ट्स एक्सेप्ट में से अपनी सुविधा के अनुरूप कोई विकल्प चुनें।

2. फॉरवर्ड लिमिट एवं वायरल मैसेजेस के लिए अतिरिक्त लिमिट: मैसेज फॉरवर्ड करने की सीमा एक बार में केवल पांच तक सीमित करके व्हाट्सऐप उन मैसेजिंग सेवाओं में से एक बन गया है, जो शेयरिंग पर रोक लगाती हैं। व्हाट्सऐप ने कई बार फॉरवर्ड किए जा चुके मैसेजेस पर अतिरिक्त सीमा तय कर दी है। इन मैसेजेस को 'डबल एरो' द्वारा दर्शाया जाता है, और इन पर फॉरवार्डेड मैनी टाईम्स का लेबल लगा दिया जाता है, जिससे प्रदर्शित होता है कि ये मैसेज किसी नजदीकी संपर्क द्वारा नहीं बनाए गए हैं और ऐसे मैसेज एक बार में केवल एक चौट को ही फॉरवर्ड किए जा सकते हैं। इन संकेतों द्वारा लोगों को यह जानने में मदद मिलती है कि उन्हें मिला मैसेज उस व्यक्ति द्वारा नहीं बनाया गया है, जो इसे भेज रहा है, और व्हाट्सऐप इस तरह के मैसेज को फॉरवर्ड किए जाने से पहले यूजर्स को इनकी सत्यता की पुष्टि कर लेने के लिए प्रोत्साहित करता है।

3. **ब्लॉक यूजर्स:** व्हाट्सऐप यूजर्स को ऐसे अकाउंट ब्लॉक करने का सरल तरीका प्रदान करता है और यदि यूजर्स को किसी विशेष अकाउंट से संदेहास्पद मैसेज मिल रहे हैं, तो वो व्हाट्सऐप से उन अकाउंट्स की शिकायत कर सकते हैं। जब यूजर किसी को ब्लॉक कर देता है, तो उनका 'लास्ट सीन', ऑनलाईन स्टेटस, स्टेटस अपडेट्स, एवं उनके प्रोफाईल फोटो में किया गया कोई भी परिवर्तन उनके द्वारा ब्लॉक किए गए कॉन्टैक्ट को दिखाई नहीं देगा। इसके लिए सैटिंग्स में जाकर अकाउंट्स में जाएं और फिर प्राईवेसी में ब्लॉक्ड कॉन्टैक्ट्स में जाकर उस कॉन्टैक्ट को चुनें, जिसे ब्लॉक किया जाना है।

4. **स्पैम की रिपोर्ट करें:** व्हाट्सऐप के पास एडवांस्ड स्पैम डिटेक्शन टेक्नॉलॉजी है, जो ऑटोमेटेड एवं बल्क मैसेजिंग में शामिल अकाउंट्स को पहचानकर उनके खिलाफ कार्यवाही करने के लिए हर क्षण काम करती रहती है। हालांकि नियमित एसएमएस या फोन कॉल्स की तरह ही अन्य व्हाट्सऐप यूजर्स, जिनके पास उस यूजर का फोन नंबर है।

# वाहनों की चार्जिंग कर सरकारी बिजली का दुरुपयोग

### बीके अस्पताल के कर्मचारी मुफ्त बिजली से करते हैं चार्जिंग

कविता। फरीदाबाद

**शहर** के सबसे बड़े बादशाह खान सिविल अस्पताल में जहां एक तरफ राहुल कालोनी के निवासियों द्वारा बिजली चोरी करने के मामले सामने आ रहे थे। जिसे देखते हुए अस्पताल प्रबंधन की तरफ से बिजली के पूराने तारों को हटवा कर नई लाइन बिछवा दी थी। वहीं अब खुलेआम कर्मचारियों द्वारा अस्पताल की बिजली से अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज किया जा रहा है।

ऐसा ही बीके अस्पताल में मंगलवार को देखने को मिला। जहां एक कार को चार्जिंग पर खुलेआम लगाया हुआ था। लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं था। इस विषय में पीएमओ डॉ. सविता यादव को पता चला तो उन्होंने तुरंत चिकित्सकों को इसकी जांच के आदेश दे दिए।

जानकारी के मुताबिक देश में अब पर्यावरण को नुकसान से बचाने के लिए जहां एक तरफ इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बढ़ रही है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या इन इलेक्ट्रिक वाहनों की बेट्री को चार्ज करने की बनी हुई है। ऐसे में जहां निजी कर्मचारी चोरी-छिपे कंपनियों में गाड़ियां चार्ज कर रहे हैं। वहीं इस कार्य में सरकारी कर्मचारी भी पीछे नहीं है। वह खुलेआम सरकारी बिजली का उपयोग करके गाडियां चार्जिंग पर लगा रहे हैं।



बीके अस्पताल परिसर में चार्जिंग पर लगी ई कार।

### अस्पताल में वाहनों की चार्जिंग

**बीके** अस्पताल में मुफ्त की बिजली पीपीई मोड पर चल रहे जांच केन्द्रों को और चाय की दुकानों को दिए जाने की सूचनाएं मिल रही थी, लेकिन यहां अब इलेक्ट्रिक वाहनों को भी अस्पताल की बिजली से चार्ज किया जा रहा है। इस गाड़ी को ब्लड बैंक और वैक्सीनेशन सेंटर के बाहर लगाए गए वाटर कूलर के प्लग प्वॉइंट को हटाकर चार्ज किया जा रहा था। इस तरह से अस्पताल में सरकारी बिजली से वाहनों को चार्ज करते हुए आम देखा जा सकता है। लेकिन इसके बावजूद कोई इन पर ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं करता।

### पीएमओ का कथन

**अस्पताल** की पीएमओ डॉ. सविता यादव से जब इस विषय में बात की तो उन्होंने कहा कि पीपीई मोड पर चल रहे जांच केन्द्रों (जिसमें हार्ट सेंटर, सीटी एमआरआई सेंटर शामिल है) बिजली के सबमीटर लगे हुए हैं। जिसका बिल जांच केन्द्र संचालकों से वसूला जाता है। इलेक्ट्रिक गाड़ियों को चार्ज करने का मामला उनके संज्ञान में आया है। इसकी जांच करवाई जाएगी और आगे से किसी को भी ऐसे वाहन चार्ज नहीं करने दिया जाएगा।

# लापरवाही : डिलीवरी के दौरान जच्चा के शरीर में छोड़ा गोज पीस

### डिलीवरी के दौरान लगाए गए टांके टूटने से शरीर में आ गई सूजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बीके** अस्पताल में तैनात स्टाफ की एक बार फिर बड़ी लापरवाही सामने आई है। नौ दिन पहले डिलीवरी के बाद घर लौटी जच्चा को पांच दिनों से शौच जाने में परेशानी हो रही थी। जिससे उसके पेट में सूजन आ गई। शौच के लिए जोर लगाने पर गोज का टुकड़ा निकला (पट्टी का टुकड़ा रक्त को रोकने के लिए इस्तेमाल किया जाता है) और डिलीवरी के दौरान लगाए गए टांके टूट गए। महिला के बताने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर आए तो स्टाफ ने साधारण कागज पर दवा लिखकर भेज दिया। मामला संज्ञान में आने पर पीएमओ ने जांच के आदेश दिये हैं।


आपातकालीन कक्ष के बाहर डिलीवरी के दौरान छोड़े गए गोज पीस को दिखाती सोनी की सास।

**यह है पूरा मामला :** राहुल कालोनी निवासी विमलेश की पत्नी सोनी गर्भावस्था में बीके अस्पताल से लगातार अपनी जांच करवा रही थी। उसकी सास ने बताया कि 28 जनवरी को दर्द होने पर यहां जांच के बाद उसे एक-दो दिन में डिलीवरी होने की बात कहकर घर भेज दिया गया। गत 30 जनवरी को एक बार फिर पीढ़ा होने पर सुबह चार बजे उसे बीके अस्पताल के प्रसूति वार्ड में भर्ती करवाया गया।

जहां 30 जनवरी को रात 12 बजे उसने नॉर्मल डिलीवरी से एक लड़के को जन्म दिया। जिस पर उसे एक फरवरी को अस्पताल से डिस्चार्ज करके घर भेज दिया गया। लेकिन अस्पताल से घर पहुंचने के दो-तीन दिन बाद सोनी को शौचालय जाने में दिक्कत होनी शुरू हो गई। मंगलवार को परेशानी में उसने बाथरूम में जाकर जोर लगाया तो गोज का एक टुकड़ा निकला और उसके टांके टूट गए। जिसकी जानकारी उसने परिजनों को दी। परिजन उसे आनन फानन में बीके लेकर पहुंचे। लेकिन वहां मौजूद स्टाफ ने बिना डॉक्टर को दिखाए ही उन्हें कागज पर दवा लिखकर भेज दिया। परिजन दवा काउंटर पर दवा लेने पहुंचे तो कर्मचारी ओपीडी कार्ड पर लिखवाने की बात कहने लगे। ऐसे में परेशान परिजन रोने लगे। इसकी जानकारी पायनियर संवाददाता कविता को मिली, तो पीएमओ डॉ. सविता यादव तक इस मामले को पहुंचाया।

### पीएमओ ने की मदद

पीएमओ ने परिजनों की शिकायत सूनकर सोनी को चिकित्सक से जांच के लिए भेजा और दवाइयां दिलवाकर उसे घर भेजा। साथ ही इस मामले में लापरवाही बरतने वाले स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश भी जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह गोज पीस डिलीवरी के दौरान रक्त को रोकने के लिए लगाया जाता है। जिसे कुछ समय बाद स्टाफ को निकालना होता है लेकिन उक्त स्टाफ ने नहीं निकाला, जोकि लापरवाही है। ऐसे में उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी।

# बिजली निगम का क्लर्क 26 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



### बिजली बिल की रीडिंग में सुधार करने के एवज में मांग रहा था रुपये

**स्टेट** विजिलेंस ब्यूरो ने दक्षिणा हरियाणा बिजली वितरण निगम के छांयसा स्थित कार्यालय में तैनात वाणिज्यिक लेखाकार अधिकारी को 26 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ये वणिज्यिक लेखाकार अधिकारी बिजली बिल की मीटर रीडिंग में सुधार करने के एवज में रुपये मांग रहा था। स्टेट विजिलेंस ब्यूरो ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक गांव फतेहपुर बिल्लौच निवासी जगविन्द्र ने स्टेट विजिलेंस को दी शिकायत में कहा था कि पिछले दिनों बिजली निगम ने उसके पास बिजली का गलत बिल भेज दिया था। मीटर की रीडिंग देखने पर पता चला कि बिजली कर्मचारी द्वारा गलत बिल दिया गया। जिसके बाद वह बिल को ठीक करवाने के लिए छांयसा स्थित बिजली निगम के कार्यालय में पहुंचा तो वणिज्यिक लेखाकार अधिकारी बिल को ठीक करने की एवज में भारी भरकम रिश्वत की मांग करने लगा। उसके द्वारा मिन्नते करने के बावजूद वह रुपयों की मांग करता रहा। परेशान होकर उसने मामले की शिकायत विजिलेंस से कर दी। विजिलेंस के अधिकारियों ने टीम गठित करने के बाद उसे पाउडर लगे नोट देकर भेज दिया। उसने वणिज्यिक लेखाकार अधिकारी 56 वर्षीय मानसिंह को रुपये देने के बाद टीम को इशारा कर दिया। टीम ने उसे तुरंत रंगेहाथों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# लापता महिलाओं को किया परिजनों के हवाले


घर से नाराज होकर निकली महिला को परिजनों को सौंपते क्राइम ब्रांच कैंट के सदस्य।

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट ने 28 तथा 40 वर्षीय दो महिलाओं को बरामद कर उनके परिजनों को सकुशल सौंपने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने मामले में बताया कि महिलाओं के परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना पल्ला तथा सेक्टर 17 में महिलाओं की गुमशुदगी दर्ज की गई थी।

महिला के परिजनों ने बताया कि उनका काफी दिन से उनकी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर छोटा मोटा झगड़ा चल रहा था जिसमें गुस्से में आकर उन्होंने अपनी पत्नी को डांट दिया था जिसके पश्चात वह नाराज हो गई और घर छोड़कर चली गई। उनके काफी ढूढ़ने के बाद भी उनकी पत्नी का कुछ पता नहीं चलने पर पुलिस में मुकदमा दर्ज करके उनकी तलाश शुरू की गई। इसके बाद गुमशुदा नागरिकों तलाश के लिए गठित की गई क्राइम ब्रांच कैट ने तकनीकी सहयोग से 28 वर्षीय महिला के उत्तर प्रदेश के आगरा तथा दूसरी का दिल्ली के मदनपुर खादर में होने का पता लगाया जिसके पश्चात महिलाओं की बरामदगी के लिए थाना पुलिस सहित क्राइम ब्रांच की टीम रवाना हो गई। कड़ी मशक्कत करते हुए पुलिस द्वारा दोनों महिलाओं को उक्त स्थानों से बरामद कर फरीदाबाद लाया गया जहां उनके परिजनों से बातचीत करने पर पता चला कि वह अपने घरवालों से नाराज थी। पुलिस ने महिलाओं को उसके परिजनों के हवाले करते हुए उसके साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने की हिदायत दी।

# अमिताभ बच्चन को मेडीबडी ने बनाया ब्रांड एंबेसडर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** के सबसे बड़े डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म मेडीबडी ने मेगास्टार अमिताभ बच्चन को ब्रांड एंबेसडर के तौर पर अपने साथ जोड़ने का एलान किया है। सभी भारतीय परिवारों तक बेहतर गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के लक्ष्य के साथ मेडीबडी डिजिटल हेल्थकेयर सेक्टर में अग्रणी प्लेटफॉर्म है। मेडीबडी पर यूजर्स को वीडियो कॉल के माध्यम से 24 घंटे विशेषज्ञ डॉक्टरों से ऑनलाइन कंसल्टेशन, घर बैठे स्वास्थ्य जांच, दवाओं की होम डिलीवरी, मानसिक सहयोग एवं अन्य हेल्थकेयर सर्विसेज मिलती हैं।

90,000 से ज्यादा डॉक्टरों, 7000 अस्पतालों, 3000 जांच केंद्रों और 2500 फार्मेसी के नेटवर्क के साथ मेडीबडी देश के 96 प्रतिशत पिन कोड में सेवाएं दे रहा है। इसने अब तक 3 करोड़ से ज्यादा भारतीयों को स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा किया है। मेगास्टार अमिताभ को जोड़ने के साथ ही कंपनी का लक्ष्य देश के कोने-कोने तक अपनी पहुंच सुनिश्चित करना है।




टियर 2 एवं 3 शहरों में अमिताभ बच्चन की लोकप्रियता का लाभ लेते हुए कंपनी खुद को हर घर तक पहुंचाना चाहती है। अमिताभ बच्चन प्लेटफॉर्म पर मिलने वाली विभिन्न सेवाओं का विज्ञापन करेंगे और हेल्थकेयर को प्राथमिकता में रखने की जरूरत पर बल देंगे। इस गठजोड़ पर मेडीबडी के सह-संस्थापक एवं सीईओ श्री सतीश कन्नन ने कहा, 'हमने अपने ब्रांड एंबेसडर के तौर पर अमिताभ बच्चन को अपने साथ जोड़ा है। उनका जुड़ना हमारे लिए सम्मान की बात है। उनका नाम विश्वास और सम्मान के साथ लिया जाता है।

सिनेजगत में अमिताभ बच्चन की जो छवि है, भारतीय हेल्थकेयर सिस्टम में हम मेडीबडी को भी उसी रूप में स्थापित करना चाहते हैं। यह गठजोड़ सभी भारतीयों तक पहुंचने और उन्हें आसानी से उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा देने की दिशा में एक अहम कदम है।' मेडीबडी हमेशा से भारत में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हेल्थकेयर को बढ़ाने में अग्रणी रहा है। हाल ही में हमने 7 लाख टीकाकरण का पड़ाव पार किया है और सरकार के नियमों के तहत बच्चों के टीकाकरण को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। महामारी के दौरान मेडीबडी ने टीकाकरण एवं साइकोलॉजी काउंसिलिंग के साथ-साथ हॉस्पिटल बेड उपलब्धता ट्रैकर, 24 घंटे काम करने वाला हेल्पलाइन नंबर और कोरोना वायरस रिस्क असेसमेंट टूल लॉन्च जैसी कई पहल की थी, जिससे वायरस के संक्रमण को थामने में मदद मिली और महामारी के विरुद्ध युद्ध में सहयोग मिला।

# जेसी बोस विवि हरियाणा में अव्वल

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने प्रौद्योगिकी संवर्धित शिक्षण पर राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीटीईएल) में लगातार बेहतर प्रदर्शन जारी रखा है। विश्वविद्यालय को एनपीटीईएल के लोकल चैप्टर में भागीदार देश के चार हजार से ज्यादा शिक्षण संस्थानों में 9वां स्थान प्राप्त हुआ है। यह छठी बार है जब विश्वविद्यालय ने एनपीटीईएल में भागीदारी की और विवि को स्वयं-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर्स में 'एएए' ग्रेड के साथ मूल्यांकन किया गया। इस प्रकार, स्वयं-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर (जनवरी-दिसम्बर) की जारी की गई ताजा रेटिंग में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय देश के शीर्ष 100 शिक्षण संस्थानों में जगह बनाने वाला हरियाणा का एकमात्र विश्वविद्यालय है। यह रेटिंग आनलाइन शिक्षण के क्षेत्र विवि द्वारा की भागीदारी को दर्शाती है। कुलपति श्री राज नेहरू और डॉ. एसके. गर्ग ने विवि के अधिकारियों, विशेष रूप से डिजिटल प्रकोष्ठ, मूक्स संयोजकों और विद्यार्थियों को सफलता पर बधाई दी है।

# बुजुर्गों का अनादर है पेंशन में कटौती : भूपेंद्र सिंह हुड्डा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पूर्व मुख्यमंत्री** और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। हर वर्ग परेशान है। एक कहता था 75 पार करेंगे तो दूसरा कहता था यमुना पार करेंगे, आज दोनों यार हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि फरीदाबाद विकास के नाम पर एक ईंट नहीं लग रही है।


पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा भूपेन्द्र सिंह हुड्डा।

उन्होंने कहा कि चाहे वह बुजुर्ग, विधवा और विकलांग पेंशन की बात हो या 75 प्रतिशत निजि क्षेत्रों में नौकरियों, किसानों की समस्याओं, अस्पतालों, स्कूलों, कर्मचारियों की, हर मामले में सरकार पुरी तरह से विफल साबित हुई। कारोना काल में घोटाले हुए हैं। चाहे पेपर लीक का मामला, शराब घोटाला, नगर निगम में घोटाला, करोड़ों रूपया पकड़े गए। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगन डागर के निवास पर पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकार बुजुर्गों की पेंशन खत्म करने की नीति पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने बुजुर्गों की पेंशन रोकने पर सरकार की कड़ी आलोचना की है। प्रदेश में पेंशनधारकों को अब तक पिछले साल दिसंबर और इस साल जनवरी महीने की पेंशन नहीं मिली है। सरकार द्वारा बुजुर्ग, विधवा और विकलांग पेंशन को रोका हुआ है। हुड्डा ने कहा कि 5100 रुपए पेंशन का वादा करके सत्ता में आई पार्टियां लगातार पेंशन कटौती कर रही हैं। पेंशन को फैमिली आईडी से जोडक़र अब तक हजारों बुजुर्गों की पेंशन काट दी गई है। सरकार और भी हजारों बुजुर्गों की पेंशन पर कैंची चलाने की प्लानिंग कर रही है। एक तरफ सरकार द्वारा बुजुर्गों के सम्मान भत्ते की कटौती और दूसरी तरफ उसके भुगतान में देरी इस कल्याणकारी योजना के प्रति सरकार की उदासीनता को दर्शाता है। बुजुर्गों को पेंशन के लिए तरसाना उनका अनादर है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यह बुजुर्ग सम्मान भत्ता उनके बुढ़ापे का सहारा है। इस पर परिवार पहचान पत्र और बेवजह के आर्थिक मापदंडों को थोपना बुजुर्गों का अनादर है। सरकार को पेंशन कटौती और भुगतान में लेटलाटिफी की नीति को बंद करना चाहिए।

# अम्बेडकर चौक के सौन्द्रर्यीकरण को लेकर निगमायुक्त से मिले

**फरीदाबाद।** अंबेडकर चौक के सौंदर्यकरण के चल रहे कार्य को फाइल में सेक्शन वर्क एवं बजट के अनुसार करने गोल चक्कर में स्थित बिजली के खंभों, टेलीफोन के टावरों को हटाने एवं बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस 14 अप्रैल से पहले कार्य संपन्न करवाने की मांग को लेकर दलित अधिकार समिति के प्रतिनिधि नरेश शास्त्री की अध्यक्षता में निगम आयुक्त यशपाल यादव से मिलें। निगमायुक्त यशपाल यादव ने चीफ इंजीनियर को दूरभाष पर अंबेडकर चौक के सौन्दर्यीकरण की फाइल को चेक किया जाए और अलॉट इन वर्क एवं बजट के आधार पर बेहतर तरीके से सौंदर्यीकरण करने एवं बिजली के खंभों और टेलीफोन टावरों को हटाने के आदेश दिए। दलित अधिकार मंच के संयोजक और नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री के नेतृत्व में सुनील चिंडालिया, गुरचरण खांडिया, बलवीर सिंह बालगुहेर, सुदेश कुमार, अनूप चिंडालिया, कृष्ण चिंडालिया, नानक चंद खैरालिया आदि नेता मिले थे।

# यूपी चुनाव को लेकर बॉर्डर पर लगाए नाके

### शराब तस्करों पर पुलिस की पैनी नजर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**10 फरवरी** को उत्तर प्रदेश में विधानसभा के चुनाव हैं और चुनाव के समय में बॉर्डर एरिया में अवैध शराब तस्करी तथा अपराधिक गतिविधियां बढ़ जाती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने फरीदाबाद यूपी बॉर्डर एरिया में विशेष निगरानी रखकर इन प्रकार की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अहम दिशा निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त निर्देशों के तहत फरीदाबाद यूपी बॉर्डर पर स्थित पांच स्थानों पर पुलिस नाके लगाए गए हैं जिसमें गांव मोहना, छान्यसा, मंझावली छज्जूपुर तथा केजीपी टोल नाका शामिल है। फरीदाबाद पुलिस द्वारा इन पुलिस नाकों से गुजरने वाले वाहनों तथा



संदिग्ध प्रकार के व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी

यमुना नदी के आसपास के क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है जिससे एरिया में अधिक से अधिक पुलिस निगरानी रखी जा सके। पुलिस नाकों के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए गए हैं जिससे डिजिटल तकनीक के माध्यम से गतिविधियों का रिकॉर्ड रिकॉर्ड रखा जा सके। फरीदाबाद यूपी बॉर्डर एरिया में फरीदाबाद पुलिस के चार थाने लगते हैं जिसमें भूपानी, पल्ला, तिगांव तथा छान्यसा का नाम शामिल है। सभी थाना व चौकी प्रभारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं की अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### रहस्यमय हालत में पेड़ से लटका मिला शव


रोते हुए मृतक के परिजन।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-81 स्थित बीपीटीपी पुल के पास मौजूद नहर के किनारे एक पेड से लटकी लाश मिली। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो उनके होश उड़ गए। मृतक की पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को पेड से उतारकर बीके अस्पताल की मोरचरी में पोस्टमॉर्टम के लिए बिजवा दिया। बेलदारी का काम करने वाला लाला नाम का व्यक्ति अपने परिवार के साथ बीपीटीपी पुल के किनारे रहता है। मंगलवार को उसकी पत्नी काम पर गई थी। लाला घर में अकेला था। वह शौच के लिए पास स्थित नहर के किनारे चला गया। लेकिन लौटकर नहीं आया। उसी दौरान एक युवक भी शौच के लिए नहर के किनारे गया, तो उसने देखा कि लाला की लाश पेड से लटकी हुई है। इसकी सूचना उसने पड़ोसियों और उसकी पत्नी को दे दी। किसी ने पुलिस को भी इसकी सूचना दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को पेड से उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए बीके सिविल अस्पताल में भेज दिया। वहीं लोगों का कहना है कि किसी तरह की कोई परेशानी नहीं थी और न ही पति-पत्नी के बीच कोई झगड़ा हुआ, ऐसे में व्यक्ति की लाश मिलना एक रहस्य बन गया है।

### एनसीसी छात्रों ने किया सूर्य नमस्कार



**बल्लभगढ़।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सूर्यनमस्कार कार्यक्रम का आयोजन राजकीय वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 3 बल्लबगढ़ के प्रांगण में एन सी सी केडेटों द्वारा सूर्य नमस्कार किया गया। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम 5 हरियाणा एनसीसी बटालियन गुरुग्राम के कमांडिंग आफिसर कर्नल जसवीर सिंह कादियान के मार्गदर्शन में एन सी सी अधिकारी फर्स्ट आफिसर अनिल कुमार के नेतृत्व में आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनिल कुमार के साथ प्राचार्य धर्मवीर सिंह, सुरेंद्र कुमार, डॉक्टर रामचंद्र व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### पुश अकादमी ने दो विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** छठें ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर -17 क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच पुश क्रिकेट अकादमी और रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। यह मुकाबला पाली रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी मैदान पर खेला गया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 40-40 ओवर का था और यह मैच पुश क्रिकेट अकादमी ने रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी को 2 विकेट से हराया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी सोहना ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 39.5 ओवर में 10 विकेट पर 198 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए राज खटाना ने 50 रन, समीर खान ने 33 रन, रोहित ने 28 रन, यश ने 25 रन बनाए। पुश क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए रुविक ने चार विकेट, मणि शंकर ने तीन विकेट, हरी शंकर ने 2 विकेट, हर्षवर्धन ने एक विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए पुश क्रिकेट अकादमी ने 34.1 ओवर में 8 विकेट पर 201 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए आदित्य जैन ने 119 रन, राहुल ने 22 रन, राकेश ने 12 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम की और से गेंदबाजी करते हुए परम और लक्की ने 2-2 विकेट, जितेंदर और हिमांशु व् रोहित और निशांत ने एक-एक विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आदित्य जैन को दिया गया।

### सराहनीय कार्य करने पर 17 पुलिस कर्मी सम्मानित



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त कार्यालय में सभी जोन के पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रभारियों के साथ आयोजित एक बैठक में पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने व पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय दिलवाने के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित की पूरी बात सुनकर आरोपियों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई करें। अपराधी किस्म के लोगों से कानून के दायरे में रहकर सख्ती से निपटें व थाना प्रभारी अपने थाना क्षेत्र में चोरी को रोकने के लिए उचित कदम उठाएं। साफ सफाई और सच्चाई ही एक पुलिस अधिकारी की पहचान होती है इसलिए आप सच्चाई का साथ दें और अपना चरित्र साफ सुथरा रखें। पुलिस अधिकारी द्वारा किए गए कार्यों से ही पता चलता है कि वह ऑफिसर कितना सक्रिय है। पुलिस अधिकारी की छवि अच्छी होनी चाहिए और वह अपने काम में निपुण होना चाहिए। उसे किसी भी प्रकार की उत्तेजना में न आकर अपने दिमाग पर नियंत्रण रखना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में मुसीबत का डटकर सामना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी अपने इलाके का जिम्मेवार अधिकारी होता है। थाना प्रभारी को अपने थाना क्षेत्र के अलावा फरीदाबाद के गैंगस्टर के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। श्री अरोड़ा ने कहा कि एरिया में पुलिस प्रेजेंस दिखाई देनी चाहिए ताकि आपराधिक प्रवृत्ति के लोग किसी वारदात को अंजाम न दे पाए और किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर तुरंत मौके पर पहुंचना चाहिए। अपने अच्छे कार्य के बारे में लोगों को बताना चाहिए ताकि उन्हें पता चल सके की पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए क्या-क्या कार्य कर रही है।

### वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए

**फरीदाबाद।** ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट फरीदाबाद, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन की तरफ से आठ फरवरी, दिन मंगलवार को स्पेशल सड़क सुरक्षा अभियान 2022 एंड रिफ्लेक्टिव टेप को साइकिल पर लगाने का अभियान यशवीर सिंह राठौर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशनुसार, मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद की देखरेख में स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल हरियाणा सरकार एवं मेंबर ऑफ पार्लीमेन्ट रोड सेफ्टी कमिटी भारत सरकार के सदस्य सरदार देवेंद्र सिंह एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन के पूरी टीम के सहयोग से 08.02.2022 दिन मंगलवार को रिफ्लेक्टिव टेप साइकिल लगाने का अभियान मैराथन इलेक्ट्रिक लिमिटेड सेक्टर-11 फरीदाबाद में चलाया गया। जिसमें 60 से ज्यादा साइकिल पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गयी। इसमें अधिवक्ता रामवीर तंवर, रविंद्र गुप्ता, राजेंद्र गौतम ने मैराथन इलेक्ट्रिक लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों को बताया गया कि आप अपनी कंपनी में जो बाइक, स्कूटी पर अधिकारी एवं कर्मचारी सड़क से आते हैं। उनको आईएसआई मार्क हेलमेट ही अब पहनना ही जरूरी है वरना आने वाले समय में ट्रैफिक पुलिस के द्वारा चालान काटा जा सकता है और सभी बाइक, स्कूटी, कार एवं अन्य गाड़ियों पर हाई सिक्योरिटी प्लेट लगानी आवश्यक है।

# बच्चों में तनाव

## गंभीर समस्या

**सोमवार** को अनेक राज्यों में स्कूल व कालेज फिर से इस उम्मीद में खुल गए कि कोरोनावायरस वैश्विक महामारी की अंतिम लहर समाप्त हो गई है। यहां से लाखों छात्र अपनी आफलाइन शिक्षा की डोर थामने का प्रयास करेंगे जो 600 दिन पहले उन से छूट गई थी। यह स्कूल खोलने का कठिन समय है क्योंकि कक्षा दस व बारह के छात्रों की वार्षिक बोर्ड परीक्षायें थोड़े ही दिनों में होने वाली हैं। उनको न केवल इस महीने के अंत तक अपना पाठ्यक्रम पूरा करना होगा, बल्कि प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयारी करना तथा अपना कॅरियर विकल्प चुनना होगा। निचली कक्षाओं के छात्रों के सामने वह कौशल पुन: सीखने की चुनौती होगी जिसे आनलाइन पढ़ाने के बावजूद अधिकांश अब तक भूल गए हैं। छात्रों को कक्षा में व्यवस्थित होने के लिए भी कुछ दिन चाहिए। उनको अपनी दोस्ती मजबूत करते हुए स्वयं को आफलाइन शिक्षा से पुन: परिचय प्राप्त करना होगा। इस परिवर्तनकारी समय में स्कूल अधिकारियों, माता-पिता तथा सरकारों को सामूहिक रूप से देखना होगा कि छात्रों में आघात व तनाव का क्या स्तर है। लाखों छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में कोई समग्र अध्ययन नहीं किया गया है। बहुत से बच्चों को समान व्यावहारिक मुद्दों, जैसे, अवसाद, तनाव और गुस्से से निपटना होगा। अनेक बच्चों में खाने और सोने संबंधी विकृतियां पैदा हो गई होंगी। परिवार में तनाव और घर पर अलगाव के कारण उन पर मानसिक दबाव पहले से ही अधिक है।



इसके साथ ही बड़े बच्चों में कुछ पदार्थों के दुरुपयोग, हिंसा, अनुशासनहीनता, साथियों के दबाव तथा स्वयं शिक्षण में कठिनाइयां, आदि समस्यायें हो सकती हैं। अनेक मामलों में किशोरों में अज्ञात के प्रति भय विकसित हुआ होगा तथा उनमें आत्मप्रबंधन व वर्चुअल लर्निंग स्वीकार करने में विफलता भी हो सकती है।

दिल्ली में सरकार ने यह पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर सर्वेक्षण की घोषणा की है कि कितने छात्र अभी सामान्य हैं और कितने छात्रों को गंभीर या मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है ताकि वे मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक बाधाओं से निपट सकें। इसका अर्थ उनके माता-पिता का मानसिक स्तर अध्ययन भी होगा क्योंकि इसका बच्चों पर सीधा प्रभाव होगा। स्कूल अधिकारियों को जल्दी से अनुमान लगाना होगा कि किसी सीमा तक आनलाइन शिक्षा ने छात्रों को शिक्षण सामग्री समझने की क्षमता पर प्रभाव डाला है। कुछ निजी छात्र शिक्षा माडलों पर ध्यान दे रहे हैं जिनमें अंकों के बजाय छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर जोर दिया गया है। डिजिटल उपकरणों के प्रति बच्चों, खासकर शहरी बच्चों के लगाव ने वैश्विक महामारी के समय आनलाइन बुलींग, साथियों के दबाव, गेमिंग व स्वयं को कम समझने की भावना को भी पैदा किया है। इसका भी आंकलन होना चाहिए। दूसरी ओर खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों के बच्चों की समस्यायें विकराल हैं जिनका अभी आंकलन होना है। बिजली या इंटरनेट या स्मार्टफोन व टेबलेट खरीदने के लिए पैसे के अभाव से ये बच्चे सर्वाधिक प्रभावित हैं। कुछ मामलों में इस कारण छात्रों ने आत्महत्या तक की हैं। ऐसा एक मामला केरल के मल्लापुरम जिले में सामने आया है जहां एक छात्रा घर पर टीवी न होने के कारण आनलाइन कक्षा में नहीं शामिल हो रही थी और उसने खुद को आग लगा ली थी। यह बहुत गंभीर मामला है। बताया जाता है कि अमेरिका में वैश्विक महामारी के कारण बढ़े दबाव से स्कूलों में गोलीबारी की घटनायें बढ़ रही हैं। अत: यदि किसी शिक्षक को किसी भी समय छात्र में असामान्य व्यवहार दिखता है तो उसे इसकी पहचान कर उचित सहायता की मांग करनी चाहिए।

# बजट 2022-23 : कर्ज जाल से बचें

**यदि कर ढांचे में सुधार, सब्सिडी प्रबंधन, किसानों की स्थिति में सुधार तथा भ्रष्टाचार पर कठोरता से नियंत्रण नहीं होता है तो 'मांग घटना' अपरिहार्य है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)




केंद्रीय बजट 2022-23 में 750,000 करोड़ के पूंजीगत खर्च की व्यवस्था की गई है जो 2021-22 के बजट अनुमान 554,000 करोड़ से 35 प्रतिशत अधिक है। वर्तमान वर्ष के लिए संशोधित अनुमान 604,000 करोड़ था जो लगभग बजट अनुमानों के निकट है। इसमें से एयर इंडिया असेट होल्डिंग कंपनी लिमिटेड-एआइएएचसीएल को दिए 50,000 करोड़ को बाहर किया जा सकता है। वर्तमान वर्ष का बजट अनुमान 2020-21 के संशोधित अनुमान 439,000 करोड़ से 26 प्रतिशत अधिक है जो शानदार लगता है। लेकिन यदि अगले पांच साल में भारतीय अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए ढांचागत संरचना में 100,00,000 करोड़ की निवेश आवश्यकता पर गौर करें तो यह संख्या नाकाफी लगती है। निर्मला सीतारमण ने इसकी रूपरेखा 2019-20 के अपने पहले बजट में पेश की थी। इसके अनुसार, इस धनराशि का 39 प्रतिशत केन्द्र व राज्यों से तथा बाकी निजी क्षेत्र से आना है। इस प्रकार अगले पांच साल में केन्द्र का योगदान प्रति वर्ष लगभग 40,000 करोड़ से 80,000 करोड़ तक पहुंचता है। यदि तीन सालों को एकसाथ रखा जाए तो यह 1700,000 करोड़ होता है जो इस कालखंड में निर्धारित 700,000 करोड़ से 2400,000 करोड़ कम है। राज्यों का पूंजीगत खर्च भी अनुमान से कम है। मोदी सरकार को उम्मीद है कि निजी क्षेत्र उसके साथ सहयोग कर आर्थिक वृद्धि को गतिशील बनाएगा। वास्तव में 100,00,000 करोड़ में से 22,00,000 करोड़ निजी क्षेत्र से आएगा। इसके लिए सरकार ने अनेक प्रोत्साहन भी दिए हैं। इनमें से प्रमुख कार्पोरेट क्षेत्र में भारी कमी कर इसे नए उद्यमों के लिए 15 प्रतिशत पर लाना है। वर्तमान उद्यमों में इसे 30 प्रतिशत से घटा कर 22 प्रतिशत किया गया है। इसके साथ ही बहु-प्रचारित प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव-पीएलआई योजना भी शुरू की गई है। लेकिन अब तक इन प्रोत्साहनों के इच्छित परिणाम नहीं निकले हैं। महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि निजी क्षेत्र से निवेश का प्रबंधन मुख्यत: मांग और सप्लाई के मूलाधार के अनुसार नहीं है।

अनेक वर्षों से उद्योग कम क्षमता से काम कर रहे हैं इसका कारण कम क्षमता होने के साथ ही मांग भी कम होना रहा है। इससे निवेश व प्रगति प्रभावित हुई है। 2019-20 में जीडीपी वृद्धि एक दशक में घट कर 3.7 पर पहुंच गई। 2020-21 में कोविड के कारण इसमें 6.6 प्रतिशत संकुचन आया। 2021-22 में स्थितियां बेहतर लग रही हैं और बजट ने 9.2 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है, पर अतिरिक्त क्षमता की समस्या बनी हुई है। 2022-23 में जब सरकार 8-8.5 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान मजबूत कर रही है, तब निजी फर्मों से नई क्षमता बढ़ाने की उम्मीद नहीं की जा सकती है क्योंकि वे अधिकांशत: वर्तमान क्षमता के अधिकाधिक उपयोग पर ध्यान दे रही हैं। लेकिन जमीनी यथार्थ की अनदेखी के साथ ही यह गलत अवधारणा भी प्रचलित है कि सार्वजनिक क्षेत्र निवेश के लगातार दबाव से निजी निवेश 'भारी मात्रा' में आएगा, लेकिन वह अभी प्रोत्साहनों की प्रतीक्षा कर रहा है। 2022-23 के बजट में नए उद्यमों को 15 प्रतिशत कार्पोरेट टैक्स का विस्तार किया गया है जो 31 मार्च, 2024 के पहले अस्तित्व में थे, जबकि वर्तमान सीमा 31 मार्च, 2023 थी। इस प्रकार स्टार्टअप को कर छूट का एक साल और लाभ दिया गया है। वित्त मंत्री ने सहकारिताओं के मुनाफे पर सरचार्ज भी घटा कर 12 से 7 प्रतिशत कर दिया है। इन प्रोत्साहनों से राजस्व में कमी होगी, पर निवेश के संबंध में इनके नतीजे स्पष्ट नहीं हैं। लेकिन इनका केन्द्र की वित्तीय स्थिति पर अस्थिर करने वाला प्रभाव होगा।

2021-22 में राजकोषीय घाटे का संशोधित अनुमान 15,90,000 करोड़ या जीडीपी का 6.9 प्रतिशत है। कल्याण योजनाओं के कारण दबाव बढ़ा है। उर्वरक सब्सिडी पूर्व अनुमानों के अनुसार 80,000 करोड़ थी, जबकि संशोधित अनुमान 40,000 करोड़ था। साल दर साल उच्च एफ्डी-कर्ज के कारण ब्याज भुगतान का बोझ बढ़ता जा रहा है जो केन्द्र के कुल राजस्व के 50 प्रतिशत पर पहुंच गया है। वित्त मंत्री ने 2022-23 का राजकोषीय घाटा 16,60,000 करोड़ रखा है जो जीडीपी का 6.4 प्रतिशत है। उन्होंने 2025-26 के 4.5 प्रतिशत लक्ष्य को 'वित्तीय मजबूती की सड़क पर आगे बढ़ना' बताया है। मोदी सरकार द्वारा डा.एन.के.सिंह की अध्यक्षता में राजकोषीय दायित्व व बजट प्रबंधन-एफ्आरबीएम कानून के अंतर्गत गठित समिति ने 2022-23 के लिए 2.5 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य रखा था। 2021-22 का बजट पेश करते समय वित्त मंत्री ने इस संस्तुति को किनारे करते हुए इसका संशोधित रास्ता पेश किया जिसके अनुसार 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया।

इसके पीछे तर्क यह था कि हम राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर हैं। मोदी सरकार की योजना ढांचागत निर्माण पर अत्यधिक जोर, नदियों को आपस में जोड़ने, तकनीक संचालित कृषि को बढ़ावा देने व छोटे किसानों पर ध्यान केन्द्रित करने तथा एमएसएमई को मजबूत करने पर है। यह योजना प्रशंसनीय है। लेकिन इस बात का कोई स्पष्ट संकेत नहीं है कि 'टिकाऊ' रूप से इसे कैसे प्राप्त किया जाएगा। इसके लिए चार क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

पहला, केन्द्र का सकल कर राजस्व जीडीपी अनुपात सालों से 10-11 प्रतिशत के पास है। यह पेट्रोलियम उत्पादों पर अधिक कर के बावजूद ज्यादा है, जिनका हिस्सा पेट्रोल व डीजल की खुदरा कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत है। सरकार द्वारा करापवंच रोकने, खासकर जीएसटी चोरी रोकने के प्रयास प्रशंसनीय हैं। लेकिन प्रत्यक्ष कर में अनेक संभावनाओं का अभी पूरा प्रयोग नहीं हुआ है। दूसरा, वर्तमान समय में केन्द्रीय टैक्सों में प्रत्यक्ष व परोक्ष करों का हिस्सा लगभग समान है। इसका अर्थ कम आय वाले लाखों लोगों पर तुलनात्मक रूप से अधिक बोझ है।

यदि परोक्ष करों को घटा कर एक तिहाई कर दिया जाए तो इससे बचने वाले अतिरिक्त धन का प्रयोग मांग व वृद्धि बढ़ाने में होगा। तीसरा, उर्वरकों व खाद्यान्नों की वर्तमान सब्सिडी का दुरुपयोग संभव है। यूरिया चोरी पर लगाम लगने से ही हर साल 35,000 करोड़ की बचत हो सकती है। खाद्यान्न सब्सिडी की चोरी से भी बड़ी रकम बच सकती है। बजट ने गंगा के किनारे 'आर्गेनिक फार्मिंग कारीडोर', कृषि में ड्रोन प्रयोग, आदि के विचार पेश किए हैं। लेकिन 'विकृत व्यवस्थाओं के बदलने' व विकल्प पेश करने के प्रयास नहीं हैं। चौथा, सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्य की समर्थन व्यवस्थाओं का लाभ एमएसएमई तक पहुंचे जिनमें सस्ता कर्ज व सावरेन गारंटी, आदि शामिल हैं। किसानों के लिए उनके उत्पादों की एमएसपी पर गारंटी काफी नहीं है। आगे बढ़ने का रास्ता कृषि-बाजारों को मुक्त कर उनकी बिक्री के अन्य विकल्प प्रदान करना है। संक्षेप में, बजट में 2021-22 में अच्छी वृद्धि तथा मध्यकालीन से दीर्घकालीन वृद्धि के सभी टिकाऊ आधार मौजूद थे। लेकिन सरकार को 'कर्ज जाल' तथा 'मांग घटने' के जाल में फंसने से बचना होगा। यदि वह कर सुधार, सब्सिडी प्रबंधन ठीक करने, किसानों को समस्याओं से मुक्त करने तथा भ्रष्टाचार से कठोरता से निपटने जैसे कदम नहीं उठाती है तो ऐसा होना अपरिहार्य है।

# बंगाल की शान वापस लाने का समय



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक राज्यसभा के पूर्व सदस्य हैं)

प्रिय प्रो सुगाता बोस, पश्चिम बंगाल को एक मौका दें, खासकर तब जब उसे एक गौरवशाली सम्मान दिया जा रहा हो। बंटवारे के 74 साल परीक्षण और क्लेश के वर्ष रहे हैं। सितंबर 1945 में जब हमारी रेलगाड़ी संयुक्त बंगाल की सीमा पर प्रवाहित हुई, तब हम सोनार बांग्ला पहुंच चुके थे। कलकत्ता, अब कोलकाता की सड़कों को दिन में दो बार पाइप के पानी से धोया जाता था। पार्क स्ट्रीट को लंदन में एक मार्ग के लिए गलत माना जा सकता है। फिर अगस्त 1946 की ग्रेट कलकत्ता किलिंग ने दिखाया कि स्वर्ण भूमि में सबसे पहले इसके पश्चिमी हिस्से में और, 1948 में, पूर्व में भी कितना खून बहाया जा सकता है। मुझे बताया गया कि पहले लोग बंगाली थे और धर्म पीछे हट गया, लेकिन ऐसा नहीं था। इन वर्षों में, पूर्व में तीन-चौथाई अल्पसंख्यकों को पश्चिम बंगाल में आना पड़ा है। भारत का प्रमुख औद्योगिक राज्य होने के नाते, बंगाल आज वर्तमान में उत्पादन के पहियों को घुमाने के लिए तड़पता है।

आपने महामहिम के विरोधी (पृष्ठ 324) में कहा है कि हबीबुर रहमान, उनकी अंतिम यात्रा में उनके साथी, कश्मीर युद्ध में पाकिस्तान के लिए लड़े थे। प्रधान मंत्री तब नेताजी के चुने हुए बड़े भाई और वामपंथी उदारवादी, जवाहरलाल नेहरू थे। क्या आपको सुभाष बाबू के सम्मान के अधिकार के बारे में अपनी अस्वीकृति को रद्द नहीं करना चाहिए?

यदि हम विचारधारा के साथ 10 करोड़ लोगों के भविष्य को भ्रमित नहीं करते हैं, तो भारत का बहुत बड़ा हिस्सा बंगाल की अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण के लिए समर्थन करने के लिए आएगा। बहुत से लोग, यहां तक कि पश्चिम बंगाल के भी, यह मानते हैं कि यह वामपंथ ही था जिसने अपने उद्योग के बगीचे को कब्रिस्तान में बदल दिया था। मैं इस परिवर्तन का सक्रिय गवाह रहा हूं। यह अपने प्राचीन गौरव को पुनर्जीवित कर सकता है; मैं यह दावा करने में जल्दबाजी करूंगा कि बंगाल के लोग उतने ही कुशल हैं जितने कि कोई। स्वतंत्रता के समय भी, बंगाल एक औद्योगिक अर्थव्यवस्था की तुलना में अधिक कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था थी। लगभग सभी उद्योग या तो ब्रिटिश या कुछ भारतीय उद्यमियों द्वारा स्थापित किए गए थे, लेकिन सभी प्रांत के बाहर से थे। बंगाली या तो श्री रामकृष्ण, अरबिंदो, विवेकानंद जैसे संत थे या विद्यासागर, माइकल मधुसूदन जैसे बौद्धिक सुधारक या बनर्जी या



सुरेंद्र नाथ पाल जैसे नेता या उत्कृष्ट क्लर्क या किसान थे। वे उद्यमी या व्यापारी भी नहीं थे।

जमींदारों के बेटे भी उद्योगपतियों द्वारा बेची जाने वाली खरीद-फरोख्त के बजाय ट्रेड यूनियनवाद को चुनना पसंद करेंगे। हां, बंगाली भी उत्कृष्ट वकील और डॉक्टर हैं, जैसे कि जीनियस डॉ बिधान चंद्र रॉय जो दूर से भविष्यवाणी कर सकते थे कि किसी व्यक्ति को पीलिया आ रहा है या गुर्दे खराब हैं। जब व्यापार की बात आई, तो उन्होंने महसूस किया कि यह सहस, लाहस, दहास आदि जैसे बनिकों का कार्य था, जो जाति पदानुक्रम में ओबीसी हैं। यह उत्तरी और पश्चिमी भारत के विपरीत था, जहां बनियों को दो बार जन्मा माना जाता है और वे पवित्र धागा पहनते हैं। कांग्रेस ने ईमानदार और सक्षम मुख्यमंत्री, डॉ बिधान रॉय (डॉक्टर के समान), प्रफुल्ल सेन, सिद्धार्थ शंकर रे का उत्पादन किया, लेकिन आर्थिक विकास राजनीतिक से अधिक संत था। एक मुख्यमंत्री अपने संयुक्त मोर्चा मंत्रालय से इतना तंग आ गया कि वह राइटर्स बिल्डिंग, सचिवालय के सामने धरने पर बैठ गया। एक पत्रकार के पूछने पर उन्होंने जवाब दिया, 'मैं न तो मुखिया हूं और न ही मुर्खा (मूर्ख) मंत्री; मैं केवल एक थुथो जगन्नाथ (पुरी का) हूं।' किसी भी मार्क्सवादी पूंजीवादी विरोधी की तरह ज्योति बसु एक सज्जन व्यक्ति थे, लेकिन एक बार उन्होंने मुझे स्वीकार किया कि राज्य उद्योगों का प्रबंधन नहीं कर सकता। फिर भी उनके वित्त मंत्री अशोक मित्रा थे, जो ऊन से रंगे मार्क्सवादी थे, जिन्होंने मेरे द्वारा कहीं भी देखे गए मार्क्स से बड़ा चित्र प्रदर्शित किया। मित्रा की सिफारिश बसु से इस दलील पर की गई थी कि वह प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी के मुख्य आर्थिक सलाहकार थे।

ज्योतिदा के उत्तराधिकारी बुद्धबाबू थे, जो एक परिष्कृत, शिक्षित सज्जन थे, जिन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए चीन का दौरा किया था; वह बहुत प्रभावित होकर वापस आया। उसने बिना समझे चीन की नकल करने की कोशिश की, बल्कि सिनोफी बंगाल की। उन्होंने इस तथ्य को नजरअंदाज कर दिया कि वह भारत का एक प्रांत था न कि एक स्वतंत्र देश। उन्हें घाटे में चल रहे सार्वजनिक उपक्रमों को आंशिक रूप से पुनर्जीवित करने के लिए भूमि की बिक्री आय का उपयोग नहीं करना चाहिए था। लेकिन फिर भी वह एक उच्च कोटि के ईमानदार सज्जन हैं।

इन परिस्थितियों के आलोक में, राज्य सरकार को केंद्र के साथ अपने व्यवहार में सामान्य और नागरिक होने का विकल्प चुनना चाहिए। हाल ही में, नीति उलट रही है कि चुनाव जीतना है, ब्राउनी पॉइंट हासिल करना है या लोगों के साथ लोकप्रियता हासिल करना है। हालाँकि, समय वैसा नहीं है जैसा गोपालकृष्ण गोखले के दिनों में था जब बंगाल आज जो सोचता था, भारत कल सोचेगा। आज, बंगाल पर बहुत बड़ा कर्ज है, इसके लोगों को और अधिक कमाने की जरूरत है और राज्य को तेजी से विकास करना है।

इसे तेजी से विकसित करने के लिए, पाँच व्यक्तियों की एक समिति नियुक्त की जानी चाहिए, जिनमें से कम से कम तीन को औद्योगिक अनुभव के साथ होना चाहिए। यदि इनमें से कुछ सदस्य राज्य के बाहर से हैं, तो ऐसा ही हो। जब तक उनके पास कल्पनाशील दिमाग है जो बंगाल को सभी दृष्टिकोणों से समझते हैं, यह ठीक होना चाहिए। याद रखें, बाहर के उद्यमी, चाहे भारतीय हों या विदेशी, बंगाल में निवेश करने आएंगे क्योंकि वे लाभ की संभावनाएं देखते हैं न कि इसलिए कि उन्हें आमंत्रित किया जाता है। पश्चिम बंगाल में किसी भी फूल की तरह चमकीला खिलने की क्षमता है। अपने सबसे बड़े राजनीतिक सपूत सुभाष के लिए किए गए सर्वोच्च सम्मान के लिए बस झगड़ा कम करें और अधिक मुस्कुराएं।

## आप की बात

### भूमि का डिजिटलीकरण

**वित्तमंत्री** सीतारमन ने भूमि सुधारों के लिये शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रो में भूमि सम्बन्धी विवादों और फर्जी बैनामा से निपटने के लिए वन नेशन ,वन रजिस्ट्रेशन का प्रावधान सारे देश मे लागू करने की घोषणा किया है। साढ़े छह लाख गांवों में लगभग छह लाख गांवो की जमीन का कम्प्यूटरीकरण हो चुका है। शहरी और ग्रामीण दोनो जगहों की भूमि की अलग अलग पहचान निश्चित कर एक विशेष साफ्टवेयर से नेशनल जेनरिक डाक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम से जोड़ दिया जाएगा। देश में ज्यादातर राज्यो में भूमि का कम्प्यूटरीकरण हो गया है। अब उसे सूचना प्रौद्योगिकी से जोड़ने का काम किया जाएगा। डिजिटलीकरण के बाद जमीन को ऑन लाइन कहीं भी देखा जा सकेगा और जमीन को एक साथ कई व्यक्तियों को बेचने की घटनाओं और फर्जी बैनामो पर रोक लगेगी। क्योंकि डिजिटलीकरण से बैनामा कराने से पहले भूमि के मालिकाना हक की जांच की जा सकेगी। केंद्र सरकार की इस योजना से भूमि संबंधी विवादों पर रोक लगेगी। लेकिन सरकार को सजग, सक्रिय और जवाबदेह प्रशासनतन्त्र बनाने की ओर ध्यान देना चाहिए। भूमि विवाद में त्वरित कार्यवाही बिना देरी के होनी चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### कांग्रेस का अहंकार

**पिछले** काफी समय से कांग्रेस आज धीरे-धीरे हर राज्य से समाप्त होती जा रही है तमिलनाडु हो या पश्चिमी बंगाल,नागालेंड हो या उड़ीसा। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, गोवा।यहा से इन राज्यों से कांग्रेस अब हमेशा-हमेशा के लिए दूर हो गई है। आज इन राज्यों की जनता इनसे इतनी नाराज है कि उसने इन्हें 25-30 सालों से सत्ता से बाहर कर दिया है । ऐसे और भी कई राज्य है जहां कांग्रेस आज दूसरे दर्जे की पार्टी हो कर रह गई है । अब आज यूपी में चुनाव है वहां भी एक लंबे अरसे से कांग्रेस सत्ता से बाहर है। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के अहंकार के बारे में विस्तार से बताया है । अत: आज जरूरत है कि कांग्रेसी आज भी समय रहते होशियार हो जाए कारण उनका घमंड ही हरदम उन्हें लगातार सत्ता से बाहर रख रहा है एवं आज मात्र सात आठ राज्यों में वह सीमित होकर रह। गई है। अत: अब भी वह सम्भल जाएं कारण कहीं ऐसा ना हो कि मनमोहन सिंह केंद्र सरकार में आखिरी मुगल शासक सिद्ध ना हो। कई राज्यों में तो वहां के मुख्यमंत्री इस तरह का खिताब हासिल कर चुके हैं। क्योंकि कई राज्यों में कांग्रेस आज सत्ता में आने के लिए तरस रही है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### वोट की कीमत

**लोकतंत्र** के इस महापर्व में हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें। साथ ही एक दुसरे को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें, ताकि लोग अधिक संख्या में मतदान करें। मतदान करने से ही हमारी सरकार बनती है, इसमें लोकतंत्र की अहम भूमिका होती है. लोकतंत्र यानि जनता का तंत्र होता है, जनता द्वारा चुनी गई सरकार लोकंतत्र का रुप होती है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम सब मिलकर मताधिकार का प्रयोग करके एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करें और अपनी पहचान बनाएं. वहीं ग्रामीण अंचलों में सरकार को व्यापक स्तर पर संगोष्ठी, नुक्कड़ और नाटक आदि के माध्यमों से लोगों को मतदान करने के लिए जागरुक करने चाहिए। साथ ही गांव के सरपंच को चाहिए की वे अपने समुदाय को इकठ्ठा करके उन सभी लोगों को वोट देने के महत्व को बताए. साथ ही उनको यह भी सलाह दे, की उनका एक वोट का महत्व कितना है। क्योंकि एक वोट ही देश की दशा और दिशा बदल सकता है। आइए हम सब मिलकर इस लोकतंत्र के महायज्ञ में मिल जुलकर मतदान करें।

– **राहुल उपाध्याय**, रसड़ा, बलिया

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मैं** शब्दों से परे पीड़ा में हूं। दयालु और देखभाल करने वाली लता दीदी हमें छोड़ कर चली गईं.. वह एक शून्य छोड़ गई हैं।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**यह** मेरी हार्दिक इच्छा है कि, समय आने पर, कैमिला को क्वीन कंसोर्ट के रूप में जाना जाए।

– **महारानी एलिजाबेथ द्वितीय**
ब्रिटिश साम्राज्ञी





**सारा** संसार दु:खी है। विश्वास नहीं होता कि आप हमें छोड़कर चली गई हैं लताजी। प्रार्थना है कि आपकी आत्मा को शांति मिले।

– **धर्मेंद्र**
अभिनेता



# दलित तय करेंगे, पश्चिमी यूपी में दलों का भविष्य

**एजेंसी।** सरधना



**भारतीय** जनता पार्टी के लिए उत्तर प्रदेश में जो महत्व योगी आदित्यनाथ का है वही राज्य के पश्चिमी इलाके में उसके तेज तर्रार नेता संगीत सिंह सोम का है। मेरठ जिले के सरधना विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक और इस बार फिर से चुनाव मैदान में उतरे सोम की छवि योगी की तरह ही कट्टर हिंदूवादी नेता की है और संयोग से इस बार उनकी भी परेशानियां कम नहीं हैं। कारण, चुनावों में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण, जिसके लिए वह जाने जाते हैं, जातियों की गोलबंदी को पूरी तरह भेद नहीं पा रहा। मेरठ जिले में लेकिन मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सरधना विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम (करीब 20 फीसदी) और दलित मतदाता (करीब 16 फीसदी) सबसे ज्यादा संख्या में माने जाते हैं। इसके बाद राजपूत, गुर्जर, जाट, ब्राह्मण व अन्य पिछड़ी जातियां हैं। संगीत सोम राजपूत समुदाय से हैं। उनके सामने समाजवादी पार्टी व राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन की ओर से अतुल प्रधान, बहुजन समाज पार्टी के संजीव धामा और कांग्रेस के सैयद रेहानुदीन उम्मीदवार हैं। प्रधान गुर्जर समाज से हैं और पिछले दो चुनाव में लगातार सोम से हारे हैं।

मेरठ से लगभग 25 किमी दूर सरधना तहसील का अलीपुर गांव दलित बाहुल्य है। गांव के ज्यादातर लोग मानते हैं कि दलित समुदाय के एक वर्ग ने पिछले चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को वोट दिया था। लेकिन, अब वह मान रहे हैं कि वोट में विभाजन के चलते बसपा प्रमुख मायावती की राजनीतिक हैसियत कम हुई है और यह समाज के भविष्य के लिए ठीक नहीं है। बसपा के उम्मीदवार संजीव धामा जाट समुदाय से हैं। गांव में दलित समुदाय के एक पंचायत सदस्य ने कहा, उम्मीदवार ज्यादा मायने नहीं रखता, हमें इस बार बसपा का वोट प्रतिशत बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में ज्यादा आबादी मायावती के कट्टर समर्थक समझे जाने वाले जाटव समुदाय की है। खटीक, पासी व वाल्मीकि कम हैं। भाजपा को जिन समुदायों का पूरा समर्थन मिल रहा है उनमें राजपूत, ब्राह्मण और वैश्य प्रमुख हैं। इसी तरह रालोद समर्थित सपा के उम्मीदवार को मुस्लिम, जाट और गुर्जर समुदाय का अच्छा खासा समर्थन हासिल है। अन्य पिछड़ा वर्ग में पाल, कश्यप और सैनी अच्छी संख्या में हैं और माना जा रहा है कि वह किसी एक दल के साथ नहीं हैं। कांग्रेस के रेहानुददीन और ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के जीशान आलम भी मैदान में हैं पर दोनों बहुत प्रभावी नहीं माने जा रहे। अलीपुर से ही लगा हुआ गांव है कुलंजन, जो मुस्लिम बाहुल्य है। एक घर के बाहर ही हुक्का गुड़गुड़ा रहे कुछ लोग आपसी चर्चा में व्यस्त हैं, लेकिन चुनावी माहौल पर बात नहीं करना चाहते। बहुत कुरेदने पर एक ने महाभारत और रामायण का उदाहरण देकर टिप्पणी की कि वहां भी अंत में 20 फीसदी वाले ही जीते थे। उनका आशय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अस्सी फीसदी बनाम बीस फीसदी वाले बयान से था। सरधना तहसील में पदस्थ एक अधिकारी ने बताया कि कुछ मुस्लिम नेताओं के बयान पर विवाद के बाद इलाके में प्रभावशाली मुस्लिम परिवारों की तरफ से मीडिया के साथ बातचीत को लेकर एक अघोषित पाबंदी लगाई गई है। उन्होंने बताया की गठबंधन (सपा-रालोद) के नेताओं को भी यह परोक्ष संदेश है कि वे मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में प्रचार से परहेज करें। अपने 200 साल पुराने ऐतिहासिक रोमन कैथोलिक चर्च के लिए विख्यात सरधना में सोम को पसंद और नापसंद करने वाले दोनों हैं। मुजफ्फरनगर में 2013 में हुए सांप्रदायिक दंगों के सिलसिले में उन्हें गिरफ्तार किया गया था और तब से ही वह अपने मुस्लिम विरोधी बयानों के लिए एक वर्ग की पसंद बने हुए हैं। पिछले साल सितंबर में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने घोषणा की थी कि उत्तर प्रदेश में जहां जहां मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई गई हैं वहां भाजपा फिर से मंदिर बनाएगी। लेकिन विधानसभा क्षेत्र में उन्हें पसंद न करने वालों का आरोप था कि लगातार दूसरी बार चुनाव जीतने के बाद सोम ने लोगों से मिलना जुलना और उनकी समस्याओं के बारे में सुनना बंद कर दिया। सोम के मुकाबले प्रधान को विनम्र और व्यावहारिक मानने वालों का दावा था कि लगातार चुनाव हारने की वजह से इस बार प्रधान के प्रति एक बड़े वर्ग की सहानुभूति भी है। इसके अलावा इलाके के किसान, चाहे वह जिस भी समुदाय से हों, खुलकर भाजपा के पक्ष में बोलने से परहेज कर रहे हैं। सोम को हिंदू समुदाय में उनकी दबंग नेता वाली छवि के अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता का फायदा भी मिल रहा है। सरधना में ऐसे लोग भी मिले जो सोम के व्यवहार से नाराज थे पर उनका कहना था कि वह भाजपा को नहीं, योगी को वोट देंगे क्योंकि उन्होंने गुंडागर्दी खत्म कर दी है। दलित व पिछड़ा वर्ग के एक तबके में केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के चलते भी भाजपा के प्रति सहानुभूति है। अलीपुर ग्राम पंचायत के सदस्य का कहना था कि इसी वजह से दलित समुदाय का वोट काफी महत्वपूर्ण हो गया है और सोम व प्रधान, दोनों ही उस पर डोरे डाल रहे हैं। सरधना का चुनावी मूड मेरठ व मुजफ्फरनगर जैसे उन विधानसभा क्षेत्रों के लिए एक बानगी है जहां मुस्लिम समुदाय सबसे बड़ा मतदाता वर्ग है। एक अनुमान के मुताबिक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 15 जिले ऐसे हैं जहां मुस्लिम मतदाताओं की तादाद अन्य समुदायों की तुलना में अधिक है। हालांकि, मेरठ जिला न्यायालय में वकालत करने वाले युवा वकील शक्ति सिंह और दीपक तोमर का मानना था कि जहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या कम है वहां भी भाजपा को बहुत फायदा नहीं हो रहा। उसका मुख्य कारण, उनके मुताबिक सांप्रदायिक ध्रुवीकरण न हो पाना और किसान वर्ग, चाहे वह जिस भी जाति से हो, की नाराजगी है। उनका आकलन था, कि मेरठ कैंट जैसे शहरी विधानसभा क्षेत्र, जहां मुस्लिम मतदाता कम हैं और भाजपा का समर्थक वर्ग ब्राह्मण, वैश्य व राजपूत अच्छी संख्या में हैं, वहां भाजपा को निश्चित ही फायदा हो रहा है।

# पहले चरण में बसपा को संजीवनी की दरकार

**सतीश सिंह।** लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर सियासी दलों ने अपने अपने हिसाब से समीकरण फिट कर लिए हैं। इसके साथ ही मंगलवार को प्रदेश में 10 फरवरी को पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार का शोर थम गया। गयारह जिलों की 58 सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव में इस बार बसपा के पास खोने के लिए कुछ नहीं है। जरूरत है तो पार्टी को संजीवनी की। अब इनमें कितनी सीटें बसपा के लिए संजीवनी साबित होंगी यह तो चुनाव परिणाम आने के बाद पता चलेगा। पिछले चुनाव में बसपा को इन 58 में से सिर्फ दो सीटों मथुरा की मांट व हापुड़ की धौलाना सीट ही मिली थी।

ऐसे में बसपा के लिए यह अस्तित्व का भी चुनाव है क्योंकि पार्टी का प्रदर्शन 2007 के चुनाव के बाद लगातार गिर रहा है। यह बात दीगर है कि बसपा मत प्रतिशत के आधार पर प्रदर्शन न गिरने की दुहाई देती है। जाट, मुस्लिम बाहुल्य इन जिलों में दलित मतदाताओं की भी संख्या पार्टी को जीत दिला सकती है। शायद यही वजह है कि पार्टी ने अपने चिर-परिचित समीकरण ब्राह्मण-दलित-मुस्लिम फार्मूले पर फिर से विश्वास जताते हुए 58 में 17 सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं। बसपा को उम्मीद है कि दलित व मुस्लिम उसको जीत दिला सकते हैं। पर जिस तरह से भाजपा को छोड़ अन्य दलों ने मुस्लिमों पर दांव लगाया है उस हिसाब से वोटों का बंटवारा हुआ तो फिर बसपा को संजीवनी मिलने की उम्मीद खत्म हो जाएगी।

**भाजपा छोड़ अन्य दलों ने मुस्लिमों पर लगाए दांव:** बात अगर पहले चरण के चुनाव की करें तो कई ऐसी सीटें हैं जहां त्रिकोणीय लड़ाई के साथ साथ गठबन्धन व एआईएमआईएम आमने सामने लड़ रहे हैं। इस हिसाब से फायदा भाजपा को ही मिलता दिख रहा है। पहले चरण में 11 जिलों की 58 सीटों पर 50 मुस्लिम उम्मीदवार चुनावी रण में हैं। पहले चरण में सपा-रालोद गठबंधन के 13, बसपा के 17, कांग्रेस के 11 और एआईएमआईएम के नौ मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। शायद यही वजह है कि वर्ष 2017 के चुनाव में पहले चरण की 58 में से 53 सीटें भाजपा ने जीती थीं।

**98 फीसद नए चेहरों पर दांव:** यूपी विधानसभा को लेकर इस बार मिशन फतेह के तहत 98 फीसद सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया है। इसमें दूसरे दलों से आये नेता भी शामिल हैं। पार्टी ने सिटिंग कैंडिडेट के रूप में मांट सीट से पंडित श्याम सुंदर शर्मा को मैदान में उतारा है तो वहीं गोवर्धन सीट से राजकुमार रावत को दोबारा मौका दिया है। अगर पिछले चुनाव 2017 की बात करें तो केवल दो सीट पर जीत दर्ज की थी। जिसमें एक मथुरा की मांट तो दूसरी हापुड़ की धौलाना रही। धौलाना सीट से बसपा से मैदान में उतरे असलम चौधरी ने भाजपा के रमेश चन्द्र तोमर को हराया था। जीत के बाद असलम चौधरी समाजवादी पार्टी में चले गए। बसपा ने इस बार यहां से वासिद प्रधान को मौका दिया है। वहीं पार्टी पहले चरण की 29 सीटों पर 2017 के चुनाव में दूसरे नम्बर पर रही। वहीं बात अगर 2012 के चुनाव की करें तो पार्टी के खाते में 21 सीटें आई थी और 23 सीटों पर पार्टी की भूमिका रनर तक रही।

**आठ बार के विधायक रहे श्याम सुंदर शर्मा की राह आसान नहीं:** मथुरा की राजनीति के चाणक्य और सभी चुनावी समीकरणों को परास्त कर आठ बार विधायक रहे श्याम सुंदर शर्मा की राह इस बार आसान नहीं दिख रही है। मांट विधानसभा सीट पर इस बार रोचक मुकाबला देखने को मिल रहा है। एक तरफ श्याम सुंदर शर्मा बीएसपी के टिकट पर वापसी को बेताब हैं तो वहीं बीजेपी ने चुनावी समीकरणों को ध्यान में रखते हुए युवा चेहरे राजेश चौधरी पर दांव खेला है। जबकि एसपी-आरएलडी गठबंधन से प्रत्याशी संजय लाठर हैं जो 2012 के उपचुनाव के बाद एक बार फिर इस सीट पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कांग्रेस ने यहां से महिला कार्ड खेलते हुए सुमन चौधरी को चुनाव मैदान में उतारा है। पिछली बार श्याम सुंदर शर्मा महज आरएलडी नेता योगेश नौहवार से 423 वोटों से जीते थे। ऐसे में अभी तक इस सीट पर बीएसपी, एसपी-आरएलडी गठबंधन और बीजेपी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है।

**2.27 करोड़ लोग करेंगे मताधिकार का प्रयोग:** पश्चिमी यूपी के 11 जिलों मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, बागपत, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर, शामली, अलीगढ़, मथुरा और आगरा की 58 सीटों पर 10 फरवरी को मतदान होना है। इस चरण में 2.27 करोड़ लोग मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन जिलों में कुल 10766 मतदान केंद्र और 25849 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।

## टिकट कटने के बाद विधायक सुरेंद्र सिंह ने भाजपा से इस्तीफा दिया

**भाषा।** बलिया

**जिले के** बैरिया क्षेत्र से भाजपा विधायक सुरेन्द्र सिंह ने अपना टिकट कटने के बाद मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। सिंह ने अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा, भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से आज मैंने इस्तीफा दे दिया है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मेरे सेवा धर्म व संस्कार का सम्मान नहीं किया। मैं अब जनता के दम पर चुनाव लड़ूगा और 11 फरवरी को अपना नामांकन पत्र दाखिल करूंगा। भारतीय जनता पार्टी ने सुरेंद्र सिंह की जगह बैरिया क्षेत्र से 2017 में बलिया सदर से विधानसभा चुनाव जीते आनन्द स्वरूप शुक्ल को उम्मीदवार बनाया है। सिंह ने बैरिया से भाजपा प्रत्याशी व संसदीय कार्य राज्य मंत्री आनन्द स्वरूप शुक्ला पर तंज कसते हुए कहा, भाजपा ने बलिया सदर से खारिज व्यक्ति को बैरिया में भेजा है। बैरिया की जनता इन्हें स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा बलिया लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभा की सभी पांचों सीट पर चुनाव हारेगी।

# महिलाओं को अपने पाले में करने की लगी होड़

**भाषा।** लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** में महिला मतदाताओं की हिस्सेदारी धीरे-धीरे बढ़ने के साथ इस चुनावी मौसम में हिंदी पट्टी में राजनीतिक दलों के महिलाओं की भूमिका को देखने के तरीके में थोड़ा बदलाव आया है। उत्तर प्रदेश में खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रही कांग्रेस महिलाओं को अपने वोट बैंक के रूप में जोड़ने के लिए प्रयोग कर रही है और उसने महिलाओं को 40 प्रतिशत टिकट देने की घोषणा की है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने महिलाओं को अपनी पार्टी के संभावित वोट बैंक के रूप में देखने के साथ ही व्यवस्था या अत्याचार के खिलाफ अपनी व्यक्तिगत लड़ाई लड़ने वाली आम महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। महिलाओं को 40 फीसद टिकट देने की घोषणा करने वाली कांग्रेस ने भले ही इस मामले (महिलाओं को टिकट देने) में बढ़त बना ली हो लेकिन अन्य दल भी उप्र में बदलते राजनीति माहौल के प्रति अधिक सतर्क हो गए हैं। कांग्रेस की सूची में जहां अभिनेत्री और सामाजिक कार्यकर्ता सदफ जफर का नाम शामिल है जिन्हें दिसंबर 2019 में लखनऊ में नागरिकता विरोधी कानून का विरोध करने के दौरान गिरफ्तार किया गया था, वहीं उन्नाव में पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर के दुष्कर्म की शिकार पीडि़ता की मां को भी कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 दिसंबर को प्रयागराज में स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के बैंक खातों में 1,000 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए थे, जिससे लगभग 16 लाख महिलाओं को लाभ हुआ। विशेष रूप से जमीनी स्तर पर महिलाओं को आवश्यक कौशल, प्रोत्साहन और संसाधन प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना चलाई गई। इस कार्यक्रम में दो लाख से अधिक महिलाओं की भागीदारी देखी गई थी। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी महिला केंद्रित मुद्दों पर अधिक जोर दे रही हैं। कांग्रेस ने एक अलग घोषणापत्र भी जारी किया है जिसमें महिलाओं के लिए कई प्रमुख वादे किए गए हैं। हाल ही में आलोचकों का मुकाबला करने के लिए बॉलीवुड की फिल्म दीवार के उस संवाद मेरे पास मां है की तर्ज पर कांग्रेस ने जनाधार खोने के आरोपों का यह कहते हुए जवाब दिया कि मेरे पास बहन है। निर्वाचन आयोग कार्यालय के अनुसार, मतदाता सूची के संशोधन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं के नामांकन से लिंग अनुपात में 11 अंकों का सुधार हुआ है जो एक नवंबर, 2021 को 1000 पुरुष मतदाताओं के मुकाबले 857 से बढ़कर पांच दिसंबर को 868 हो गया। आयोग ने उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची जारी की जिसमें 8.04 करोड़ पुरुष मतदाता (8,04,52,736) और 6.98 करोड़ से अधिक महिला मतदाता (6,98,22,416) हैं। आयोग ने राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के वास्ते इसमें महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक कार्यक्रम भी शुरू किया है।

समाजवादी पार्टी जिसने नई टैग लाइन नई हवा है, नया सपना है को अपनाया है, ने हाल ही में अपने उस एम-वाई (मुस्लिम-यादव) फॉर्मूले को नया अर्थ देने की कोशिश की है, जिसने इसे उत्तर प्रदेश में सत्ता में पहुंचा दिया था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हाल ही में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में कहा था, "नई सपा में, एम-वाई का मतलब महिला और युवा है। हम अब बड़े परिप्रेक्ष्य में मुद्दों को देख रहे हैं और जातिवाद से बंधे नहीं हैं। हालांकि बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती के महिला होने के बावजूद इस पार्टी ने महिला मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए कभी अलग अभियान पर जोर नहीं दिया और यह पार्टी अपने सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर ही ध्यान केंद्रित कर रही है। इसी सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले से 2007 में बसपा ने उप्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी।

कांग्रेस की महिला उम्मीदवारों की सूची में समाज के एक खाास तबके को प्रतिनिधित्व दिया गया है, जैसे शाहजहांपुर की एक आशा कार्यकर्ता पूनम पांडे, जिन्हें उनके मानदेय में वृद्धि की मांग करते हुए कथित रूप से पीटा गया था। लखीमपुर खीरी में मोहम्मदी सीट से रितु सिंह जो एक पूर्व सपा कार्यकर्ता थीं और उन्हें पंचायत चुनाव में नामांकन दाखिल करने से रोकने के लिए उनके साथ मारपीट की घटना हुई थी। हस्तिनापुर (अनुसूचित जाति-आरक्षित) की कांग्रेस उम्मीदवार 26 वर्षीय अर्चना गौतम एक अभिनेत्री और मॉडल हैं और बिकरू मामले में मुठभेड़ में मारे गए एक आरोपी की पत्नी खुशी दुबे की बहन नेहा तिवारी कानपुर के कल्याणपुर से कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। समाजवादी पार्टी ने अमेठी से पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की पत्नी महाराजी देवी को मैदान में उतारा है। एक विशेष अदालत ने 2017 में बलात्कार के एक मामले में गायत्री प्रजापति और दो अन्य लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। छात्र कार्यकर्ता पूजा शुक्ला, जिन्होंने जून 2017 में मुख्यमंत्री के काफिले को रोकने के बाद योगी आदित्यनाथ को काला झंडा दिखाया था, को लखनऊ उत्तर से सपा ने उम्मीदवार बनाया है।

वहीं, भाजपा ने कांग्रेस छोड़कर आईं विधायक अदिति सिंह को उनकी रायबरेली सदर सीट से टिकट दिया है। अदिति सिंह ने हाल ही में खुद को बिना बाप की बेटी बताया था और पंजाब में अपने पति अंगद सिंह को कांग्रेस का टिकट न मिलने के बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। पिछले चुनाव में, उत्तर प्रदेश विधानसभा में रिकॉर्ड 40 महिला उम्मीदवारों ने जगह बनाई थी, जो 403 सदर्स्यीय सदन में महिला सदस्यों का अब तक का सबसे अधिक अनुपात है। उस समय सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने एक साथ 96 महिलाओं को मैदान में उतारा था, जिनमें से भाजपा और उसके सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) से सबसे अधिक 35 महिला प्रतिनिधि विधायक बनी थीं। इसके बाद बसपा और कांग्रेस से दो-दो महिलाओं को जीत मिली थी और समाजवादी पार्टी से एक महिला उम्मीदवार विजई हुई थीं। वहीं, 2012 के विधानसभा चुनाव में 35 महिलाएं चुनी गई थीं जो कि उस समय का रिकॉर्ड था।

# जातीय गुणा-भाग पर सभी दलों का जोर

**भाषा।** लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** विधानसभा चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दल भले ही विकास का मुद्दा उठा रहे हों लेकिन सभी के प्रत्याशियों के चयन से जाहिर होता है कि प्रदेश की चुनावी राजनीति पर जातिवाद की पकड़ बरकरार है। चाहे भाजपा हो, सपा हो या फिर बसपा, उनके प्रत्याशियों की सूची देखकर यह साफ जाहिर होता है कि जातीय गुणा-भाग और धार्मिक संबद्धता आज भी प्रत्याशियों के चयन के लिए प्रमुख पैमाने हैं। राजनीतिक विश्लेषक बृजेश शुक्ला ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कोई भी जाति और धर्म की राजनीति से इनकार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि विकास की चाहे जितनी बात की जाए लेकिन कोई भी पार्टी जातीय समीकरण साधे बगैर अपनी सफलता की कल्पना नहीं कर सकती। प्रदेश के दो प्रमुख दलों-भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी की चुनावी रणनीति पर गौर करें तो उसमें जातीय नफा-नुकसान की चिंता साफ नजर आएगी। पिछड़े वर्गों के प्रभावशाली नेता माने जाने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य, दारा सिंह चौहान और धर्म सिंह सैनी जैसे मंत्रियों के भाजपा छोड़कर सपा में शामिल होने के बाद राजनीतिक विश्लेषकों ने इसे जातीय समीकरण के लिहाज से सपा के पक्ष में बताया और पार्टी ने भी इसका ख्याल रखते हुए गैर यादव अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशियों को ज्यादा टिकट दिए। सपा ने पूर्वांचल में प्रभाव रखने वाले राजभर मतदाताओं को जोड़ने के लिए सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेता ओमप्रकाश राजभर को अपने साथ लिया। उधर, भाजपा ने भी चुनाव से पहले अपनी जातीय गोलबंदी को मजबूत करने के लिए बगावती तेवरों के बावजूद निषाद पार्टी की शर्तों को माना तथा उसके साथ अपने गठबंधन को और मजबूत किया। भाजपा का कुर्मी मतदाताओं में प्रभावशाली माने जाने वाले अपना दल सोनेलाल के साथ पहले से ही गठबंधन है। राजनीतिक दलों के जातिवाद और सांप्रदायिक मुद्दों का सहारा लिए जाने पर आम नागरिकों की राय अलग है। अमेठी जिले की गौरीगंज स्थित पांडेपुर बाजार के जंग बहादुर सिंह का कहना है, हमें जिन्ना और पाकिस्तान से क्या मिलेगा। हमें इसके बजाय बेहतर सड़कें, रोजगार और अन्य सुविधाएं चाहिए। अमेठी सीट से बसपा प्रत्याशी रागिनी तिवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा और सपा जिन्ना, पाकिस्तान और कब्रिस्तान के नाम पर मतदाताओं को मूर्ख बनाने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने हमेशा सर्वजन हिताय की बात की है और वर्ष 2007 से 2012 के बीच बसपा सरकार के कार्यकाल के दौरान उसे जमीन पर भी उतारा।

## एम-वाई बनाम एम-वाई का मुकाबला

**भाषा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा चुनाव की फिजाओं में इस वक्त एम-वाई बनाम एम-वाई का मुकाबला हावी है। सपा जहां अपने पुराने एम-वाई समीकरण यानी मुस्लिम-यादव में कामयाबी की राह तलाश रही है, वहीं भाजपा मोदी-योगी फैक्टर के जरिए अपनी चुनावी नैया पार लगाने की जुगत में है। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के जमाने से ही उनकी पार्टी मुसलमानों और यादव बिरादरी के मतदाताओं की ताकतवर जुगलबंदी के सहारे सत्ता शीर्ष पर पहुंचती रही है। ये दोनों ही समुदाय करीब 30 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसी समीकरण के सहारे समाजवादी पार्टी प्रदेश में चार बार सरकार बना चुकी है। हालांकि हाल ही में प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्य, धर्म सिंह सैनी और दारा सिंह चौहान के भाजपा छोड़कर सपा में शामिल होने के बाद पैदा हालात की नजाकत को देखते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस बार गैर यादव अन्य पिछड़ा वर्ग के ज्यादा प्रत्याशियों को टिकट देकर दूसरी बिरादरियों को भी लुभाने की कोशिश की है। दूसरी ओर, भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जोड़ी को लेकर एक राजनीतिक विमर्श तैयार करने में जुटी है और उसके नेताओं का मानना है कि यह एम-वाई समीकरण चुनाव में उसके लिए कारगर साबित हो रहा है। भाजपा की लगभग हर चुनावी रैली में पार्टी के नेता देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ द्वारा किए गए कार्यों की जमकर सराहना कर रहे हैं और पार्टी का चुनाव प्रचार अधिकतर मोदी और योगी के इर्द-गिर्द ही घूमता है। प्रधानमंत्री अपने चुनावी संबोधनों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर सराहना करते हैं। वहीं, योगी भी अपनी सरकार द्वारा किए गए कार्यों को मोदी के नेतृत्व में हुआ कार्य ही बताते हैं। अमेठी के भाजपा नेता राजेश अग्रहरि का कहना है कि आम जनता के बीच मोदी-योगी समीकरण सफलता का मंत्र बन गया है। भाजपा नेता आर. ए. वर्मा ने कहा कि सुल्तानपुर में भाजपा विधायक सत्ता विरोधी लहर का सामना कर रहे थे मगर यह अब मोदी-योगी फैक्टर के चलते खत्म हो गई है। भारतीय जनता पार्टी गांधी-नेहरू परिवार के गढ़ रायबरेली में अपने एमवाई फैक्टर का जमकर प्रचार कर रही है। भाजपा कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की सभी पांच सीटों पर कब्जा करने की कोशिश में है। सिर्फ भाजपा के नेता ही नहीं बल्कि आम लोग भी मोदी-योगी (एमवाई) फैक्टर के प्रति आकर्षित हैं। अमेठी जिले के गौरीगंज निवासी जंग बहादुर सिंह ने कहा कि लोगों को मोदी और योगी के नेतृत्व में पूर्ण विश्वास है। इसके अलावा अमेठी के ही माधवपुर गांव के निवासी विनोद कुमार शुक्ला और पितरदीन शुक्ला के भी ऐसे ही विचार हैं।

# प्रकाश सिंह बादल 13वीं बार लड़ेंगे चुनाव

**पंजाब विधानसभा**

**भाषा** । चंडीगढ



**शिरोमणि** अकाली दल (शिअद) के वयोवृद्ध नेता प्रकाश सिंह बादल 13वीं बार चुनाव मैदान में हैं और पंजाब विधानसभा के लिए होने वाले चुनाव में लांबी सीट से किस्मत आजमाएंगे। बादल की उम्र 94 साल है। पार्टी नेता और उनके करीबी सहयोगी तेजिंदर सिंह मुदुखेड़ा ने कहा, पहले भी पार्टी का स्थानीय नेतृत्व लांबी में चुनाव प्रचार का कार्य देखता था और (प्रकाश सिंह)बादल साहब पूरे राज्य में चुनाव प्रचार करने में व्यस्त रहते थे।

उन्होंने कहा कि हम बादल साहब के नियमित संपर्क में हैं। उल्लेखनीय है कि 20 फरवरी को पंजाब विधानसभा के लिए मतदान होगा और मुक्तसर जिले की लांबी सीट से बादल किस्मत आजमा रहे हैं। शिअद नेता और बादल की बहू हरसिमरत कौर बादल ने उनके लिए निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार किया है। इसी प्रकार इंडियन नेशनल लोकदल (इनोलो) के अध्यक्ष ओम प्रकाश चौटाला भी प्रकाश सिंह बादल को दोबारा जिताने की अपील कर रहे हैं। लंबे समय से मित्र रहे 87 वर्षीय नेता चौटाला ने कहा कि उनकी और प्रकाश सिंह बादल की राजनीति हमेशा से जनता के कल्याण के ईर्द गिर्द रही। शिअद के मुताबिक पार्टी नेताओं के आग्रह पर बादल ने बढ़ती उम्र और हाल में कोविड-19 से संक्रमित होने के बावजूद चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया। उनके बेटे सुखबीर सिंह बादल इस समय पार्टी के अध्यक्ष हैं। प्रकाश सिंह बादल को पिछले महीने ही लुधियाना स्थित अस्पताल से छुट्टी मिली थी जहां पर वह कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद भर्ती थे। इसके साथ ही उन्होंने सबसे उम्रदराज उम्मीदवार होने के केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस अच्युतानंद के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

## भगवंत मान और नवजोत कौर ने मुख्यमंत्री चन्नी की गरीब की छवि पर उठाए सवाल

**चंडीगढ़**। कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह की गरीब पृष्ठभूमि की छवि पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी को चन्नी को गरीब समझने के लिए गुमराह किया गया है। राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा घोषित मुख्यमंत्री पद का चेहरा भगवंत मान ने भी अलग से गांधी के उस बयान पर सवाल उठाया जिसमें उन्होंने चन्नी को गरीब घर का बताया था। मान ने पूछा कि वह किस कोण से गरीब हैं। कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव में सिद्धू के मुकाबले चन्नी का पार्टी के मुख्यमंत्री चेहरे लिए समर्थन कर रही है। कौर ने कहा कि इस तथ्य से परे कि क्रिकेटर से राजनीति में आए सिद्धू उनके पति हैं, वह छह महीने में ही पंजाब में बदलाव लाने के लिए बेहतर विकल्प होते। भगवंत मान ने यह बात बठिंडा में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कही जबकि कौर ने यह राय अमृतसर में मीडिया से संवाद करते हुए व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने रविवार को चन्नी को आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया था, जिसका समर्थन सिद्धू द्वारा भी किया गया था।



नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज एस बोम्मई के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

## महाराष्ट्र एटीएस ने मुंबई ठाणे से 13 पिस्तौल जब्त की, 11 लोग गिरफ्तार

**मुंबई**। महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने मुंबई और उसके उपनगरीय इलाके के विभिन्न हिस्सों से 13 पिस्तौल जब्त की हैं और 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर एटीएस की कलाचौकी इकाई ने एक हथियार आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार किया और पिछले तीन दिनों में मुंबई और पड़ोसी ठाणे शहर में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। इस अभियान के दौरान एटीएस ने आरोपियों के पास से 13 पिस्तौल और 36 गोलियां बरामद की हैं और उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में आगे की जांच जारी है।

# 26 फीसद उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज

**गोवा विधानसभा चुनाव**

**भाषा** । पणजी

**गोवा** विधानसभा चुनाव लड़ रहे कम से कम 26 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं और आठ प्रतिशत के खिलाफ गंभीर अपराधों के लिए मामले दर्ज हैं। गोवा इलेक्शन वाच और एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में मंगलवार को यह खुलासा किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसे उम्मीदवारों की संख्या कांग्रेस में सर्वाधिक है, जिनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके बाद, महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का नंबर आता है।

गोवा इलेक्शन वाच और एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। कुल 301 उम्मीदवारों में से 26 प्रतिशत उम्मीदवारों (77) ने अपने शपथपत्रों में घोषणा की है कि उनके खिलाफ विभिन्न अदालतों में मामले लंबित हैं, जिनमें से आठ प्रतिशत लोग गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। कांग्रेस के कम से कम 35 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके बाद एमजीपी के 23 प्रतिशत, भाजपा के 18 प्रतिशत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और तृणमूल कांग्रेस के 15-15 प्रतिशत और आम आदमी पार्टी (आप) के 10 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

चुनाव पर निगरानी रखने वाली संस्था ने कहा कि 12 उम्मीदवारों ने घोषणा की है कि उनके विरुद्ध महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं, जिनमें से एक बलात्कार से जुड़ा मामला है। आठ उम्मीदवारों के खिलाफ हत्या की कोशिश के मामले दर्ज हैं।

गोवा में 14 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कुल 301 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें से 116 राष्ट्रीय दलों के, 104 क्षेत्रीय दलों के, 13 गैर-मान्यता प्राप्त दलों के और 68 निर्दलीय उम्मीदवार हैं। उम्मीदवारों की ओर दाखिल शपथपत्रों के अनुसार, 187 उम्मीदवार (62 प्रतिशत) करोड़पति हैं।

एडीआर ने बताया कि कम से कम 31 फीसदी उम्मीदवारों के पास पांच करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है, 16 प्रतिशत उम्मीदवारों के पास दो करोड़ से पांच करोड़ रुपए तक, 20 फीसदी उम्मीदवारों के पास 10 लाख से 50 लाख रुपए के बीच और 11 फीसदी उम्मीदवारों के पास 10 लाख रुपए से कम की संपत्ति है। रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा के 95 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं।

इसके बाद कांग्रेस के 87 फीसदी, एमजीपी के 69 फीसदी, तृणमूल के 65 फीसदी, जीएफपी (गोवा फॉरवर्ड पार्टी) के 67 फीसदी, आप के 62 फीसदी और राकांपा के 62 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कांग्रेस के माइकल लोबो (कलंगुट) और उनकी पत्नी डेलिला(सियोलिम) सबसे अमीर उम्मीदवार हैं, जिनके पास 92 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

इसके बाद बिचोलिम से निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. चंद्रकांत शेटे के पास 59 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

## सुदीप और आशीष भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए

**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफा दे चुके त्रिपुरा के दो वरिष्ठ नेता सुदीप रॉय बर्मन और आशीष साहा मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। इन दो विधायकों ने सोमवार को त्रिपुरा विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। दोनों विधायकों ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया था। बर्मन और साहा ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा से मुलाकात के बाद पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। ए दोनों नेता पहले कांग्रेस में रह चुके हैं। कांग्रेस के त्रिपुरा प्रभारी ने दोनों नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुए पार्टी के राज्य प्रभारी अजय कुमार ने कहा, दोनों नेताओं के आने से पूर्वोत्तर में राजनीतिक भूकंप आ गया है। साल 2023 में त्रिपुरा में कांग्रेस की सरकार बननी तय है। उन्होंने दावा किया कि त्रिपुरा में भाजपा के दो और विधायक जल्द ही कांग्रेस में शामिल होंगे तथा उनकी राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के साथ अनौपचारिक तरीके से मुलाकात हो गई है। सुदीप रॉय बर्मन ने कहा कि कुछ साल पहले कांग्रेस छोड़कर उन्होंने पाप किया था और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करके वह अपने इस पाप का प्रायश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस के लोगों से माफी मांगता हूं। मैं शुरू से कांग्रेस में था। कांग्रेस मेरे डीएनए में है। करीब साढ़े चार साल बाद मैं फिर से उस जगह पहुंच गया हूं, जहां से मेरा सफर आरंभ हुआ था।



कोझीकोड में वार्षिक मंदिर उत्सव से पहले मंगलवार को वलयनाद देवी मंदिर में ब्रह्मकलश पूजा करते पुजारी

## डासना मंदिर के मुख्य पुजारी यति नरसिंहानंद को जमानत मिली

**देहरादून**। हरिद्वार की एक अदालत ने हरिद्वार में आयोजित विवादास्पद धर्म संसद में नफरत फैलाने वाले भाषण के मामले में डासना मंदिर के मुख्य पुजारी यति नरसिंहानंद को जमानत दे दी है।

नरसिंहानंद को मामले के सिलसिले में 15 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। धर्म संसद में कथित तौर पर मुसलमानों के खिलाफ भड़काऊ भाषण दिया गया था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश भारत भूषण पांडेय ने सोमवार को मामले में डिजिटल तरीके से सुनवाई करने के बाद नरसिंहानंद को जमानत दे दी। नरसिंहानंद को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी गई है। अदालत ने उनसे ऐसा कोई भाषण नहीं देने को कहा है, जिससे सामाजिक समरसता भंग हो। इसने नरसिंहानंद को विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य पैदा करने वाले किसी समूह या कार्यक्रम का हिस्सा न बनने को भी कहा है।

# कांग्रेस ने बिहार में भाजपा-जदयू सरकार के जल्द गिरने की भविष्यवाणी की

**● यूपी चुनाव बाद स्थिति और साफ होगी**

**भाषा** । पटना

**कांग्रेस** ने मंगलवार को दावा किया कि बिहार में भाजपा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जदयू के बीच मतभेद उस स्थिति में पहुंच चुके हैं, जिसका समाधान मुश्किल है। पार्टी ने पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद बिहार में बड़ी उथल-पुथल होने की भविष्यवाणी की।

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के मीडिया पैनल में शामिल विधान परिषद सदस्य प्रेम चंद्र मिश्रा ने भाजपा के कुछ नेताओं द्वारा नीतीश कुमार पर हाल-फिलहाल में किए गए हमलों का हवाला देते हुए यह दावा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी संख्या बल के लिहाज से ज्यादा मजबूत स्थिति में होने के बावजूद राज्य में अपना मुख्यमंत्री न होने के कारण अपमानित महसूस करती है।

मिश्रा ने सासाराम से भाजपा सांसद की विवादित टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा, छेदी पासवान की टिप्पणी पर गौर फरमाएं, जिसमें उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री में सत्ता की इतनी भूख है कि वह दाऊद इब्राहिम से भी हाथ मिलने से नहीं चूकेंगे। पासवान ने राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल और जदयू के बीच विवाद को लेकर पत्रकारों के सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की थी।

2014 के लोकसभा चुनाव से ऐन पहले भाजपा में शामिल होने वाले पासवान ने यह भी कहा था कि विधानसभा चुनाव में जदयू के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद मुख्यमंत्री के रूप में वापसी करने में नीतीश कुमार की मदद करके उनकी पार्टी ने भूल की है।

पासवान पहले जदयू का हिस्सा थे। वह नीतीश कुमार की कैबिनेट में मंत्री भी थे। हालांकि, लोकसभा चुनाव में टिकट के लिए उनके नाम पर विचार न किए जाने के विरोध में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था।

कांग्रेस नेता ने एक फेसबुक पोस्ट में जायसवाल द्वारा लगाए गए आरोपों का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य में शाहनवाज हुसैन जैसे पार्टी के मंत्री संपूर्ण कैबिनेट से सहयोग के अभाव में अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। उनका इशारा मुख्यमंत्री और जदयू की ओर माना जा रहा था।

जायसवाल ने जदयू के इस तर्क को भी खारिज कर दिया था कि राज्य को विशेष दर्जा सहित अन्य मामलों में केंद्र के अधिक सहयोग की जरूरत है। भाजपा नेता ने दावा किया था कि बिहार को पहले से ही महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के मुकाबले अधिक केंद्रीय सहायता मिल रही है, जो जनसंख्या के लिहाज से लगभग समान आकार के थे।

मिश्रा ने कहा, मुख्यमंत्री के खिलाफ विरोध की लहर विपक्ष द्वारा नहीं, बल्कि सत्ता में बैठे उनके सहयोगियों द्वारा है। यह अवसरवाद और सत्ता को लेकर दोनों दलों की लालसा का सूचक है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि सत्तारूढ़ गठबंधन में कुछ भी ठीक नहीं है।

कांग्रेस नेता ने कहा, हमें बिहार में निश्चित रूप से राजनीतिक अस्थिरता नजर आ रही है। यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगी। मध्यावधि चुनाव भी हो सकते हैं। यूपी चुनाव के बाद तस्वीर और साफ हो जाएगी।

## शिवसेना के आठ कार्यकर्ताओं ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया

पुणे (**महाराष्ट्र**)। महाराष्ट्र में पिछले सप्ताह भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद किरीट सोमैया पर हुए कथित हमले के मामले में शिवसेना के आठ स्थानीय कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पुणे पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि सोमैया ने दावा किया था कि शनिवार को पुणे नगर निगम कार्यालय के परिसर में शिवसेना के गुंडो ने उनपर उस वक्त हमला कर दिया, जब वह विशाल कोविड-19 अस्पताल को संचालित करने के अनुबंधों में अनियमितता के आरोपों के सिलसिले में वहां गए थे।

स्थानीय भाजपा नेताओं की शिकायत पर पुलिस ने 60 से 70 लोगों के खिलाफ गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने, दंगा करने, गलत तरीके से रोकने, नुकसान पहुंचाने, मानव जीवन को खतरे में डालने सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया है।



कोलकाता में मंगलवार को आठवीं कक्षा के तहत छात्रों के लिए सभी कोविड -19 प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल के दौरान शिक्षालय के बाहर प्रार्थना करते छात्र

## अदालत ने एनआईए को एल्गार मामले के सात आरोपियों के फोन समिति को सौंपने की अनुमति दी

**मुंबई**। मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने पेगासस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित तकनीकी समिति को एल्गार परिषद मामले के सात आरोपियों के मोबाइल फोन सौंपने की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की अर्जी को मंगलवार को मंजूरी दे दी।

एक आरोपी की ओर से पेश वकील ने कहा कि तकनीकी समिति ने एनआईए को मोबाइल फोन सौंपने को कहा था। एनआईए ने विशेष अदालत से सात आरोपियों के फोन सौंपने की अनुमति मांगी, क्योंकि फोन अदालत के संरक्षण में है।

## पश्चिम बंगाल में हिंसा के सिलसिले में सीबीआई ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा के मामलों की जांच कर रही सीबीआई ने भाजपा समर्थक बिस्वजीत महेश की हत्या के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने पिछले साल 11 नवंबर को पश्चिमी मिदनापुर में हुई महेश की हत्या के सिलसिले में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। विधानसभा चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद महेश पर चार मई, 2021 को कथित रूप से लोहे के सरियों और तलवार से हमला किया गया था और तालाब में फेंक दिया गया था। महेश को सबांग अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। भाजपा का आरोप है कि चुनाव के बाद तृणमूल कांग्रेस ने उसके कार्यकर्ताओं और समर्थकों पर हमले किए हैं।

# समीर वानखेड़े के पिता की अवमानना अर्जी पर नवाब मलिक को कारण बताओ नोटिस जारी

**भाषा** । मुंबई

**क्रूज जहाज पर छापेमारी का मामला**

**बंबई** उच्च न्यायालय ने ज्ञानदेव वानखेड़े की अवमानना अर्जी पर मंगलवार को महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक को कारण बताओ नोटिस जारी किया। ज्ञानदेव स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के मुंबई जोन के पूर्व निदेशक समीर वानखेड़े के पिता हैं।

ज्ञानदेव ने अपनी अर्जी में दावा किया कि पिछले साल दिसंबर में मलिक ने अदालत में हलफनामा दिया था कि वह उनके परिवार के खिलाफ सोशल मीडिया और सार्वजनिक तौर पर मानहानिकारक बयान नहीं देंगे लेकिन मलिक लगातार ऐसा कर रहे हैं। पिछले साल अक्टूबर में समीर वानखेड़े की अगुवाई में एक क्रूज जहाज पर हुई छापेमारी के दौरान मादक पदार्थ जब्त करने का दावा किया गया था और इस मामले में अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान समेत कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता नवाब मलिक ने समीर वानखेड़े के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए थे। इसके चलते ज्ञानदेव ने अदालत का रुख किया था।

ज्ञानदेव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता बीरेंद्र सर्राफ ने मंगलवार को उन बयानों को पेश किया जोकि मलिक द्वारा इसी साल जनवरी में अलग-अलग प्रेसवार्ता में दिए गए। सर्राफ ने न्यायमूर्ति एसजे कथावाला और न्यायमूर्ति नितिन जाधव की पीठ से कहा कि मलिक ने समीर वानखेड़े के कथित अवैध जाति प्रमाणपत्र और एनसीबी अधिकारियों द्वारा फिल्मी कलाकारों से अवैध उगाही जैसे आरोप लगाए गए। उन्होंने यह भी दावा किया कि मलिक ने इन प्रेसवाताओं के दौरान ज्ञानदेव द्वारा दायर मानहानि वाद का भी जिक्र किया था। हालांकि, मलिक की ओर से पेश वकील कार्ल तंबोली ने अदालत से कहा कि उनके मुवक्किल ने सर्राफ द्वारा उल्लेख की गई प्रेसवार्ताओं में समीर वानखेड़े का नाम नहीं लिया।

अदालत ने सवाल किया कि राकांपा के नेता क्यों लगातार समार वानखेड़े की जाति प्रमाण अवैध होने के बारे में बात कर रहे हैं जबकि जांच समिति को इस पर अभी निर्णय लेना है पीठ ने कहा कि आप क्या करने का प्रयास कर रहे हैं?

क्या ऐसा कोई निर्णय है कि जाति प्रमाण पत्र अवैध है या नहीं? अगर नहीं, तो फिर वह (मलिक) कैसे कह सकते हैं कि यह फर्जी है? अदालत ने मलिक को कारण बताओ नोटिस का जवाब 21 फरवरी तक देने का निर्देश दिया है जब ज्ञानदेव वानखेड़े की अवमानना अर्जी पर आगे सुनवाई होगी।

## भारतीय वृत्तचित्र राइटिंग विद फायर ऑस्कर पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र के लिए नामित

**भाषा** । नई दिल्ली

**भारत के** वृत्तचित्र राइटिंग विद फायर ने 94वें ऑस्कर पुरस्कारों की अंतिम नामांकन सूची में जगह बनाई है। ट्रेसी एलिस रॉस और लेसली जॉर्डन ने मंगलवार शाम को एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज के ट्विटर अकाउंट पर इस नामांकन की घोषणा की। रिंटू थॉमस और सुष्मित घोष द्वारा निर्देशित राइटिंग विद फायर में खबर लहरिया के उत्थान की कहानी बयान की गई है, जो दलित महिलाओं द्वारा निकाला जा रहा भारत का एकमात्र अखबार है।

## एअर इंडिया के कर्मचारियों की याचिका उच्च न्यायालय में खारिज

**नई दिल्ली**। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एअर इंडिया के कर्मचारियों के भत्ते में कटौती को चुनौती देने वाली एक्जेक्यूटिव पायलट्स एसोसिएशन और ऑल इंडिया एयरक्राफ्ट इंजीनियर्स एसोसिएशन की याचिकाएं खारिज कर दी हैं। न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव ने कहा कि इसमें कोई भेदभाव नहीं किया गया है।

# हिजाब से जुड़े विवाद पर बयान दे सरकार : चौधरी



**भाषा** । नई दिल्ली

**लोकसभा** में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कर्नाटक के कुछ शिक्षण संस्थानों में हिजाब को लेकर खड़े हुए विवाद का विषय मंगलवार को सदन में उठाया और कहा कि सरकार को इस बारे में संसद में बयान देना चाहिए। उन्होंने निचले सदन में शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाया। चौधरी ने कहा कि हम सदन के अंदर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की बात करते हैं। लेकिन देश में कुछ जगहों पर मजहब के आधार पर घिनौनी कार्रवाई हो रही है जो ठीक नहीं है।

उन्होंने कहा, कई हिंदू तिलक लगाते हैं, कई मुस्लिम महिलाएं हिजाब पहनती हैं। कर्नाटक और कुछ अन्य जगहों पर हिजाब पहनने वाली मुस्लिम महिलाओं को रोका जा रहा है, विभिन्न धर्मों के बीच दरार पैदा हो रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस मामले में सरकार को सदन में बयान देना चाहिए। कर्नाटक से ताल्लुक रखने वाले भाजपा सांसद शिवकुमार उदासी ने कहा कि इस विषय से जुड़ा मामला अदालत के विचाराधीन है और कांग्रेस नेता को यह मुद्दा सदन में नहीं उठाना चाहिए।

## महाराष्ट्र के लिए पीएम की घृणा से आश्चर्यचकित हूं: सुले

**नई दिल्ली**। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की नेता सुप्रिया सुले ने मंगलवार को कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान पर आश्चर्य हुआ जिसमें उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र ने अन्य राज्यों में कोविड-19 के प्रसार में मदद की। सुले ने कहा कि उन्हें अचरज है कि मोदी के मन में उस राज्य के प्रति ऐसी घृणा क्यों है जिसने उन्हें सत्ता के शिखर तक पहुंचाया। सुले ने यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे आश्चर्य होता है कि बार-बार महाराष्ट्र की आलोचना कर के प्रधानमंत्री को कौन सा सुख मिलता है। उन्होंने महत्वपूर्ण परियोजनाओं को राज्य से बाहर स्थानांतरित कर दिया और मुंबई के महत्व को कम कर दिया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

## मुसलमानों के लिए नफरत आम बात हो गई है : उमर

**श्रीनगर**। कर्नाटक के कई हिस्सों में हिजाब पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ कॉलेजों में हो रहे प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को आरोप लगाया कि देश में मुसलमानों के खिलाफ नफरत आम बात हो गई है और अब हम विविधता का सम्मान नहीं करते हैं। अब्दुल्ला सोशल मीडिया में आए एक वीडियो पर टिप्पणी कर रहे थे। वीडियो में भगवा गमछा डाले कुछ पुरुषों को हिजाब पहनी एक महिला के साथ बसलूकी करते और कर्नाटक के एक कॉलेज में नारेबाजी करते देखा जा सकता है। वीडियो को टैग करते हुए अब्दुल्ला ने ट्वीट किया है, कितने बहादुर हैं पुरुष और एक अकेली लड़की को निशाना बनाते हुए उन्हें कैसे पुरुषार्थ का अनुभव हो रहा है। मुसलमानों के लिए नफरत आज भारत की मुख्यधारा में है और सामान्य बात हो गई है।

उन्होंने कहा कि अब हम वह देश नहीं रह गए हैं जिसे अपनी विविधता पर गर्व था, हम लोगों को इसकी (विविधता) सजा देना चाहते हैं और उन्हें इससे बाहर निकालना चाहते हैं। हिजाब मुद्दे को लेकर कर्नाटक के उडुपी, शिवमोगा, बगलकोटे और अन्य हिस्सों में स्थित कुछ शिक्षण संस्थानों में स्थिति तनावपूर्ण होने के बाद पुलिस और प्रशासन को हस्तक्षेप करने की भी जरुरत पड़ी।

# शेयर बाजारों में तीन दिन की गिरावट थमी

## ● सेंसेक्स 187 अंक चढ़ा, टाटा स्टील, आरआईएल में तेजी

**भाषा।** मुंबई







**शेयर बाजारों** में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और कारोबार के अंतिम घंटे में ऊर्जा, धातु और वित्तीय शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 187 अंक चढ़ गया। कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा सौदों को पूरा करने के लिए की गई लिवाली से शेयरों में तेजी आई। इससे बाजार को नुकसान से उबरने में मदद मिली।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 187.39 अंक यानी 0.33 प्रतिशत मजबूत होकर 57,808.58 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 53.15 अंक यानी 0.31 प्रतिशत लाभ के साथ 17,266.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर 3.10 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में रहा। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, टाइटन और एक्सिस बैंक में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, कोटक बैंक, एलएंडटी, एचडीएफसी लि. और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। इनमें 1.66 प्रतिशत तक की गिरावट रही। सेंसेक्स के 19 शेयर लाभ में, जबकि 11 नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू शेयर बाजारों में अधिक उतार-चढ़ाव रहा। लेकिन अंत में यह लाभ में बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से दबाव रहा लेकिन घरेलू निवेशकों की लिवाली से इससे निपटने में मदद मिली। उन्होंने कहा, यूरोपीय केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष की टिप्पणी से यूरोप के बाजारों में तेजी रही। उन्होंने कहा कि मौद्रिक नीति रुख को कड़ा किए जाने की कम संभावना है। इससे वैश्विक निवेशकों की धारणा बेहतर हुई। इस बीच, भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक मंगलवार को शुरू हुई। समिति मुद्रास्फीति को लेकर चिंता तथा उभरते भू-राजनीतिक तनाव के बीच मौद्रिक नीति समीक्षा करेगी। मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा 10 फरवरी को होगी। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, विकसित देशों में नीति-निर्माताओं के समक्ष बढ़ती मुद्रास्फीति को लेकर चुनौती है। वैश्विक शेयर बाजारों में विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के कदमों को लेकर दबाव है। उन्होंने कहा, घरेलू बाजार में निफ्टी गिरावट के साथ खुला और भू-राजनीतिक चिंता तथा तेल कीमतों में तेजी के बीच संस्थागत निवेशकों की मुनाफावसूली से यह 17,000 अंक के करीब पहुंच गया...हालांकि बाद में कारोबार के अंत में लिवाली में तेजी से बाजार लाभ में बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहे, जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट आई। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में अच्छी तेजी रही।

# इंडिगो को कार्गो परिचालन के साथ घरेलू, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का विस्तार जारी रखने की जरूरतः भाटिया

**भाषा।** मुंबई

**इंडिगो** के सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया ने कहा है कि विमानन कंपनी को निकट भविष्य में मालवाहक (कार्गो) परिचालन को मजबूत करने के साथ ही अपनी घरेलू एवं क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय पहुंच का विस्तार करने पर ध्यान देने की जरूरत है। भाटिया को चार फरवरी को प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया, जिसके बाद उन्होंने मंगलवार को कर्मचारियों को भेजे एक ई-मेल में में कहा कि वह प्रबंधन दल के साथ मिलकर काम करने के उत्सुक हैं।

उन्होंने कहा कि निकट-अवधि के लक्ष्यों को हासिल करने के साथ ही कंपनी को भविष्य के बड़े अवसरों के लिए भी तैयारी करनी चाहिए। भाटिया ने ऐसे समय में एयरलाइन के पहले प्रबंध निदेशक का पद संभाला है, जब घरेलू विमानन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ने की उम्मीद है। गौरतलब है कि टाटा समूह ने एयर इंडिया का अधिग्रहण कर लिया है, और आकाश एयर के इस साल सेवाएं शुरू करने की उम्मीद है। इंडिगो देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी है और घरेलू बाजार में इसकी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से ज्यादा है।

भाटिया ने कहा, इस भूमिका (प्रबंध निदेशक) में मैं निकट अवधि के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रबंधन दल के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हूं, बल्कि साथ ही कंपनी को भविष्य में आने वाले बड़े अवसरों के लिए भी तैयार करना है। उन्होंने कहा कि एयरलाइन को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय विस्तार जारी रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेड़े में ए-321 एक्सएलआर के शामिल होने से इंडिगो की पहुंच उन बाजारों तक हो जाएगी, जहां वह अबतक सेवा देने की स्थिति में नहीं है। कार्गो विमान ए-321 की पहली खेप के इस गर्मी से शामिल होने की उम्मीद है।

## क्विक न्यूज

### स्काई एयर और रेडक्लिफ में ड्रोन से स्वास्थ्य जांच नमूने एकत्रित करने के लिए करार

**मुंबई।** ड्रोन आपूर्ति लॉजिस्टिक फर्म स्काई एयर मोबिलिटी ने कस्बों एवं दूरदराज के इलाकों में स्वास्थ्य जांच के नमूने जल्द इकट्ठा करने के लिए रेडक्लिफ लैब्स के साथ एक करार किया है। डायग्नोस्टिक स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में यह अपनी तरह का पहला करार है। मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, इस गठजोड़ के तहत स्काई एयर शुरुआत में एक चुनिंदा गलियारे में ड्रोन आपूर्ति परीक्षण करेगी और उसके बाद देश के कई शहरों एवं सुदूर स्थानों में भी वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करेगी। इस महीने के मध्य से रेडक्लिफ लैब की नोएडा स्थित नेशनल रेफरेंस लैब से ड्रोन की करीब 30-40 परीक्षण उड़ाने संचालित की जाएंगी।

### घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जनवरी में 43 प्रतिशत घटकर 64 लाख रही : इक्रा

**मुंबई।** कोविड-19 के नए स्वरूप ओमीक्रोन की रोकथाम के लिए राज्य सरकारों द्वारा लगाए गए अंकुशों के चलते घरेलू हवाई यात्री यातायात जनवरी, 2022 में इससे पिछले महीने के मुकाबले लगभग 43 प्रतिशत गिरकर 64 यात्री लाख रह गया। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दिसंबर, 2021 में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 112 लाख रही थी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उसे लगता है कि मार्च तिमाही में सुधार की प्रक्रिया धीमी रहेगी और जेट ईंधन की कीमतों में तेजी के चलते इस क्षेत्र पर दबाव बना रहेगा। इक्रा ने कहा कि यात्री यातायात में पिछले महीने सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की गिरावट आई। जनवरी, 2021 में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 77 लाख रही थी। इसके अलावा विमानन कंपनियों ने जनवरी, 2022 में सात प्रतिशत कम 62,979 उड़ानों का संचालन किया।

### शापूरजी पालोनजी की इकाई जॉयविले ने सौरव गांगुली को ब्रांड एम्बैसडर बनाया

**नई दिल्ली।** कारोबारी समूह शापूरजी पालोनजी समूह के आवासीय मंच जॉयविले ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को अपना ब्रांड एम्बैसडर बनाया है। जॉयविले को शापूरजी पालोनजी, एशियाई विकास बैंक, आईएफसी और एक्टिस द्वारा स्थापित किया गया था। कंपनी का कारोबार 20 करोड़ डॉलर का है और उसने चार प्रमुख शहरों में अबतक छह आवास परियोजनाएं शुरू की है। कंपनी ने एक बयान में कहा, गठजोड़ के तहत भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष गांगुली कंपनी के ब्रांड अभियानों का नेतृत्व करेंगे और घर खरीदारों को जॉयविले शापूरजी के मूल मूल्यों के बारे में बताएंगे।

### भारती एयरटेल का तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 2.8 प्रतिशत घटकर 830 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 2.8 प्रतिशत घटकर 830 करोड़ रुपए रह गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 854 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि अक्टूबर-दिसंबर 2021 तिमाही में उसकी आय 12.6 प्रतिशत बढ़कर 29,867 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 26,518 करोड़ रुपए रही थी।

### कोजेंट ई-सर्विसेज ने आईपीओ के लिए डीआरएचपी फाइल की

**मुंबई।** कोजेंट ई-सर्विसेज लिमिटेड (कंपनी) जो समग्र ओमनी चैनल ग्राहक अनुभव (सीएक्स) समाधान प्रदाता है ने अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के यहाँ दाखिल किया है। कोजेंट ई-सर्विसेज के समाधानए व्यवसायों और ब्रांडों को उनके लक्षित ग्राहकों से जुड़ने, उनके सभी टचपॉइंट्स एवं चैनल्स में सीएक्स ग्राहक अनुभव को रूपांतरित करने और और प्रतिक्रिया समय, व्यावसायिक परिणामों और प्रदर्शन में सुधार करने में सक्षम बनाते हैं। कंपनी की योजना आईपीओ के जरिए फंड जुटाने की है, जिसमें कुल 150 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और निवेशक विक्रेता शेयरधारको द्वारा 9,468,297 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल ऑफर फॉर सेल शामिल है। कोजेंट ने फ्रेश इश्यू से जुटाये गये फंडों का उपयोग कंपनी के मौजूदा आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और आईटी परिसंपत्तियों में निवेश के वित्तपोषणए कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव किया है। ज़िनोव रिपोर्ट के अनुसारए कोजेंट ई.सर्विसेज लिमिटेड अपने ग्राहकों के लिए ग्राहक अनुभव प्रबंधन को फिर से परिभाषित करने के लिए डिजिटल दौर में सबसे भरोसेमंद और विश्वसनीय सेवा भागीदारों में से एक के रूप में उभरा है ।

### पाकिस्तानी डीलर के कश्मीर पर ट्वीट को लेकर हुंदै ने मांगी माफी

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया की वाहन कंपनी हुंदै मोटर ने कश्मीर पर अपने पाकिस्तानी भागीदार के अनधिकृत ट्वीट को लेकर माफी मांगी है और पोस्ट को हटा दिया है। हालांकि, कंपनी को अपनी इस पोस्ट को लेकर भारतीय नागरिकों से बहिष्कार के आह्वान का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र सरकार ने भी कंपनी से और स्पष्ट रूप से मा2398ी मांगने के लिए कहा है। हुंदै और उसकी सहयोगी कंपनी किआ कॉरपोरेशन से संबंधित सोशल मीडिया हैंडल ने पाकिस्तान द्वारा पिछले दिनों मनाए गए कश्मीर एकजुटता दिवस को लेकर सोशल मीडिया मंचों पर पोस्ट साझा की थी। इसके बाद दक्षिण कोरियाई कंपनी ने रविवार को कहा था कि इस तरह के असंवेदनशील संचार के प्रति इसकी शून्य सहिष्णुता की नीति है और कंपनी इस तरह के किसी भी विचार की कड़ी निंदा करती है।

### आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी ने सेबी में फाइल भेजी

**मुंबई।** आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड भारत के भीतर एक प्रमुख पवन ऊर्जा संचालन और रखरखाव ओ एंड एम सेवा प्रदाता है। यह कंपनी, आईनॉक्स विंड लिमिटेड की एक सहायक कंपनी है जो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफइंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड पर सूचीबद्ध है और आईनॉक्स जीएफएल कंपनियों के समूह आईनॉक्स जीएफएल रुप का हिस्सा है। आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड ने 7 फरवरी 2022 को सेबी के यहाँ डीआरएचपी फाइल किया है। कंपनी की योजना कुल 740 करोड़ रु तक के आईपीओ के माध्यम से फंड जुटाने की है जिसमें कुल 370 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू शामिल है और कुल 370 करोड़ रुपये तक का ऑफर फॉर सेल है। आईजीईएसएल इश्यू से होने वाली शुद्ध आय का उपयोग हमारी कंपनी द्वारा लिए गए कुछ उधारों के पूर्ण या आंशिक चुकौती औरध्या पूर्व.भुगतान के लिए करने का इरादा रखती हैए जिसमें कुल 260 करोड़ रुण् के नॉन.कन्वर्टिबल डिबेंचर्स का रिडेम्शन शामिल है और शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए किया जायेगा।

# रिजर्व बैंक की तीन दिन की मौद्रिक नीति बैठक शुरू, 10 फरवरी को आएगा नतीजा

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय रिजर्व** बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक मंगलवार को शुरू हुई। बैठक के नतीजों की घोषणा 10 फरवरी को होगी। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) 2022-23 के आम बजट, मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं और तनावपूर्ण भू-राजनीतिक हालात के बीच अगली मौद्रिक नीति तय करने के लिए विचार-विमर्श कर रही है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली छह सदस्ईय एमपीसी की बैठक पहले बैठक सोमवार को शुरू होनी थी, लेकिन स्वर कोकिला लता मंगेशकर के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए महाराष्ट्र द्वारा



सात फरवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने पर इसे एक दिन आगे बढ़ा दिया गया।

आमतौर पर यह माना जा रहा है कि एमपीसी प्रमुख नीतिगत या रेपो दर में कोई बदलाव नहीं करेगी। हालांकि, विशेषज्ञों की राय है कि केंद्रीय बैंक नीतिगत रुख को उदार से तटस्थ में बदल सकता है और नकदी की स्थिति को सामान्य बनाने के लिए रिवर्स रेपो दर में कुछ बदलाव किया जा सकता है। यदि रिजर्व बैंक बृहस्पतिवार को नीतिगत दर में यथास्थिति बनाए रखता है, तो यह लगातार दसवीं बार होगा, जब दर अपरिवर्तित रहेगी। केंद्रीय बैंक ने पिछली बार 22 मई, 2020 को ब्याज दरों में कटौती कर नीतिगत दर को संशोधित किया था। ब्रिकवर्क रेटिंग्स के अनुसार, एमपीसी नीतिगत दरों को मौजूदा स्तर पर कायम रख सकती है।

### एसजीबी को समय से पहले छुड़ाने के लिए मूल्य 4,813 रुपए प्रति इकाई : आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को कहा कि आठ फरवरी को बकाया सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) को तय समय से पहले छुड़ाने के लिए 4,813 रुपए प्रति इकाई के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। आरबीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा, "आठ फरवरी, 2022 को समय से पहले एसजीबी को छुड़ाने के लिए प्रति इकाई 4,813 रुपए का मोचन मूल्य होगा। यह मूल्य 31 जनवरी से चार फरवरी के बीच सोने के बंद भाव के औसत के आधार पर है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) दरअसल सरकारी प्रतिभूतियां हैं और यह भौतिक सोना रखने का एक विकल्प हैं। बॉन्ड भारत सरकार की ओर से रिजर्व बैंक द्वारा जारी किया जाता है।

# पेज एक का शेष

## कर्नाटक में हिजाब का...

उन्होंने शिक्षकों से भी अपील की कि शांति बनाए रखी जाए। संबंधित लोग उकसावे वाले बयान देने से बचें और स्थिति को न भड़काएं। छात्रों के लिए यह बहुत संवेदनशील मुद्दा है। उन्होंने कहा कि छात्रों को एक साथ बैठकर अकादमिक गतिविधियों में भाग लेना होगा। मुख्यमंत्री बोम्मई ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मामला उच्च न्यायालय तक पहुंच गया। अभी मैं जब बात कर रहा हूं तो उच्च न्यायालय में मामले में सुनवाई चल रही है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में भी ऐसी ही स्थितियां आयी थीं और विभिन्न उच्च न्यायालयों ने अलग-अलग फैसले दिए हैं। हम अदालत के निर्देशों का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक पूरे मामले की वैधता का सवाल है तो राज्य सरकार ने कर्नाटक शिक्षा कानून के अनुसार अपना मामला रख दिया है। संसद में विपक्षी दलों के हिजाब विवाद को उठाने तथा भाजपा पर ध्रुवीकरण का आरोप लगाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी आरोप हैं और इनका कोई आधार नहीं है।

## कांग्रेस शहरी नक्सलियों...

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश की आजादी के बाद कांग्रेस को विलुप्त करने की बात कही थी और ऐसा हो गया होता तो दशकों तक देश को विभिन्न समस्याओं से दो-चार ना होना पड़ता। उन्होंने कहा कि अगर महात्मा गांधी की इच्छा के अनुसार कांग्रेस ना होती तो लोकतंत्र परिवारवाद से मुक्त होता और भारत विदेशी के बजाए स्वदेशी संकल्पों के रास्ते पर चलता। उन्होंने कहा, अगर कांग्रेस ना होती तो आपातकाल का कलंक ना होता...अगर कांग्रेस ना होती तो दशकों तक भ्रष्टाचार को संस्थागत बनाकर नहीं रखा जाता... अगर कांग्रेस ना होती तो जातिवाद और क्षेत्रवाद की खाई इतनी गहरी ना होती... अगर कांग्रेस ना होती तो सिखों का नरसंहार ना होता... सालों साल पंजाब आतंकवाद की आग में ना जलता...कश्मीर के पंडितों को कश्मीर छोड़ने की नौबत ना आती है... अगर कांग्रेस ना होती तो बेटियों को तंदूर में जलाने की घटनाएं ना होती... अगर कांग्रेस ना होती देश के सामान्य जन को सड़क, बिजली, पानी और शौचालय की मूलभूत सुविधाओं के लिए इतने सालों तक इंतजार ना करना पड़ता। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस जब तक सत्ता में रही तो उसने देश का विकास नहीं होने दिया और आज जब विपक्ष में है तो वह देश के विकास में बाधा डाल रही है। राहुल गांधी के भारत राष्ट्र नहीं है और यह राज्यों का संघ है संबंधी बयान की ओर इंगित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब तो कांग्रेस को भारत के लिए राष्ट्र शब्द कहे जाने पर भी आपत्ति है। उन्होंने कहा कि यह कल्पना गैर संवैधानिक है। उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा कि कांग्रेस को राष्ट्र शब्द से इतनी ही आपत्ति है तो उसने अपने दल के नाम में राष्ट्रीय क्यों रखा है।

## सुप्रीम कोर्ट से आजम...

शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलीलें पेश कीं। उन्होंने कहा कि चुनावों से ऐन पहले उनके खिलाफ प्राथमिकियां दर्ज की जाती हैं, लेकिन ए मामले काफी पहले के हैं। जमानत के लिए दायर की गई याचिकाओं की सुनवाई स्थगित की जा रही है। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता को जमानत याचिकाओं के त्वरित निपटारे के अनुरोध के लिए संबंधित अदालतों का दरवाजा खटखटाने की अनुमति दी जाती है। यह कहने की जरूरत नहीं है कि अदालतें जमानत याचिकाओं का निपटारा जल्द करेंगी। (इसके साथ ही) रिट याचिका खारिज की जाती है। खान रामपुर में दर्ज भूमि पर कब्जे सहित विभिन्न मामलों में फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं।

## पहले चरण का प्रचार...

केन्द्रीय चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश सहित पांचों राज्यों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए इस बार इन पांचों राज्यों की चुनाव मशीनरी को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिये हैं। मु य निर्वाचन अधिकारी सुशील चन्द्रा ने चुनाव मशीनरी को सातों चरणों में औसतन 70 से 80 प्रतिशत मतदान करवाने के लिए प्रयास करने को कहा है। अभी तक औसतन 60 फीसदी वोटिंग होती रही है। चरण में सबसे कम अलीगढ़ की इगलास सीट से पांच प्रत्याशी हैं। मुज फ्फरनगर व मथुरा सीट से सर्वाधिक 15-15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन सीटों के लिए शुरुआत में 810 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। 152 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच में ही निरस्त हो गए थे व 35 प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया था। प्रथम चरण में कैराना, थानाभवन, शामली, बुढ़ाना, चरथावल, पुरकाजी, मुज फ्फरनगर, खतौली, मीरापुर, सिवालखास, सरधना, हस्तिनापुर, किठौर, मेरठ कैंटोनमेंट, मेरठ, मेरठ दक्षिण, छपरौली, बड़ौत, बागपत, लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर, धौलाना, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, नोएडा, दादरी, जेवर, सिकंदराबाद, स्याना, अनूपशहर, डिबाई, शिकारपुर, खुर्जा, खैर, बरौली, अतरौली, छर्रा, कोल, अलीगढ़, इगलास, छाता, मांट, गोवर्धन, मथुरा, बलदेव, एत्मादपुर, आगरा कैंटोनमेंट, आगरा दक्षिण, आगरा उत्तर, आगरा ग्रामीण, फतेहपुर सीकरी, खैरागढ़, फतेहाबाद, बाह सीटें हैं।

## भाजपा का घोषणा पत्र...

आज यूपी दंगा मुक्त है। यूपी में आज कर्फ्यू नहीं कावड़ यात्राएं निकलती हैं। पर्व और त्योहार उल्लास के साथ होते हैं। आज बेटियां सुरक्षित स्कूल जाती हैं। पूरी प्रतिबद्धता से डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में हर मोर्चे पर काम किया है। चेहरा, जाति, धर्म देखकर नहीं बल्कि पात्रता के आधार पर हर किसी को योजनाओं का लाभ मिला है। 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ का ऋण माफ हुआ। 22 लाख हेक्टेयर सिंचन की क्षमता बढ़ी। भाजपा सरकार में 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिली। 1.59 लाख करोड़ रुपये का भुगतान गन्ना किसानों को किया गया। 60 लाख उद्यमियों को लोन उपलब्ध कराया गया। यूपी की बेरोजगारी दर 18 से घट कर मात्र 3 फीसदी गच गई है। भाजपा के लोक कल्याण संकल्प पत्र में 60 वर्ष की महिलाओं को मुफ्त परिवहन सुविधा, उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को होली दीपावली पर मुफ्त 2 सिलेंडर, दो करोड़ टैबलेट अथवा स्मार्ट फोन वितरण की घोषणा भी की गई है।

**सिंचाई के लिए किसानों को दी जाएगी मुफ्त बिजली:** भाजपा ने 2017 में किसानों की कर्ज माफी से जो सिलसिला शुरू किया था, वह अगले पांच साल तक जारी रहेगा। 25000 करोड़ की लागत से सरदार वल्लभ भाई पटेल एग्री-इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन बनाकर प्रदेश भर में छंटाई एवं ग्रेडिंग यूनिट, कोल्ड चेन चेम्बर्स, गोदाम, प्रोसेसिंग सेंटर आदि का निर्माण किया जाएगा। अगले पांच सालों में 5000 करोड़ की लागत के साथ मुख्यमंत्री कृषि सिंचाई योजना शुरू किया जाएगा। साथ ही सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दी जाएगी। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत किसानों को सोलर पंप देना जारी रहेगा। वहीं 5000 करोड़ की लागत से गन्ना मिल नवीनीकरण मिशन के अंतर्गत चीनी मिलों का आधुनिकीकरण करेंगे। साथ ही नई सहकारी चीनी मिलें स्थापित करेंगे। गन्ना किसानों को 14 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। किसानों को आलू टमाटर एवं प्याज जैसी सभी फसलों का न्यूनतम मूल्य सुनिश्चित करने के लिए 1,000 करोड़ का भामाशाह भाव स्थिरता कोष बनाया जाएगा। 1000 करोड़ की लागत से नन्द बाबा दुग्ध मिशन के तहत दुग्ध उत्पादन में प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाया जाएगा।

**मेधावी स्नातक छात्राओं को बीजेपी देगी मुफ्त स्कूटी:** यूपी में पिछले पांच साल से नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के स्वर को बुलंद करने वाली बीजेपी ने मंगलवार को प्रदेश की महिलाओं और बेटियों के उत्थान के लिए संकल्प पत्र में बड़ी घोषणाएं की हैं। बीजेपी ने प्रदेश की मेधावी स्नातक छात्राओं को रानी लक्ष्मी बाई योजना के तहत मुफ्त स्कूटी देने की घोषणा की है। अपने लोक कल्याण पत्र में बीजेपी ने 60 साल से अधिक की उम्र की महिलाओं के लिए मुफ्त परिवहन सुविधा, उज्जवला योजना के लाभार्थियों को होली और दीपावली में 2 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने की घोषणा की है। पत्र में महिलाओं और बेटियों के लिए लागू स्वर्णिम योजनाओं की राशि को बढ़ाने की घोषणा भी की गई है जिसके तहत मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत दी जाने वाली 15 हजार की राशि को बढ़ाकर 25 हजार, विधवा एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना की राशि को 1500 रुपये प्रति माह करने की घोषणा की गई है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गरीब परिवार की बेटियों के विवाह के लिए 1 लाख रुपये की आर्थिक मदद, एक करोड़ महिलाओं को एक लाख रुपय तक का न्यूनतम दर पर लोन देने की घोषणा की गई है।

**हायर एजुकेशन रेनोवेशन मिशन शुरू किया जाएगा:** भाजपा ने माध्यमिक शिक्षा की तस्वीर अगले पांच साल में बदलने का संकल्प लिया है। माध्यमिक स्कूल भी प्राथमिक स्कूलों की तरह चमचमाएंगे। इन स्कूलों को स्वच्छता सुविधा और सुरक्षा की कसौटी पर कसा जाएगा। इसके लिए माध्यमिक विद्यालय नवीनीकरण मिशन की शुरुआत की जाएगी जिसके तहत प्रदेश के 30000 माध्यमिक विद्यालयों के बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके तहत ऑडियो-वीडियो प्रोजेक्टर के साथ स्मार्ट क्लास रूम और पुस्तकालय का निर्माण होगा। कंप्यूटर लैब, साइंस लैब और आर्ट रूम के निर्माण के साथ वाई-फाई की भी व्यवस्था की जाएगी। हर मण्डल में कम से कम एक विवि हो। अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप सिंह विवि, आजमगढ़ में विवि, महाराजा सुहेलदेव, सहारनपुर में मां शाकुम्भरी देवी विवि, लखनऊ में यूपी इंस्टीट्यूट ऑफ पुलिस एंड फॉरेंसिक साइंस, अयोध्या में आयुर्वेद के लिए आयुष शैक्षणिक संस्थान, गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरक्षनाथ आयुष विवि, प्रयागराज में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेशनल लॉ विवि और मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स विवि का निर्माण पूरा होगा। हायर एजुकेशन के लिए रेनोवेशन मिशन शुरू किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रदेश के कॉलेजों आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक समेत के बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण किया जाएगा।

**अगले पांच साल में 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य:** भाजपा सरकार ने बीते पांच वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में बेहतर क़ानून-व्यवस्था के जरिए सुशासन का जो मॉडल तैयार किया है उसे सुरक्षित और संरक्षित रखते हुए अगले पांच साल में इस पर वैश्विक स्तर का बुनियादी ढांचा तैयार करने का संकल्प लिया गया है। बदले माहौल और बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के जरिए अगले पांच सालों में प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश लाने का लक्ष्य है।

**गुंडे-अपराधियों के खिलाफ जारी रहेगी कठोरतम कार्रवाई:** संकल्प पत्र में कहा गया है कि गुंडे, अपराधी और माफिया के खिलाफ कार्यवाही दृढ़ता से आगे भी जारी रहेगी। आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए देवबंद में एंटी-टेररिस्ट कमांडो सेंटर का निर्माण पूर्ण करने के साथ ही मेरठ, रामपुर, आजमगढ़, कानपुर एवं बहराइच में इसी तरह एंटी-टेररिस्ट कमांडो सेंटरों का निर्माण शुरू कराया जाएगा। लॉ एंड ऑर्डर बेहतर बना रहे इसके लिए पुलिस महकमे पर भी खासा ध्यान दिया जाएगा। भाजपा ने प्रदेश के सभी 18 मण्डलों में एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन यूनिट स्थापित करने, मेरठ में कोतवाल धन सिंह गुर्जर अत्याधुनिक पुलिस ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करने, प्रदेश के प्रत्येक पुलिस स्टेशन में एक साइबर हेल्प डेस्क सीएचडी स्थापित करने, सभी पुलिस कर्मियों के लिए बैरक की व्यवस्था उपलब्ध कराने, पुलिस विभाग के कर्मियों को आवास की सुविधा प्रदान करने के लिए भवनों का निर्माण, मरम्मत आदि का कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का संकल्प लिया है।

**लव जिहाद पर दस साल की सजा, एक लाख जुर्माना:** सुशासन के संकल्प को ही पूरा करते रहने के लिए उपलब्ध प्रदेश के सभी नागरिकों को 339 सरकारी सेवाओं को और विस्तारित करने का विश्वास प्रदेश की जनता को दिलाया गया है। तहसील स्तर पर तहसील दिवस के दौरान जनता दरबार का आयोजन भी जारी रहेगा। लव जिहाद के खिलाफपार्टी ने एक बार फिर आवाज बुलंद की है। भाजपा ने लव जिहाद करने पर कम से कम 10 वर्षों की सजा और एक लाख रुपये लाख के जुर्माने का प्रबंध सुनिश्चित करने संकल्प लिया है।

**दोगुने होंगे रोजगार स्वरोजगार के अवसर:** इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए अटल इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन शुरू करके सभी मौजूदा औद्योगिक क्षेत्रों एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर का नवीनीकरण किया जाएगा। यह सभी जानते हैं कि पिछले पांच वर्षों में भाजपा सरकार ने एक जनपद एक उत्पाद योजना शुरू करके हर जिले के एक उत्पाद को पहचान दिलाते हुए ब्रांड यूपी को ग्लोबल बनाकर 25 लाख रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। इसी क्रम में अगले पांच वर्षों में निर्यात एवं रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसरों को दोगुना करने का वादा किया गया है।

**कानपुर में मेगा लेदर पार्क, सूबे को बनाएंगे:** सुदृढ़ अर्थव्यवस्था में तीन इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करके चार लाख रोजगार अथवा स्वरोजगार कानपुर में मेगा लेदर पार्क स्थापित करके दो लाख रोजगार अथवा स्वरोजगार, अगले पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश को ग्लोबल टेक्सटाइल हब बनाकर पांच लाख रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के अलावा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए छह औद्योगिक पार्कों के निर्माण को पूरा कर लाखों युवाओं को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने का खाका भी भाजपा के संकल्प पत्र में खींचा गया है।

**गांव-गांव तक आधारभूत संरचना का विस्तार:** गांव गांव तक आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण व विस्तार एक बार फिर भाजपा की प्राथमिकता में है। इसे लेकर बाबूजी कल्याण सिंह ग्राम उन्नत योजना शुरू कर प्रदेश के सभी गाँवों का समग्र विकास करनेए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हर गाँव को मुख्य सड़क से जोड़ने, गाँवों में पक्के ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था बनाकर जल निकासी की समस्या को दूर करने, प्रत्येक ग्राम पंचायत में बस स्टॉप का निर्माण करने, गाँवों की सड़कों पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने, हर ग्राम पंचायत में शत-प्रतिशत इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने, 2024 तक जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश के हर घर को नल से स्वच्छ जल उपलब्ध कराने का भरोसा जनता को दिलाया गया है।

**छह शहरों में तेजी से आगे बढ़ेगी मेट्रो रेल परियोजना:** संकल्प पत्र में यूपीएसआरटीसी के अंतर्गत बसों का आधुनिकीकरण करेंगे एवं बस में पैनिक बटन की सुविधा सुनिश्चित करने, काशी, मेरठ, गोरखपुर, बरेली, झांसी और प्रयागराज मेट्रो परियोजनाओं पर काम तेजी से शुरू करने, एविएशन उद्योग में रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए जेवर को एक एविएशन इनोवेशन एवं रिसर्च सेंटर के साथ रखरखाव और ऑपरेशन हब के रूप में विकसित करने, अयोध्या इंटरनेशनल हवाई अड्डे का निर्माण पूर्ण करने, रेल मार्ग, जल मार्ग और हवाई अड्डे के निर्माण को डबल इंजन की सरकार द्वारा और गति देने, अगले पांच वर्षों में 25 विश्वस्तरीय प्रमुख बस डिपो का निर्माण अथवा आधुनिकीकरण करने, वाराणसी, मिर्जापुर और चित्रकूट में रोप-वे सेवा विकसित करने तथा 2000 नई बसों के माध्यम से सभी गाँवों में बस सुविधा सुनिश्चित करने का विश्वास दृढ़ता से दिलाया गया है।

## सपा का घोषणा पत्र...

में किसानों को 4 साल के भीतर 2025 तक कर्ज मुक्त बनाने और ऋण मुक्ति कानून बनाकर अत्यंत गरीब किसानों को लाभ पहुंचाने का वादा किया है। पार्टी ने सभी फसलों के लिए एमएसपी प्रदान करने और गन्ना किसानों को 15 दिन में भुगतान सुनिश्चित करने का वादा किया है। इसी तरह से किसानों के लिए सिंचाई मुफ्त, बिजली ब्याज मुक्त लोन, बीमा एवं पेंशन की व्यवस्था करने की घोषणा की है। समाजवादी पार्टी ने किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के परिवारों को 25 लाख की आर्थिक मदद करने और उनकी याद में स्मारक बनाने की घोषणा की है। पार्टी ने 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त करने का वादा किया। दो एकड़ से कम के किसानों को दो बोरी डीएपी और पांच बोरी यूरिया मुफ्त देने का वादा किया। घोषणा पत्र जारी करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि सभी बीपीएल परिवारों को प्रति वर्ष दो एलपीजी सिलेंडर मुफ्त में दिया जाएगा। दो पहिया वाहन मालिकों को प्रति माह एक लीटर पेट्रोल और ऑटो रिक्शा चालकों को प्रतिमाह तीन लीटर पेट्रोल, छह किलो सीएनजी मुफ्त प्रदान की जाएगी। उन्होंने आईटी के क्षेत्र में 22 लाख लोगों को रोजगार देने और मनरेगा की तर्ज पर अर्बन एंप्लॉयमेंट गारंटी एक्ट लाने की घोषणा की। नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण और पुलिस में महिलाओं के लिए अलग से विंग बनाने की घोषणा की।

## कश्मीर पर टिप्पणी के...

सियोल में नियुक्त भारतीय राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन भी हुंडई मुख्यालय अधिकारियों के संपर्क में हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हुंडई पाकिस्तान द्वारा अस्वीकार्य सोशल मीडिया पोस्ट पर भारत की कड़ी नाराजगी को सियोल में भारतीय राजदूत द्वारा अवगत कराया गया है। मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि इस बात पर प्रकाश डाला गया कि यह मामला भारत की क्षेत्रीय अखंडता से संबंधित है, जिस पर कोई समझौता नहीं हो सकता है। हमें उम्मीद थी कि कंपनी इन मुद्दों को ठीक से हल करने के लिए उचित कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि हमने तथाकथित कश्मीर एकजुटता दिवस पर हुंडई पाकिस्तान द्वारा बनाए गए एक सोशल मीडिया पोस्ट को देखा था। 6 फरवरी 2022 रविवार को इस सोशल मीडिया पोस्ट के तुरंत बाद, सियोल में हमारे राजदूत ने हुंडई मुख्यालय से संपर्क कर स्पष्टीकरण मांगा है। बाद में अपमानजनक पोस्ट को हटा दिया गया था। विदेश मंत्रालय ने सोमवार 7 फरवरी 2022 को कोरिया गणराज्य के राजदूत को तलब किया था।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 9 फरवरी 2022



# प्रतिबंधों की उपयोगिता और प्रभाव को लेकर अमेरिका और रूस के बीच तनातनी

भाषा। संयुक्त राष्ट्र





**संयुक्त राष्ट्र** प्रतिबंधों की उपयोगिता और उनके प्रभाव को लेकर अमेरिका एवं उसके सहयोगियों और रूस एवं चीन के बीच सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तनातनी हो गई। उत्तर कोरिया से लेकर यमन और कांगो तक तथा अलकायदा एवं इस्लामिक स्टेट आतंकवादी समूहों और उनसे संबद्ध संगठनों एवं उनके सहयोगियों के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र ने प्रतिबंध लगाए हैं। परिषद के अध्यक्ष रूस की मेजबानी में प्रतिबंध संबंधी सामान्य मामले: उनके मानवीय और अनपेक्षित परिणामों को रोकना विषय पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस आयोजित की गई, जिसमें रूस ने अमेरिका, यूरोपीय संघ और अन्य देशों एवं समूहों द्वारा लागू किए गए एकतरफा प्रतिबंधों की निंदा की। संयुक्त राष्ट्र की राजनीतिक प्रमुख रोजमेरी, डिकार्लो ने परिषद से कहा कि 14 संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध व्यवस्थाएं हैं: उदाहरणार्थ वे लीबिया, माली, दक्षिण सूडान और यमन में संघर्ष के समाधान को सहयोग देती हैं, गिनी बिसाऊ में उनका उद्देश्य सरकार के असंवैधानिक परिवर्तनों को रोकना है, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, कांगो और सोमालिया में वे प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन पर अंकुश लगाती हैं, उ.कोरिया में उनका मकसद हथियारों के प्रसार पर रोक लगाना है और वे इस्लामिक स्टेट और अलकायदा के आतंकवादी खतरों पर रोक लगाती हैं। डिकार्लो ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों में 1990 के दशक के बाद से कई बदलाव लाए गए हैं, ताकि इनके आम नागरिकों और तीसरे देशों पर न्यूनतम प्रतिकूल प्रभाव पड़े और सुरक्षा परिषद की अधिकतर प्रतिबंध व्यवस्थाओं में मानवीय छूट को शामिल किया गया है और यह छूट मुहैया कराई गई है। संयुक्त राष्ट्र में बैठक की अध्यक्षता कर रहे रूस के उपराजदूत पोलियांस्की ने कहा कि कई प्रतिबंध व्यवस्थाएं राष्ट्र निर्माण और आर्थिक विकास की योजनाओं में हस्तक्षेप करती हैं। सुरक्षा परिषद को उन्हें हटाने के लिए अधिक यथार्थवादी मापदंड तय करने चाहिए, ताकि उन्हें हटवाना कोई असंभव मिशन नहीं बन जाएं। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने कहा कि प्रतिबंध एक ऐसा कारगर तरीका है, जिसके कारण आतंकवादियों के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणालियों के जरिए धन एकत्र करना मुश्किल हो जाता है और उसने उत्तर कोरिया के परमाणु एवं मिसाइल कार्यक्रमों की कुछ क्षमताओं के विकास की गति को धीमा किया है। प्रतिबंधों ने उन लोगों के संसाधनों को भी बाधित किया, जो शांति प्रक्रियाओं को नुकसान पहुंचाते हैं, संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों को धमकाते हैं, अत्याचार करते हैं, और मानवीय सहायता में बाधा उत्पन्न करते हैं।

## इजराइली पुलिस प्रमुख ने पेगासस जांच को लेकर यूएई की यात्रा बीच में रोकी

**तेल अवीव (इजराइल)।** इजराइल के पुलिस आयुक्त ने मंगलवार को अपनी आधिकारिक विदेश यात्रा रोक दी और गैरकानूनी जासूसी की खबरों पर गहराते विवाद से निपटने के लिए स्वदेश लौट आए हैं। बढ़ते दबाव के चलते कोबी शाबताई मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात से लौटे। यह फैसला तब लिया गया है जब एक दिन पहले एक स्थानीय अखबार ने खबर दी कि पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बेटे तथा अन्य लोगों के फोन की गैरकानूनी तरीके से जासूसी की। इस खबर के बाद एक उच्च स्तरीय जांच शुरू करनी पड़ी। पुलिस ने एक बयान में कहा, हाल में प्रकाशित खबरों को देखते हुए और घटनाक्रम पर करीबी नजर रखने के लिए आयुक्त अपनी यात्रा बीच में रोकेंगे। इसमें बताया गया है कि शाबताई ने एक न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच का समर्थन किया है। इसमें कहा गया है, जनता से छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है।



यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की, बाएं और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन कीव में अपनी वार्ता से पहले एक-दूसरे को बधाई देते हैं

## न्यूयॉर्क में गांधी की प्रतिमा को विरूपित किए जाने की भारतीय-अमेरिकियों ने की निंदा

भाषा। वाशिंगटन

**भारतीय-अमेरिकी** समुदाय के नेताओं ने न्यूयॉर्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा को विरूपित किए जाने की सोमवार को निंदा की और कहा कि यह गांधी और मार्टिन लूथर किंग का अपमान है। न्यूयॉर्क के यूनियन स्क्वैयर में स्थित महात्मा गांधी की कांसे की आदमकद प्रतिमा को शनिवार को विरूपित किया गया था। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे घृणित करार दिया था। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने बताया था कि मैनहट्टन के समीप यूनियन स्क्वैयर में लगी महात्मा गांधी की आठ फुट की प्रतिमा को कुछ अज्ञात लोगों ने विरूपित कर दिया। वैदिक फ्रेंड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बालभद्र भट्टाचार्य दास (बेनी टिलमैन) ने कहा, हिंदू धर्म मानने वाले एक अफ्रीकी अमेरिकी के तौर पर, मुझे इस बात का बेहद दुख है कि किसी ने उस महात्मा गांधी का अनादर किया, जिन्होंने एमएलके (मार्टिन लूथर किंग) को अहिंसा का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### ओटावा में विरोध प्रदर्शनों को बढ़ावा न दे अमेरिका : कनाडा

**ओटावा।** कनाडा ने अमेरिका से ओटावा में कोविड-19 संबंधी पाबंदियो के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनो को बढ़ावा नही देने की अपील की है। कनाडा के जन सुरक्षा मंत्री ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी अधिकारियो को उनके घरेलू मामलो मे हस्तक्षेप करने से बचना चाहिए। दरअसल, अमेरिका की रिपब्लिकन पार्टी के कई शीर्ष नेता कोविड-19 संबंधी पाबंदियो के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनो का समर्थन कर रहे है। ओटावा में एक दिन पहले ही आपातकाल लागू किया गया था। ओटावा के मेयर ने लगभग 2,000 अतिरिक्त पुलिस अधिकारियो को तैनात किए जाने की मांग की है ताकि तथाकथित आजाद ट्रक काफिला निकाल कर किए जा रहे प्रदर्शनो को रोकने मे मदद मिल सके। प्रदर्शनो के कारण शहर पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है और इससे आर्थिक गतिविधियां भी बुरी तरह से प्रभावित हो रही हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के राजनेताओं ने कर्मचारियों से मांगी माफी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के राजनेताओ ने उन कर्मचारियो से माफी मांगी है, जिन्होने सदन और अन्य सरकारी कार्यालयों मे दशको तक प्रताड़ना और यौन उत्पीड़न सहा है। प्रतिनिधि सभा और सीनेट के पीठासीन अधिकारियो ने खराब कार्यस्थल व्यवहार स्वीकार करते हुए एक बयान मे सभी दलो की ओर से माफी मांगी। ऑस्ट्रेलियन सेक्स डिस्क्रिमिनेशन कमिश्नर केट जेनकिंस की जांच मे इसका पर्दाफाश हुआ था। सरकारी कर्मचारी ब्रिटनी हिगिंस ने सबसे पहले इस संबंध मे आरोप लगाए थे, जिसके बाद इस संबंध मे जांच शुरू की गई। प्रधान मंत्री स्कॉट मॉरिसन ने दिखाए गए साहस के लिए हिगिंस का शुक्रिया अदा किया। हिगिंस पिछले साल जनवरी मे अपनी सरकारी नौकरी छोड़ दी थी और पुलिस को इस संबंध मे शिकायत की थी।

### हिन्द महासागर के द्वीपसमूह पर मॉरीशस ने ठोका दावा

**बैंकॉक।** सामरिक रूप से महत्वपूर्ण हिन्द महासागर के चागोस द्वीपसमूह पर अपना दावा ठोकने के उद्देश्य से मॉरीशस का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को इस द्वीपसमूह के लिए रवाना हुआ। इस पर ब्रिटेन भी अपनी दावेदारी जताता है और वहां एक अमेरिकी सैन्य अड्डा भी मौजूद है। प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ ने एक बयान मे कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि जब मॉरीशस ने ब्रिटेन की अनुमति लिए बिना इन द्वीपो के लिए एक अभियान शुरू किया है। उन्होने आगे कहा कि चागोस द्वीपसमूह के मामले मे अपनी संप्रभुता और संप्रभु अधिकारो के इस्तेमाल के लिए यह ठोस कदम है।

### श्रीलंका ने आतंकवाद विरोधी कठोर कानून को प्रगतिशील कदम बताया

**कोलंबो।** श्रीलंका ने देश के आतंकवाद विरोधी कठोर कानून मे प्रस्तावित संशोधनो का बचाव करते हुए मंगलवार को उसे नागरिको के मौलिक अधिकारो की रक्षा और सुरक्षा की दिशा मे उठाया गया सबसे प्रगतिशील कदम बताया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान मे कहा कि आतंकवादी गतिविधियां निषेध कानून (पीटीए) मे संशोधन के लिए प्रस्तावित विधेयक वैधानिक कानून होगा जो लोगो को सुरक्षा प्रदान करेगा। सरकार की योजना इस संशोधन विधेयक को संसद मे पेश कर कानून का रूप देने की है।

### श्रीलंका ने 11 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने अपनी समुद्री सीमा के अंदर कथित तौर पर मछली पकड़ने को लेकर 11 भारतीय मछुआरो को गिरफ्तार कर लिया। साथ थी, मछली पकड़ने की तीन नौकाओ को भी जब्त कर लिया। एक आधिकारिक बयान मे मंगलवार को यह जानकारी दी गई। नोसैना ने बताया कि सोमवार को उत्तर मे डेल्फ्ट द्वीप के पास इन मछुआरो को गिरफ्तार किया गया। वे समुद्र की सतह पर जाल डाल कर मछलियां पकड़ रहे।

# रूस ने यूक्रेन पर हमला किया, तो गैस पाइपलाइन बाधित कर दी जाएगी: बाइडन

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज से सोमवार को मुलाकात की और आगाह किया कि यदि रूस ने यूक्रेन पर हमला किया तो अहम गैस पाइपलाइन नोर्ड स्ट्रीम 2 को बाधित कर दिया जाएगा। इस बीच, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि केवल अमेरिका और उसके सहयोगी ही हमले की बातें कर रहे हैं। पुतिन और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने मॉस्को में पांच से अधिक घंटों तक मुलाकात की। इसी दौरान बाइडन और शोल्ज ने यूक्रेन के संकट से निपटने के प्रयासों के तहत व्हाइट हाउस में वार्ता की। रूस ने यूक्रेन की सीमा पर हजारों सैन्य बलों को तैनात किया है और वह लगभग रोजाना अपनी सैन्य ताकत बढ़ा रहा है। बाइडन ने कहा, यदि रूस हमला करता है, यानी यदि टैंक और बल फिर से यूक्रेन की सीमा पार करते हैं, तो (रूस से जर्मनी के बीच) नोर्ड स्ट्रीम 2 नहीं रहेगी। हम इसे रोक देंगे। इससे न केवल रूस को आर्थिक नुकसान होगा, बल्कि जर्मनी की भी मुश्किलें बढ़ेंगी। पाइपलाइन का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन इसे अभी चालू नहीं किया गया है। बाइडन ने कहा, हम सभी तैयार हैं, पूरा नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) तैयार है। बाइडन ने दृढ़ता से दोहराया कि पाइपलाइन को बाधित किया जाएगा, जबकि शोल्ज ने संकट को कम करने के लिए रूस पर दबाव डालने की खातिर प्रतिबंधों को लेकर कुछ अस्पष्टता रखने की आवश्यकता पर बल दिया। शोल्ज ने कहा, रूस के लिए यह समझना आवश्यक है कि उसने जो सोचा है, उससे भी कहीं अधिक बुरा हो सकता है। इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि रूस के सैन्य खतरे के बीच आवश्यक राजनयिकों को छोड़कर अन्य अमेरिकियों के लिए यूक्रेन छोड़ देना समझदारी होगी। बाइडन ने व्हाइट हाउस में शोल्ज के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने यूक्रेन में कार्यरत अपने गैर जरूरी कर्मियों को वहां से लौटने के लिए अनुमति दे दी है और राजनयिकों के

### यूक्रेन छोड़ देना अमेरिकियों के लिए समझदारी होगी

**मॉस्को (अमेरिका)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को कहा कि रूस के सैन्य खतरे के बीच आवश्यक राजनयिको को छोड़कर अन्य अमेरिकियो के लिए यूक्रेन छोड़ देना समझदारी होगी। बाइडन ने व्हाइट हाउस मे जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज़ के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की। इससे पहले दोनो नेताओ ने यूक्रेन संबंधी संकट को लेकर वार्ता की थी। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने यूक्रेन मे कार्यरत अपने गैर जरूरी कर्मियो को वहां से लौटने के लिए अनुमति दे दी है और राजनयिको के परिवार के सभी सदस्यो से भी वहां से लौट आने की अपील की है। बाइडन ने सोमवार को कहा कि यदि रूस टैंक और बलो के साथ यूक्रेन के खिलाफ कार्रवाई करता है तो रूस से जर्मनी के बीच अहम प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नोर्ड स्ट्रीम 2 कायम नही रहेगी। यूक्रेन संबंधी गतिरोध को दूर करने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासो के तहत फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों वार्ता के लिए रूस मे है और नीतियो मे समन्वय के लिए जर्मनी के चांसलर शोल्ज़ वाशिंगटन मे है। यूक्रेन के पास लगभग एक लाख रूसी बलो की तैनाती ने पश्चिमी देशो की चिंताएं बढ़ा दी है, जो इसे संभावित आक्रमण की शुरुआत के तौर पर देख रहे है।

## ब्रिटिश पीएम ने इस्तीफे के दबाव के बीच मंत्रिमंडल में फेरबदल किया



भाषा। लंदन

**लॉकडाउन** के दौरान डाउनिंग स्ट्रीट में पार्टियां करने को लेकर इस्तीफा देने के दबाव से जूझ रहे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने मंगलवार को अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल किया और जैकब रीस-मॉग को ब्रेक्जिट अवसर और सरकारी दक्षता मंत्री नियुक्त किया। रीस-मॉग (52) अभी हाउस ऑफ कॉमन्स के नेता हैं। मौजूदा मुख्य सचेतक मार्क स्पेंसर हाउस ऑफ कॉमन्स के नेता के तौर पर रीस-मॉग का स्थान लेंगे। साल 2016 के जनमत संग्रह के दौरान यूरोपीय संघ से अलग होने के समर्थक रहे रीस-मॉग अब मंत्रिमंडल के पूर्ण सदस्य होंगे। क्रिस हीटन-हैरिस नए मुख्य सचेतक बन गए हैं। पूर्व उप मुख्य सचेतक स्टुअर्ट एंड्रयू आवास मामलों के मंत्री होंगे। मंत्रिमंडल में यह फेरबदल स्टीफन बार्कले के प्रधानमंत्री के चीफ ऑफ स्टाफ के तौर पर नियुक्त होने के बाद हुआ है। साथ ही यह ऐसे समय में हुआ है जब जॉनसन (57) पार्टीगेट विवाद के बाद अपने प्रशासन को नया रूप देने की कवायद में हैं। उन पर विपक्ष तथा कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद इस्तीफा देने का दबाव बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने पहले ही 10 डाउनिंग स्ट्रीट के अपने कई सलाहकारों और अन्य कर्मियों को बदल दिया है।

### प्रदर्शनकारियों के लेबर नेता स्टार्मर को परेशान करने के बाद जॉनसन की आलोचना

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने मंगलवार को अपने उस दावे को वापस लेने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि एक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी ने कानून के दायरे में आने से बचने में यौन शोषण के एक आरोपी की मदद की थी। इस दावे को लेकर विपक्ष ने प्रधानमंत्री पर ट्रंप-शैली की खतरनाक राजनीति करने का आरोप लगाया है। विपक्षी लेबर पार्टी के नेता केर स्टार्मर को सोमवार को कोरोनोवायरस की रोकथाम से जुड़े प्रतिबंधों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों ने संसद के बाहर घेर लिया था। वे स्टार्मर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें यौन शोषण के आरोपी का रक्षक बता रहे थे। पिछले हफ्ते जॉनसन ने जब स्टार्मर पर यौन शोषण के एक आरोपी को बचाने का आरोप लगाया था, तब उन्होंने लेबर नेता को यौन शोषण के आरोपी का रक्षक कहकर संबोधित किया था।

### एवरेस्ट पर स्थित दो हजार साल पुराना ग्लेशियर इस सदी के मध्य तक गायब हो सकता है: अध्ययन

**काठमांडू।** नेपाल में अनुसंधानकर्ताओं ने मंगलवार को चेतावनी दी कि माउंट एवरेस्ट पर स्थित सबसे बड़ा ग्लेशियर इस शताब्दी के मध्य तक गायब हो सकता है क्योंकि विश्व की सबसे ऊंची पर्वतीय चोटी पर स्थित दो हजार साल पुराना हिमखंड तेजी से पिघल रहा है। यहां स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) ने हाल में प्रकाशित एक शोधपत्र के हवाले से कहा कि एवरेस्ट पर 1990 के दशक से लगातार बड़ी मात्रा में बर्फ पिघल रही है। आईसीआईएमओडी ने कहा कि एवरेस्ट पर किए गए सबसे व्यापक वैज्ञानिक अध्ययन द एवरेस्ट एक्सपेडिशन के तहत ग्लेशियरों पर गहन अनुसंधान किया। नेचर पोर्टफोलियो में हाल में प्रकाशित एक आलेख में कहा गया कि एवरेस्ट पर बर्फ बेहद तेजी से पिघल रही है। इस अनुसंधान में आठ देशों से वैज्ञानिकों ने भाग लिया जिसमें से 17 नेपाल के हैं। अध्ययन में शामिल तीन सह लेखक आईसीआईएमओडी से सम्बद्ध हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि ऐसा अनुमान लगाया गया है कि 8,020 मीटर की उंचाई पर स्थित साउथ कोल ग्लेशियर लगभग दो मीटर प्रति वर्ष की दर से पिघल रहा है। अनुसंधानकर्ताओं ने रेडियो कार्बन डेटिंग के माध्यम से पता लगाया है कि ग्लेशियर दो हजार साल पुराना है। उन्होंने अंदेशा जताया है कि सबसे ज्यादा उंचाई पर स्थित यह ग्लेशियर इस सदी के मध्य तक पिघल जाएगा।

### अमेरिका और ताइवान के बीच मिसाइल समझौते को बाइडन प्रशासन ने दी मंजूरी

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका और ताइवान के बीच 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर के मिसाइल समझौते को राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने मंजूरी दे दी है। इस मिसाइल समझौते का उद्देश्य चीन के बढ़ते दबाव के मद्देनजर ताइवान की मिसाइल रक्षा प्रणाली को मजबूत करना है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर इस मिसाइल समझौते को मंजूरी मिलने की जानकारी दी। चीन की राजधानी बीजिंग में इस समय शीतकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है और इसके परिणामस्वरूप देश में राष्ट्रवाद की भावना चरम पर है।

**PUBLIC NOTICE**

